वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

सोमवार, 18 अगस्त, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 222, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

10 कंपनियों की पूंजी 60,675.94 करोड़ बढ़ी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 60,675.94 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। } 14

शाह ने कठुआ में बादल फटने की घटना पर उपराज्यपाल व मुख्यमंत्री से बात की

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कठुआ में बादल फटने की घटना पर जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से बात की। } 14

पीएम मोदी ने 11,000 करोड़ की लागत वाले दो राजमार्गों का उद्घाटन किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में यातायात की भीड़ कम करने के उद्देश्य से लगभग 11,000 करोड़ रुपये की लागत से बने द्वारका एक्सप्रेसवे के दिल्ली खंड और शहरी विस्तार मार्ग-दो (यूईआर-दो) का उद्घाटन किया।

ये दोनों मार्ग राष्ट्रीय राजधानी में यातायात की भीड़ कम करने की सरकार की व्यापक योजना के तहत बनाए गए हैं। इनका उद्देश्य दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में कनेक्टिविटी में सुधार, यात्रा समय में कटौती और यातायात के दबाव को कम करना है। इन मार्गों के पूरी तरह से चालू होने पर सोनीपत, रोहतक, बहादुरगढ़ और गुरुग्राम से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक यात्रा के समय में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है। मोदी ने उद्घाटन करने के बाद कहा कि द्वारका एक्सप्रेसवे और यूईआर-दो से दिल्ली-एनसीआर के लोगों को लाभ होगा... सरकार दिल्ली के लोगों की सभी परेशानियों को दूर करने का प्रयास कर रही है। द्वारका एक्सप्रेसवे और शहरी विस्तार मार्ग का निर्माण असाधारण रूप से अच्छा हुआ है। पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के विकास के बाद, शहरी विस्तार मार्ग अब दिल्ली को महत्वपूर्ण लाभ पहुंचाने के लिए तैयार है। ...शेष पृष्ठ 14 पर

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर योगी ने दी 646 करोड़ की सौगात

श्रीकृष्ण की निष्काम कर्म की प्रेरणा ही हमारी ताकत, कोई हमारा बाल भी बांका नहीं कर सकता : सीएम

जिला संवाददाता

लखनऊ/मथुरा। भगवान श्रीकृष्ण के 5252वें जन्मोत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा के डैम्पियर नगर स्थित पांचजन्य सभागार में आयोजित पूज्य साधु-संतों के सम्मान समारोह में हिस्सा लिया।

इस अवसर पर उन्होंने मथुरा-वृंदावन को करीब 646 करोड़ रुपये की लागत वाली 118 विकास परियोजनाओं की सौगात दी और बृजक्षेत्र के समग्र विकास के लिए 30 हजार करोड़ रुपये की नई कार्ययोजना की घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कान्हा और राधारानी के वेश में आए छह बच्चों को अपनी गोद में लिया और उन्हें दुलार किया। सीएम ने बच्चों को अपने हाथों से खीर भी खिलाई, साथ ही उनका अन्नप्राशन संस्कार भी ...शेष पृष्ठ 14 पर

कठुआ में बादल फटा, सात की मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में रविवार तड़के बादल फटने और भूस्खलन की दो अलग-अलग घटनाओं में पांच बच्चों समेत चार परिवारों के सात सदस्यों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिले में रात भर हुई भारी बारिश के बीच राजबाग के जोध घाटी गांव और और जंगलोट में यह आपदा आई जिससे जलाशयों का जलस्तर बढ़ गया और कई निचले इलाकों में जलभराव हो गया है। कठुआ में बादल फटने की घटना जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के चिशोती गांव में 14 अगस्त को बादल फटने से आई अचानक बाढ़ के तीन दिन बाद हुई है। चिशोती में आई आपदा में 60 लोगों की जान चली गई थी और 100 से अधिक घायल हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि बादल फटने से प्रभावित जोध घाटी में एक व्यक्ति और उसके दो नाबालिग बेटों समेत पांच लोगों की मौत हो गई और गांव तक पहुंचने का रास्ता बंद हो गया व कई कच्चे घरों को नुकसान पहुंचा। वहीं, जंगलोट के बागरा गांव में बारिश के कारण हुए भूस्खलन में मां-बेटी की भी मौत हो गई।

शपथपत्र दे या देश से मांफी मांगें राहुल

हम वोट चोरी के निराधार आरोपों से नहीं डरते: सीईसी

एजेंसी

नयी दिल्ली। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का उद्देश्य मतदाता सूचियों में सभी त्रुटियों को दूर करना है और यह गंभीर चिंता का विषय है कि कुछ दल इसके बारे में गलत सूचना फैला रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कुछ दल आयोग के कंधे पर रखकर बंदूक चला रहे हैं। निर्वाचन आयोग का यह बयान ऐसे समय आया है, जब कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य दलों ने कथित वोट-चोरी के खिलाफ चुनावी राज्य बिहार में वोटर अधिकार यात्रा शुरू की। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मतदाता सूची में अनियमितताओं के अपने आरोपों पर सात दिन के भीतर शपथपत्र देना चाहिए, अन्यथा उनके वोट चोरी के दावे निराधार और अमान्य माने जाएंगे, उन्होंने राहुल गांधी को चेतावनी दी कि हलफनामा दें या देश से माफी मांगें? तीसरा कोई रास्ता नहीं है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता नहीं है और शिकायत दर्ज कराना चाहता है तो वह केवल शपथ लेकर गवाह के रूप में ही ऐसा कर सकता है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दोहरे मतदान और वोट चोरी के आरोपों को निराधार करार दिया तथा कहा कि सभी हितधारक पारदर्शी तरीके से एसआईआर को सफल बनाने के लिए काम कर रहे हैं। विपक्ष द्वारा बिहार में एसआईआर के समय पर सवाल उठाए जाने पर कुमार ने कहा कि यह एक मिथक है कि एसआईआर जल्दबाजी में किया गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रत्येक चुनाव से पहले मतदाता सूची को सही करना निर्वाचन आयोग का कानूनी कर्तव्य है। उन्होंने कहा, यह गंभीर चिंता का विषय है कि कुछ दल और उनके नेता बिहार में एसआईआर के बारे में गलत सूचना फैला रहे हैं। निर्वाचन आयोग सभी राजनीतिक दलों से बिहार में मसौदा मतदाता सूची पर दावे और आपत्तियां दर्ज करने का आग्रह करता है... अभी 15 दिन बाकी हैं। कुमार ने कहा, निर्वाचन आयोग के दरवाजे सभी के लिए खुले हैं तथा बूथ स्तर के अधिकारी और एजेंट पारदर्शी तरीके से मिलकर काम कर रहे हैं। कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग राजनीतिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

निर्वाचन आयोग ने सारी हदें पार कर दी : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को निर्वाचन आयोग पर पलटवार करते हुए उस पर बेशर्मी की सारी हदें पार करने का आरोप लगाया। पार्टी ने कहा कि आयोग से शुचिता की उम्मीद की जाती है। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने कहा कि अगर निर्वाचन आयोग मतदाता सूची की जांच का स्वागत करता है, तो मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों को यह स्पष्ट करना चाहिए कि वे अब भी पार्टियों को मशीन-पठनीय मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने से क्यों इनकार कर रहे हैं। वेणुगोपाल ने एक्स पर लिखा, निर्वाचन आयोग ने वोट चोरी और बड़े पैमाने पर धांधली के गंभीर आरोपों के बावजूद अपनी सभी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़कर बेशर्मी की सारी हदें पार कर दी हैं। संवैधानिक अधिकारियों से शुचिता की प्रतिमूर्ति होने की उम्मीद की जाती है-न कि लोकतंत्र को नष्ट करने के अपने अपराध को छिपाने के लिए अस्पष्ट रूप से तैयार किए गए प्रेस नोटों के पीछे छिपने की।

राधाकृष्णन एनडीए के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार

एजेंसी

नयी दिल्ली। भाजपा संसदीय बोर्ड ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में रविवार को नामित किया।

भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने यह घोषणा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में व्यापक विचार-विमर्श के बाद राधाकृष्णन के नाम पर फैसला किया गया। नड्डा ने उम्मीद जताई कि विपक्षी दल राजग उम्मीदवार का समर्थन करेंगे। पिछले महीने जगदीप धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव नौ सितंबर को होगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 22 अगस्त है। एनडीए संसदीय दल की बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि हमारे एनडीए साथियों के साथ भी गहन रूप से चर्चा हुई। इसके बाद आज मुझे बताते हुए ये खुशी हो रही है और आपको ये खुशखबरी देना चाहते हैं कि संसदीय ...शेष पृष्ठ 14 पर

विकसित भारत के लक्ष्य में अग्रणी भूमिका निभा रहा उत्तराखंड : धामी

एजेंसी

देहरादून। उत्तराखंड हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है और विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, टेलीमेडिसिन, पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति और अस्पतालों के आधुनिकीकरण से राज्य की चिकित्सा व्यवस्था मजबूत हो रही है। यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन में 220 नए चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रत्येक जनपद में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का प्रयास जारी है, ताकि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाए स्थानीय स्तर पर ही मिल सकें। मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कवि गुमानी पंत की पंक्तियों प्रथम देह को जतन कर लो, फिर साधना होगी का उल्लेख करते हुए चिकित्सकों को ज्ञान, कौशल और सेवाभाव के साथ लोगों की सेवा करने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर केवल चिकित्सक नहीं बल्कि देवभूमि के आरोग्य प्रहरी हैं, जिन्हें सस्ती और जनसुलभ चिकित्सा व्यवस्था को नई ऊँचाइयों तक ले जाना है। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि प्रदेश में अब तक 11 लाख से अधिक मरीजों को कैशलेस इलाज का लाभ मिल चुका है। श्रीनगर में ...शेष पृष्ठ 14 पर

भारत लौटने पर शुभांशु का स्वागत, पीएम मोदी से मिलेंगे

नयी दिल्ली। अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला का अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की अपनी ऐतिहासिक यात्रा के बाद रविवार तड़के भारत लौटने पर जोरदार स्वागत किया गया। यहां हवाई अड्डे पर बड़ी संख्या में लोगों ने तिरंगा लहराते हुए और ढोल बजाते हुए शुक्ला का भव्य स्वागत किया।

शुक्ला का हवाई अड्डे पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने स्वागत किया। शुक्ला ने सिंह द्वारा हवाई अड्डे पर स्वागत करने के बाद पोस्ट किए गए एक संदेश के जवाब में एक्स पर लिखा, धन्यवाद महोदय। घर वापस आकर निश्चित रूप से अच्छा लग रहा है। शुक्ला की पत्नी कामना और बेटा कियाश भी अंतरिक्ष उड़ान के लिए अमेरिका में लगभग एक वर्ष तक प्रशिक्षण लेने के बाद उनके घर लौटने पर स्वागत करने के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद थे।

हर्षोल्लास से मनाया गया 79 वां स्वतंत्रता दिवस

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश में 79वां स्वतंत्रता दिवस अत्यंत उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। राजधानी में भी सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों, विभिन्न शैक्षिक व निजी संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया। स्थानीय समितियों, बाजारों तथा मोहल्लों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह, हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने झंडा फहराने के साथ एक-दूसरे को मिठाइयां बांट कर बधाई दी। शहरवासियों ने आजादी के इस जश्न को धूमधाम के साथ मनाया। 15 अगस्त के दिन लोगों ने अपनी संस्था, सोसाइटी, स्कूल, कॉलेज और कॉलोनी में तिरंगे झंडे के साथ खड़े होकर राष्ट्रगान गाया। वहीं, बीबीडीयू, बीबीडी विराज टॉवर, 8 विक्रमादित्य मार्ग स्थित कोठी, डॉ. अखिलेश दास गुप्ता स्कूल में भी 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ...शेष पृष्ठ 14 पर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सभी जनपदवासियों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
अन्जना वर्मा

प्रधानाचार्या
राजकीय बालिका इण्टर कालेज
तालबेहट-ललितपुर

आप सभी जनपदवासियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
राजेन्द्र कुमार गुप्ता
प्रधानाचार्य
सी0बी0 गुप्ता इण्टर कालेज महरौनी-ललितपुर

आप सभी जनपदवासियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं

रणवीर सिंह
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जनपद-ललितपुर

आप सभी जनपदवासियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं

आलोक प्रकाश सिंह
प्रधानाचार्य
राजकीय हाईस्कूल निवाई-ललितपुर

सभी जनपदवासियों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं

वेदप्रकाश सिंह
प्रभारी प्रधानाचार्य
शान्ति निकेतन इण्टर कालेज महरौनी-ललितपुर

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
डा. अमित तिवारी

उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी
ललितपुर

आप सभी जनपदवासियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं

किशन लाल चौधरी
प्रधानाचार्य
जिला परिषद इण्टर कालेज पाली
जनपद ललितपुर

आप सभी जनपदवासियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
शीलम गुप्ता
प्रधानाचार्या
राजकीय बालिका इण्टर कालेज महरौनी

आप सभी जनपदवासियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेन्द्र कुमार

प्रधानाचार्य (पी.ई.एस.)
राजकीय इण्टर कालेज-ललितपुर

आप सभी जनपदवासियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
अजब सिंह

प्रधानाचार्य
श्री वर्णी जैन इण्टर कालेज
ललितपुर

आप सभी ग्रामवासियों-जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

इंदर सिंह — प्रधानप्रतिनिधि
धनुषरानी — ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अण्डेला-ब्लाक बिरधा

आप सभी जनपदवासियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं

डी.एस. विवेक
डायरेक्टर
सेन्ट्रल पब्लिक सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल,
राजपूत कालोनी, आजादपुरा-ललितपुर

सभी जनपदवासियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
ओ.पी. सिंह

जिला विद्यालय निरीक्षक
जनपद ललितपुर

आप सभी जनपदवासियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं

डा. मनोज कुमार
प्रधानाचार्य
राजकीय इण्टर कालेज
जखौरा-ललितपुर

आप सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं

मुबीन अली
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत टेटा
विकासखण्ड तालबेहट

लोकतंत्र के महापर्व स्वतंत्रता दिवस की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
अजय कुमार सक्सेना

प्रधानाचार्य
पी.एन. इण्टर कालेज
ललितपुर

आप सभी जनपदवासियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रामप्रकाश अनन्त — प्रधानाचार्य
मनोज कुमार भट्ट — प्रबंधक
मर्दन सिंह इण्टर कालेज तालबेहट-ललितपुर

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं

इंजी0 वीरभद्र सत्यार्थी
अधिशाषी अभियंता
विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम
ललितपुर

आप सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं

अमन संतोष
जिलाध्यक्ष
बहुजन समाज पार्टी,
जनपद-ललितपुर

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
डा. इम्तियाज अहमद
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
जनपद-ललितपुर

(तम्बाकू/सिगरेट का सेवन न करें, परिवार नियोजन के साधनों का प्रयोग करें, बच्चों का टीकाकरण समय से करायें)

आप सभी जनपदवासियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
यादवेन्द्र सिंह — प्रबन्धक
के.के. सोनी — प्रधानाचार्य
एवं समस्त स्टाफ
ठाकुर रघुवीर सिंह इण्टर कालेज
सजनाम तिराहा, महरौनी रोड, ललितपुर

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएँ
महेश राय

ग्राम प्रधान
रजवारा-ललितपुर

स्वतंत्रता दिवस की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
डा0 मयंक कुमार शुक्ला
प्रधानाचार्य

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय-
जनपद ललितपुर

सभी जनपदवासियों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं

इंजी0 विजय चंद्र
अधिशाषी अभियंता
लोक निर्माण विभाग
(प्रांतीय खण्ड) ललितपुर

सभी जनपदवासियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
हुपेन्द्र शर्मा
प्रधानाचार्य
जवाहर नवोदय विद्यालय
दैलवारा
ललितपुर

बीबीडी भारत जानो क्विज 2025 में आजादी के जज्बे का उत्सव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर बीबीडी यूनिवर्सिटी में बीबीडी भारत जानो क्विज 2025 का आयोजन 14 अगस्त को किया गया। यह प्रतियोगिता भारत की समृद्ध विरासत, संस्कृति और इतिहास पर आधारित थी, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में देश के प्रति जागरूकता और गर्व की भावना को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम में सुश्री सोनाक्षी दास गुप्ता उपाध्यक्ष बीबीडी यूनिवर्सिटी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। यह आयोजन प्रो. (डॉ.) एस. एम. के. रिजवी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर के मार्गदर्शन में तथा आयोजन समिति के सदस्यों डॉ. ज्योति शुक्ला (स्कूल ऑफ मैनेजमेंट), डॉ. योगिता यादव (स्कूल ऑफ मैनेजमेंट) और डॉ. त्रिशला सिंह (स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज) के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का समापन ट्रॉफी और प्रमाण पत्र वितरण समारोह के साथ हुआ। सैयद गुफरान हुसैन और कुनाल सिंह (बीबीडीआईटीएम) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि राज त्रिपाठी और अश्विनी द्विवेदी (स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, बीबीडी यूनिवर्सिटी) उपविजेता रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुश्री सोनाक्षी दास गुप्ता ने प्रतिभागियों के उत्साह और ज्ञान की सराहना की तथा प्रो. रिजवी ने युवाओं में देश के इतिहास और मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में ऐसे आयोजनों के महत्व पर बल दिया। बीबीडी भारत जानो क्विज 2025, बीबीडी यूनिवर्सिटी की देशभक्त, जागरूक और जिम्मेदार नागरिकों के निर्माण की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

भारत का आत्मविश्वास ही हमारी सबसे बड़ी ताकत : डॉ. राजेश्वर सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरोजिनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में भव्य 25 किमी लंबी बाइक रैली निकाली गई। बंथरा से शुरू हुई इस यात्रा में हजारों युवाओं ने तिरंगा लहराते हुए बारिश की परवाह किए बिना देशभक्ति का अद्भुत उत्साह दिखाया।

- **सरोजनीनगर बाइक रैली: तिरंगामय हुआ सरोजनीनगर**
- **हजारों युवाओं ने विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में 25 किमी लंबी बाइक रैली**

डॉ. सिंह स्वयं बुलेट पर सवार होकर युवाओं को प्रेरित करते रहे। रैली ट्रांसपोर्ट नगर, तेलीबाग, बंगला बाजार होते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर ऑडिटोरियम, कानपुर रोड, एलडीए कॉलोनी पहुँची।

डॉ. सिंह ने कहा, युवाओं के नए विचार भारत को नई ऊँचाइयों पर ले जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हम युवाओं को हर स्तर पर सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं ॥ उन्होंने याद दिलाया, ॥पिछले हजार वर्षों में भारत पर 200 से अधिक आक्रमण हुए। जब-जब हम कमजोर हुए, हमने भारी कीमत चुकाई। आज भारत आत्मविश्वास के साथ जाग उठा है। खतरों के खिलाफः पड़ोसी देशों में पनप रही भारत-विरोधी, संस्कृति-विरोधी और महिला-विरोधी विचारधाराएं। जिन्हें वोट बैंक राजनीति के लिए विपक्षी दलों से समर्थन मिल रहा है। भारत से तुरंत समाप्त होनी चाहिए। युवाओं को इन भारत-विरोधी संस्कृति वाली विचारधाराओं के खिलाफ जागरूक और सक्रिय रहना होगा।

उभरता भारतः स्टार्ट-अप इंडिया, डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया के कारण भारत आज विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इकोसिस्टम बना है। हमारा लक्ष्य भारत को पुनः विश्व की सर्वोच्च शक्ति बनाना है।

तिरंगे को भारत के गौरवशाली अतीत, वर्तमान की प्रतिबद्धता और भविष्य की आकांक्षाओं का प्रतीक॥ बताते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि आवश्यक हुआ तो तिरंगे की आन-बान-शान के लिए हम अपना प्राण भी न्यौछावर कर देंगे। आज वही संकल्प लेने का दिन है ॥ डॉ. सिंह ने बताया कि अमेरिका की शीर्ष 33% कंपनियाँ भारतीयों के नेतृत्व में हैं – भारतीय प्रतिभा पूरी दुनिया को रोशन कर रही है। उन्होंने युवाओं से आह्वान कियाः ॥स्त्रियों का सम्मान करें, माता-पिता व बुजुर्गों का आदर करें, और सदैव राष्ट्र के लिए त्याग को तत्पर रहें।

भारी बारिश के बावजूद यह रैली भारत के गौरव, एकता और युवाशक्ति का एक भव्य उत्सव बन गई। रैली में पूर्व सांसद रीना चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष विजय मौर्य, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, पुष्कर शुक्ल, कर्नल दयाशंकर दुबे, सुनील रावत, रंजीत रावत, शिवशंकर विश्वकर्मा, विनोद मौर्य, मोहित तिवारी, के. के. श्रीवास्तव, शिव बख्श सिंह, विवेक राजपूत, शंकारी सिंह, गंगाराम अंबेडकर, कौशलेंद्र द्विवेदी, सौरभ सिंह मोनू, राम नरेश रावत, कमलेश सिंह, गीता देवी, बृजमोहन शर्मा तथा अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

स्वदेशी मॉडल से साकार होगा विकसित भारत का संकल्प : योगी

सीएम योगी ने विधान भवन के सामने आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में फहराया राष्ट्रीय ध्वज, प्रदेशवासियों को दी बधाई

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर विधान भवन के सामने आयोजित भव्य समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी।

- **हेलिकॉप्टर से की गई फूलों की वर्षा, समारोह में उपस्थित जनसमूह में दिखा जबरदस्त उत्साह**
- **सीएम योगी ने स्वाधीनता संग्राम के नायकों को दी श्रद्धांजलि**
- **सीएम योग ने पूर्व सैनिकों और शहीदों के परिजनों को शौर्य चक्र व वीर चक्र और गैलेंट्री अवार्ड से किया सम्मानित**

उन्होंने अपने सरकारी आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। सीएम योगी ने स्वाधीनता संग्राम के नायकों को नमन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता का अर्थ स्वच्छंदता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति संकल्प और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का महापर्व है। सीएम ने भारतीय सेना के शौर्य, स्वदेशी मॉडल की ताकत और उत्तर प्रदेश की प्रगति को रेखांकित करते हुए 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने का आह्वान किया।

सीएम योगी ने कहा कि अनगिनत क्रांतिकारियों, स्वाधीनता सेनानियों और वीर सैनिकों के त्याग और बलिदान ने देश को सैकड़ों वर्षों की गुलामी से मुक्त कराया। इस दौरान सीएम योगी ने महात्मा गांधी, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, सरदार वल्लभभाई पटेल और अन्य ज्ञात-अज्ञात शहीदों को नमन किया। उन्होंने स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिकों और आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले जवानों को आभार प्रकट किया। सीएम योगी ने हाल ही में ॥ऑपरेशन सिंदूर॥ के तहत भारतीय सेना के शौर्य और स्वदेशी हथियारों की ताकत की सराहना की, जिसने विपरीत परिस्थितियों में दुश्मनों को परास्त कर भारत की एकता और अखंडता को संरक्षित किया। सीएम ने कहा कि लखनऊ में निर्मित ब्रह्मोस मिसाइल और स्वदेशी ड्रोन ने वैश्विक स्तर पर भारत की सामर्थ्य का लोहा मनवाया है। सीएम योगी ने जोर देकर कहा कि स्वतंत्रता का मतलब उच्चचिलता और स्वच्छंदता नहीं, बल्कि हर भारतवासी के लिए हर प्रदेशवासी के लिए अपने कर्तव्यों के साथ संकल्पित होने का एक महापर्व है। सीएम योगी ने पिछले 11 वर्षों में भारत की विकास यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि 2014 में भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था, जो अब चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। उन्होंने स्वदेशी मॉडल और मेक इन इंडिया पहल की ताकत का जिक्र करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में प्रयुक्त स्वदेशी मिसाइलों और ड्रोनों ने न केवल भारत की रक्षा क्षमता को साबित

सीएम ने गोरखपुर में यूपी के पहले ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट का किया लोकार्पण

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश और दुनिया के सामने सबसे बड़ी चिंता जीवसृष्टि और मानव सभ्यता को बचाने की है। जीवसृष्टि और मानव सभ्यता को बचाना है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप हमें नेट जीरो की तरफ बढ़ना होगा, कार्बन उत्सर्जन न्यूनतम करना होगा। सीएम योगी रविवार को गोरखपुर के खानिमपुर में टोरेंट समूह के ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। टोरेंट गैस और टोरेंट पॉवर की ओर से स्थापित यह ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट उत्तर प्रदेश का पहला और पूरे देश का दूसरा प्लांट है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा और बीमारियों से बचाव में ग्रीन एनर्जी की बड़ी भूमिका होने जा रही है। कहा कि ऊर्जा क्षेत्र एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में हरित ऊर्जा तथा विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए यह प्लांट बड़ी भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से स्थापित यह प्लांट प्रदूषण से मुक्त उर्जा प्राप्ति की दिशा में एक नया प्रयास है। उन्होंने कहा कि यहां टोरेंट ग्रुप का एक प्लांट पहले सीएनजी का है। अब यहां पर ग्रीन हाइड्रोजन का प्लांट लगाया गया है। अब यहां ग्रीन हाइड्रोजन और सीएनजी-पीएनजी की ब्लेंडिंग होगी। इसके बाद इसे घर घर रसोई गैस के रूप में पहुंचाया जायेगा। सीएम ने कहा कि उम्मीद है कि ग्रीन एनर्जी के उत्पादन के साथ यह नवाचार का केंद्र होगा और लोगों के जीवन को आगे बढ़ाने का कार्य करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन भविष्य की ऊर्जा है। उत्तर प्रदेश के लिए यह खुशी की बात है कि प्रचुर जल संसाधन होने के चलते यहां इसकी व्यापक संभावना है। ग्रीन हाइड्रोजन जल से बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्बन उत्सर्जन हर उस कार्य से होता है जिससे प्रदूषण होता है। पहले घरों में भोजन लकड़ी या कोयला से बनाया जाता था जिससे कार्बन उत्सर्जन होता था। पीएम मोदी ने उज्ज्वला योजना के माध्यम से 10 करोड़ परिवारों को निशुल्क रसोई गैस कनेक्शन उपलब्ध कराये हैं। इससे पीछे की मंशा लोगों को फेफड़े, टीबी, आंख से जुड़ी और अन्य बीमारियों से निजात दिलाने की रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि एलईडी स्ट्रीट लाइट लगने से उर्जा की खपत कम हुई तथा कार्बन उत्सर्जन भी कम हुआ।

वीरांगना अवंती बाई लोधी ने मातृभूमि के लिए अपना बलिदान दिया : योगी

लखनऊ। वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी की जन्म जयंती पर शनिवार को भाजपा ने पुष्पार्चन कर उनके शौर्य, पराक्रम और राष्ट्रप्रेम को कृतज्ञ नमन किया। राजधानी लखनऊ में भाजपा प्रदेश मुख्यालय गेट नं. 02 के सामने स्थित वीरांगना की प्रतिमा पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, भाजपा मध्य प्रदेश के प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह ने पुष्पार्चन व माल्यार्पण करके प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की दीपशिखा महारानी अवन्ती बाई लोधी को नमन करते हुए कहा कि युगो-युगो तक वीरांगना का शौर्य और पराक्रम राष्ट्र के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए हम सभी को प्रेरित करता रहेगा। मुख्यमंत्री ने वीरांगना अवंतीबाई लोधी की 195वीं जयंती पर उन्हें नमन करते हुए अनेक योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि वीरांगना अवंती बाई लोधी ने भारत की स्वाधीनता के लिए तानाशाही पूर्ण शासन के खिलाफ बड़ा संघर्ष किया और मातृभूमि के लिए अपना बलिदान दिया। उनका यह अदम्य साहस और बलिदान हर भारतवासी के लिए प्रेरणा है। डबल इंजन की सरकार ने उनके प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करते हुए बदायूं में पीएसी की एक नई बटालियन की स्थापना की है, जिसे वीरांगना अवंती बाई लोधी के नाम से समर्पित किया गया है।

जब से भाजपा सरकार आई है, फर्जी काम बढ़ गये : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को 1857 की क्रांति में अहम भूमिका निभाने वाली महान वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी जी की जयंती के अवसर पर विधान भवन हजरतगंज लखनऊ के समक्ष उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर

- **वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती पर अखिलेश ने किया नमन**

उन्हें नमन किया। अखिलेश यादव ने कहा कि वीरांगना अवंती बाई का आजादी की लड़ाई में बहुत बड़ा योगदान है। 1857 में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह की अगुवाई अवंतीबाई ने भी की थी।

आज हम सभी लोग उनके बलिदान को याद कर रहे हैं। इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि जब से भाजपा सरकार आई है फर्जी काम बढ़ गए हैं। वास्तव में भाजपा की कोई विचारधारा नहीं है। उसकी सिर्फ एक विचारधारा है किसी भी तरह कुर्सी पर बने रहना। प्रधानमंत्री कमजोर दिखाई दे रहे हैं। लाल किला मुगलों ने बनवाया था। प्रधानमंत्री लाल किले से जिस संस्था की तारीफ कर रहे हैं वह रजिस्टर्ड ही नहीं है। यह वे लोग हैं जो कुछ भी झूठ बोल सकते हैं। जब भाजपा भारत की स्थापना हुई थी तब उन्होंने सेक्युलर और सोशलिस्ट रास्ते पर चलने का संकल्प लिया था लेकिन क्या वह आज सेक्युलर और सोशलिस्ट रास्ते पर चल रहे हैं। क्या आज वह भेदभाव नहीं कर रही है? क्या आज भाजपा के लोग सबसे ज्यादा उद्योगपतियों को बढ़ावा नहीं दे रहे हैं? भाजपा की सरकार में पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों और आदिवासी, गरीब लोगों के साथ जिस तरह से बड़े पैमाने पर भेदभाव हो रहा है उसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा विपक्ष को दुश्मन मानती है।

लोकतंत्र को बचाने का जिम्मा चुनाव आयोग के कंधों पर : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि चुनाव आयोग को सुधार ही नहीं, आमूलचूल परिवर्तन की अपरिहार्यता है। आज लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व उनके कंधों पर है। माना उनके ऊपर कई प्रकार के अवांछित दबाव काम कर रहे हैं लेकिन वो ये न समझें कि वो अकेले हैं। जब चुनाव आयोग सही रास्ते पर चल निकलेगा तो करोड़ों भारतवासियों का साथ उनका रक्षा कवच बन जाएगा। सत्य के मार्ग पर चलनेवालों के साथ जनता और जनविश्वास स्वयं चलने लगता है। चुनाव आयोग का एक सही और साहसिक कदम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है। सबको अंतरात्मा की आवाज सुननी चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने वोट की डकैती के 18 हजार शपथ पत्र इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) को दिए लेकिन कार्रवाई जीरो है। अखिलेश यादव ने कहा कि चिट्ठा लम्बा होता जा रहा है जिनकी करतूतों, कारनामों का जवाब भी नहीं आया और न अब तक हमारे हलफनामों का।

कांग्रेस मुख्यालय में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

लखनऊ। 79 वें स्वतंत्रता दिवस के पुनीत अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस पुनीत अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने परंपरागत तरीके से ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात वंदे मातरम के गायन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई एवं ध्वज गीत गाया गया तथा समापन राष्ट्रगान एवं दो नारे के साथ आजाद हिन्द जिंदाबाद एवं कौमी नारा वंदे मातरम के नारों के साथ किया गया। ध्वजवाहक की भूमिका में उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय की उपस्थिति रही। इसके पूर्व कार्यालय प्रांगण में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी, स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रीमती इंदिरा गांधी प्रतिमा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय जी ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय द्वारा वरिष्ठ कांग्रेस नेता चाचा अमीर हैदर, डॉ. लालती देवी, सुरेन्द्र शुक्ला, वीरेन्द्र मदान, शिव नारायण पाल को सम्मानित किया गया।

देश विश्व को नेतृत्व देने के लिए तैयार है : भूपेंद्र चौधरी

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के राज्य मुख्यालय में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने ध्वजारोहण किया। इसके उपरान्त उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ सामूहिक राष्ट्रगान किया और देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें देते हुए स्वतंत्रता संग्राम के सभी ज्ञात व अज्ञात वीरों, क्रान्तिकारियों एवं जननायकों को कृतज्ञतापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस को नए भारत निर्माण के संकल्प दिवस के रूप में मनायें। उन्होंने सभी का आह्वान किया कि राष्ट्र की सेवा, समाज उत्थान और जनकल्याण के कार्यों में भागीदारी निभाएं इसके साथ ही स्वतंत्रता दिवस को देश के प्रति कर्तव्यबोध के साथ मनायें। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने सभी क्षेत्रों में प्रगति की है। भाजपा का प्रत्येक संकल्प उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूरा हो रहा है। आज बदलता हुआ भारत और बदलता हुआ उत्तर प्रदेश दुनिया के सामने है और देश विश्व को नेतृत्व देने के लिए तैयार है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि हमें भारत को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर, सांस्कृतिक रूप से गौरवशाली और सामरिक रूप से सशक्त बनाने के लिए समग्र रूप से आगे बढ़ना है। स्वदेशी से स्वावलम्बी भारत के मंत्र के साथ हमें देश को प्रत्येक क्षेत्र में विश्वगुरू के स्थान पर प्रतिष्ठित करना है।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

पुलिस का काम कानून-व्यवस्था बनाये रखने तक सीमित नहीं : योगी

- श्रीकृष्ण के आदर्शों को अपने कर्तव्यों का हिस्सा बनाये
- समाज में एकता और शांति स्थापित करना पुलिस का दायित्व है
- रिजर्व पुलिस लाइन में भव्य तरीके से मनायी गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। 5000 वर्ष पूर्व मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण का अवतरण न केवल एक उत्सव है, बल्कि यह पुलिस कर्मियों और आम नागरिकों के लिए राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति प्रेरणा का स्रोत है। ये बातें श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में कही।

सीएम योगी ने पुलिस परिवार और प्रदेशवासियों को जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई देते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस को भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को अपनाने और समाज में शांति व सौहार्द स्थापित करने की अपील की। सीएम योगी ने पुलिस को समाज की रीढ़ बताते हुए कहा कि उनकी भूमिका केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि वे समाज में सौहार्द और एकता को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। श्री योगी ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने संविधान में नागरिकों के कर्तव्यों को शामिल कर हर व्यक्ति को निष्काम कर्म की प्रेरणा दी। सीएम ने पुलिस से इस उपदेश को जीवन में उतारने की अपील की, ताकि वे समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकें। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के उपदेश परित्राणाय साधुना, विनाशाय च दुष्कृता का उल्लेख करते हुए कहा कि सज्जन शक्तियों का संरक्षण और दुष्ट शक्तियों का नाश से ही समाज में सकारात्मक माहौल पैदा होगा। उन्होंने कहा कि सज्जन शक्तियों का सशक्तीकरण समाज में शांति, सौहार्द और विकास का मार्ग प्रशस्त करता है, जबकि दुष्ट शक्तियां अराजकता और असुरक्षा को जन्म देती हैं।

सीएम योगी ने पुलिस कर्मियों से भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को अपने कर्तव्यों का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पुलिस का यह दायित्व है कि वह नकारात्मक ताकतों को पूरी तरह दरकिनार कर समाज को एकता और शांति के पथ पर अग्रसर करे। उन्होंने थानों, पुलिस लाइनों और प्रशिक्षण केंद्रों में जन्माष्टमी के भव्य आयोजनों की सराहना की, जो पुलिस परिवार की एकजुटता और उत्साह को दशार्ते हैं। सीएम ने पुलिस से इन आयोजनों को प्रेरणा का स्त्रोत मानकर समाज में सकारात्मक माहौल बनाने के लिए निरंतर कार्य करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सीएम ने लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट द्वारा आयोजित देशभक्ति और सांस्कृतिक समृद्धि पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति को देखा। उन्होंने लखनऊ पुलिस परिवार की प्रतिबद्धता और उत्साह की प्रशंसा की। उन्होंने पुलिस कर्मियों से भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को आत्मसात कर निष्काम कर्म के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की अपील की। समारोह में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, पूर्व मंत्री व विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी राजीव कृष्ण सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

भारत हमारी मातृभूमि, भावभूमि और आत्मा है : डीजीपी

- कैंप कार्यालय व पुलिस मुख्यालय पर फहराया झंडा
- पुलिस अफसरों व कर्मचारियों को दिया पदक

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारत हमारी मातृभूमि, भावभूमि और आत्मा है। इसके हर अंश में बलिदान की आभा है और भविष्य की आकांक्षा है और पुलिस उसकी अडिग प्रहरी है। ये बातें प्रदेश के कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्णा ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कही। उन्होंने इससे पहले तिलक मार्ग, स्थित कैंप कार्यालय व पुलिस मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस मौके पर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें दी गयीं।

डीजीपी ने कहा कि स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ केवल राजनीतिक आजादी या मतदान का अधिकार भर नहीं है, बल्कि यह एक बहुआयामी अवधारणा है, जो व्यक्ति के मन और जीवन से भय, असुरक्षा, भेदभाव और अन्याय के सभी स्वरूपों को दूर करने से पूर्ण होती है। इस व्यापक और वास्तविक स्वतंत्रता को सुरक्षित रखने में पुलिस की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पुलिस न केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने का कार्य करती है, बल्कि नागरिकों के मन से भय को समाप्त कर उन्हें आत्मविश्वास और सुरक्षा का अनुभव कराती है।

इस दौरान पुलिस मुख्यालय में तैनात सभी पुलिस अफसर व कर्मचारी शामिल रहे। इस मौके पर डीजीपी ने उपनिरीक्षक राय बहादुर को उत्कृष्ट सेवा सम्मान, उपनिरीक्षक धीरेन्द्र सिंह को सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह, आरक्षी अंकित को डीजीपी का प्रशंसा चिन्ह गोल्ड समेत कई अन्य पुलिसकर्मियों को विभिन्न पदक दिया।

युवती की मौत

लखनऊ। चिनहट क्षेत्र के कंचनपुर मटियारी में एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव फांसी पर लटका मिला। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा मौके पर पहुंचे और मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सूचना

मेरा नाम रुकसाना पत्नी रोजअली निवासी लौकीपुरवा, पतिझिया, भिन्गा जनपद श्रावस्ती है। अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम गुड़िया है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही है। भविष्य में मुझे रुकसाना नाम से ही जाना-पहचाना जायें।

न्यायालय सूचना

एम.सी.जे. फार्म नं0 33 भाग 7
हेतु संदर्शित करने के सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त मजिस्ट्रेट
महोदय, सीतापुर
वादा सं. T202410640211603
ता. पेशी 25.08.2025
राधे श्याम
बनाम
कमलेश कुमार आदि
1- कमलेश कुमार पुत्र स्व. झम्मन
2- सुमित कुमार पुत्र स्व. झम्मन
3- जयदेवी पत्नी मोतीलाल
4- रामासरे पुत्र मोतीलाल
समस्त निवासीगण ग्राम त्रिलोकापुर परगना व तहसील व जनपद सीतापुर।

चूँकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि लेखपाल द्वारा निर्मित कु की पुष्टि कर दी जाय अतएवं आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सन्दर्शित करने के लिए 2025 के 8 दिवस 25 को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं सम्पर्क रूपेण अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज 2025 के 8 के दिवस 13 को निकाली गयी।

न्यायालय

आवश्यकता है

मोहम्मदी महाविद्यालय मोहम्मदी, लखीमपुर-खीरी में D.El.Ed (बी.टी.सी.) पाठ्यक्रम में 1 पद विभागाध्यक्ष, 7 पद प्रवक्ता (शिक्षा के परिप्रेक्ष्य/शिक्षा का आधार, गणित, विज्ञान, भाषा, सामाजिक विज्ञान/मानविकी, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा, ललित कला/निष्पादक कला) की आवश्यकता है। विज्ञापन के 21 दिनो के अन्दर आवेदन करें। साक्षात्कार हेतु 05 सितम्बर 2025 को प्रातः महाविद्यालय में उपस्थित हो। योग्यता NCTE/शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश के अनुसार।

अध्यक्ष
श्री सचिन मेहरोत्रा
9415162128

आवश्यकता है

दूधनाथ स्मारक पीजी कालेज अल्देमऊ नूरपुर कादीपुर सुल्तानपुर में प्राचार्य एक पद, कला संकाय के अंतर्गत बीए में हिन्दी, संस्कृत, गृह विज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र, अर्थ शास्त्र, मध्यकालीन इतिहास में एक- एक प्रवक्ता तथा विज्ञान संकाय के अन्तर्गत बीएससी में गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान में एक-एक प्रवक्ता एवं एमए भूगोल, समाजशास्त्र में दो-दो प्रवक्ता की आवश्यकता है।

योग्यता- प्राचार्य के लिए - पीएचडी/नेट के साथ 15 वर्ष का अनुभव
प्रवक्ता के लिए - पीएचडी/नेट
वेतनमान यूजीसी या विश्वविद्यालय के नियमानुसार
नोट- विज्ञापन प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रपत्रों के साथ महाविद्यालय में उपस्थित हो या पंजीकृत डाक से आवेदन उपरोक्त पते पर कर सकते है।

प्रबंधक
पुष्पेंद्र बहादुर सिंह
मो 9455479161

50 हजार के इनामी समेत चार गिरफ्तार

- दोस्त की हत्या का था आरोप, वर्ष 2024 में हुई थी हत्या

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। एसटीएफ ने वर्ष 2024 से संगीन मामले में फरार चल रहे एक कुख्यात अपराधी समेत चार लोगों को कानपुरनगर से गिरफ्तार किया है। जिन पर 50 हजार रूपए का इनाम घोषित था।

एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि दिसंबर-2024 में हुई अभियुक्त शेखर मौर्या उर्फ अभिषेक मौर्या की हत्या कानपुर के कुलदीप दूबे एवं अभिषेक मौर्या (मृतक) के रिश्तेदारों ने करके उसकी लाश को कही छिपा दिया था, वह लोग कानपुर में ही मौजूद है। इसकी सटीक जानकारी होते ही एसटीएफ की टीम ने गंगा इन्क्लेव कल्याणपुर के पास से चार लोगों को धर दबोचा। पकड़े गए अभियुक्तों ने अपने नाम कुलदीप दुबे पुत्र राजेन्द्र प्रसाद दुबे निवासी चाँदा महारानी पश्चिम थाना चाँदा सुलतानपुर, अभय कुशवाहा पुत्र धर्म सिंह कुशवाहा निवासी ग्राम धामीखेड़ा थाना रावतपुर कानपुर नगर, अजीत पुत्र स्व रामकिशोर निवासी सिंजई अंकित अग्रवाल पैट्रोल पम्प थाना कोतवाली शाहजहाँपुर और युवराज कुशवाहा पुत्र धर्म सिंह कुशवाहा निवासी ग्राम धामीखेड़ा थाना रावतपुर कानपुर नगर बताया। अभियुक्त कुलदीप दुबे, अभय कुशवाहा, युवराज उर्फ अंकुश कुशवाहा व अजीत मौर्या ने पूछताछ में बताया कि शेखर मौर्या उर्फ अभिषेक मौर्या पुत्र स्व राम किशोर मौर्या निवासी सिंजई अंकित अग्रवाल पेट्रोल पम्प थाना कोतवाली शाहजहाँपुर (मृतक) रिश्ते में अभय कुशवाहा व अंकुश कुशवाहा के सगे मामा थे। अभिषेक मौर्या उर्फ शेखर मौर्या अभिषेक मौर्या उर्फ शेखर मौर्या के खिलाफ हत्या की घटना के संबंध में थाना सदर बाजार शाहजहाँपुर में विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज है। जिन पर 50 हजार का इनाम घोषित है।

जौनपुर में डीजीपी के आदेश की अवहेलना

- बदलापुर थाना में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर हुआ अश्लील नृत्य
- किरकिरी के बाद इंस्पेक्टर किया गया निलंबित

लखनऊ। ...मुझे नवलखा मंगा दे, ये सैय्या दिवाने! यह सांग श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर यूपी के जौनपुर जिले में बदलापुर थाना में बार-बालाओं ने ठुमके लगाकर गाया। लिहाजा साफ है कि यूपी के कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्ण के फरमान को जिलों में बैठे अफसर कैसे अवहेलना कर रहे है।

फिलहाल थाना बदलापुर में हुए नृत्य का वीडियो वायरल होने के बाद रविवार की शाम को इंस्पेक्टर अरविन्द पांडेय को निलंबित कर दिया गया है। डीजीपी राजीव कृष्ण का फरमान था कि थानों में वसूली करने कृष्ण जन्माष्टमी न मनायी जाये, पुलिसकर्मियों के वेतन से वसूली न हो, थानों या कार्यालय में अश्लील डांस न हो। इस फरमान को सख्ती से माना जाए। लेकिन डीजीपी के इस फरमान को जौनपुर पुलिस ने दर किनार करते हुए श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर थाना बदलापुर में बार-बालाओं ने जम कर नृत्य कर फिल्मी गानों पर ठुमके लगाये। किसी ने इस कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। फिर क्या था रविवार देर शाम तक मैनेज करने की प्रक्रिया होती रही लेकिन आखिरकार फरमान डीजीपी का था तो एसपी ने बदलापुर कोतवाल को निलंबित कर दिया। डीजीपी राजीव कृष्ण के फरमान के बाद भी थाने में बार-बालाओं ने ठुमके लगाये। ऐसे पता नहीं कितने जिले होंगे जहां अश्लील नृत्य हुए होंगे। सवाल यह उठ रहा है कि जिले के पुलिस कप्तान की कोई जिम्मेदारी नहीं तय होनी चाहिए! क्या पुलिस कप्तान ने अपने मातहतों को डीजीपी के फरमान के बारे में अवगत नही कराया था? यदि कराया था तो फिर कप्तान के फरमान को जिले के अफसर नहीं मानते होंगे।

दर्शकों में देश प्रेम की भावना जागृत कर गया 'ऑपरेशन विजय'

लखनऊ। सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था देवसु थिएटर आर्ट्स सोसाइटी के तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भृगुदत्त तिवारी प्रेक्षागृह डी.ए.वी.पी.जी कालेज, लखनऊ में मोहित यादव द्वारा लिखित एवं निर्देशित नाटक 'ऑपरेशन विजय ' का मंचन किया गया। सशक्त कथानक से परिपूर्ण नाटक ऑपरेशन विजय ने लोगों में देश प्रेम की भावना जागृत करते हुए जहां एक ओर बताया कि स्वतंत्रता के लिए देश के वीरों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जाना चाहिए, वहीं दूसरी ओर अमर शहीदों के साहस, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा को इतिहास के पन्नों में नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के दिलों में भी दर्ज कराने की सलाह दी। कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को समर्पित नाटक ऑपरेशन विजय की कथावस्तु के अनुसार सागर नाम का एक युवा सैनिक, जो अपने घर छुट्टियों पर आया हुआ है और अपनी पत्नी (लता) के साथ घूमने जाने का विचार बना रहा होता है कि, अचानक टेलीफोन की घंटी बजती है , और संदेश आता है कि भारत-पाकिस्तान सीमा पर युद्ध छिड़ गया है और उसे तुरंत अपने पोस्ट पर लौटना है। ऐसे ही फोन हर उस भारत के नौजवान को गए, जो उस समय भारत के सभी सशस्त्र बलों में शामिल थे।

होटल मालिक के केबिन से डेढ़ लाख चोरी

लखनऊ। कृष्णानगर इलाके में संचालित एक निजी होटल में बेखौफ चोरों ने होटल मालिक के केबिन में घुस कर लॉकर में रखे डेढ़ लाख चोरी कर ले गए। जिसकी जानकारी पीड़ित होटल मालिक ने खोजबीन करने के बाद होटल में लगे कैद सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की है। कृष्णानगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित ए कृष्णा नगर निवासी धीरज तलरेजा पुत्र जगदीश तलरेजा के अनुसार उनका थाने के निकट मुमेन्ट नामक होटल संचालित है। बीते 13 अगस्त की सुबह उन्हें होटल पहुंचने पर ऑफिस की मेज की दराज का लाकर टूटा मिला और उसन्में रखे डेढ़ लाख रुपये गायब मिले। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने खोजबीन के बाद कोतवाली में होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद फुटेज के आधार पर लिखित शिकायत की है। वहीं पीड़ित होटल मालिक धीरज तलरेजा का कहना था कि होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरों के फुटेज कैद हो गए हैं। बीते 12 अगस्त मंगलवार रात्रि तीन संदिग्ध व्यक्ति उसके ऑफिस मे रात्रि समय लगभग 2:30 जाते दिखायी दे रहे थे जो कि उनके होटल के गेस्ट भी नहीं थे। पुलिस के अनुसार पीड़ित होटल मालिक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है।

आभूषण गोदाम से 18 लाख के जेवर लेकर भागे कारीगर

लखनऊ। सआदगंज स्थित आभूषण गोदाम से पश्चिम बंगाल के दो कारीगर करीब 18 लाख रुपये जेवरात लेकर भाग निकले। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। इसी आधार पर कारोबारी ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। सअहादतगंज के हाता भीखम खां निवासी दिलशाद अहमद के मुताबिक क्षेत्र के ही झंवाईटोला में उनकी सोने के जेवरात का कारखाना हैं। कारखाने में बंगाल के परगना पुविमारी निवासी अजीज गाजी और खरामपुर के आलमीन गाजी कारीगर का मार्च से काम कर रहे थे। तीन जून को छुट्टी के कारण कारखाना बंद था। आरोप है कि उसी दिन दोनों कारीगर सुबह बजे कारखाने पहुंचे और वहां रखे 180 ग्राम सोने के जेवर लेकर भाग निकले। सआदगंज स्थित आभूषण गोदाम से पश्चिम बंगाल के दो कारीगर करीब 18 लाख रुपये जेवरात लेकर भाग निकले। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। इसी आधार पर कारोबारी ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

केजीएमसी में रक्तदान शिविर

लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस के मौके में एक हाथ तिरंगा एक हाथ रक्तदान के संकल्प के साथ केजीएमसी में रक्तदान शिविर लगाया गया। यह आयोजना लखनऊ पुलिस मित्र परिवार टीम ने केजीएमसी स्थित ब्लड बैंक में किया। स्वतंत्रता दिवस पर 11वां बृहद स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह आयोजन संरक्षक कविंद्र प्रताप सिंह (सेवानिवृत्त आईपीएस) के संरक्षण, टीम के संस्थापक जितेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन तथा केजीएमयू ब्लड बैंक के सहयोग से संपन्न हुआ।

दो महिलाओं समेत पांच ने जान दी

- चिनहट, तालकटोरा, गोमतीनगर व गोसाईगंज में हुई घटना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी में दो महिलाओं सहित कई लोगों ने खुदकुशी कर ली। गोमतीनगर में बेरोजगारी से परेशान युवक ने दे दी जान। इसके अलावा चिनहट, गोमतीनगर, गोसाईगंज, तालकटोरा व सरोजिनीरगर में खुदकुशी की घटना हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

गोसाईगंज इंस्पेक्टर ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक पारस रावत शुक्रवार देर रात घर से निकल गए थे। सुबह करीब छह बजे ग्रामीणों को ,पारस का शव पेड़ से लटका मिला। आत्महत्या का कारण नहीं पता चल सका है। घरवालों ने कोई तहरीर नहीं दी है। इसी तरह चिनहट के इमलिया गांव निवासी कुसुम यादव (30) ने बीमारी से परेशान होकर शनिवार दोपहर पंखे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा कर जान गंवा दी। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र के घरवालों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। गोमतीनगर के विराम खंड निवासी बृजमोहन ने बताया कि उनका बेटा रोहित चौधरी (34) कुछ दिनों से बेरोजगारी के चलते डिप्रेशन में था। वह रात को खाना खाकर सो गया था, लेकिन सोमवार सुबह देर तक नहीं उठा। जब उसके कमरे गए तो उसका शव चादर से पंखे के सहारे लटक रहा था। वहीं, तालकटोरा स्थित सोनापुरम की रहने वाली नैंसी वर्मा (24) ने शुक्रवार दोपहर में घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसी तरह गोसाईगंज के जलालाबाद गांव निवासी पारस रावत (25) ने शुक्रवार की रात गांव के बाहर पेड़ के सहारे फंदा डालकर खुदकुशी कर ली। वहीं सरोजिनीनगर दरोगा खेड़ा गांव निवासी 65 वर्षीय हरिश्चन्द्र ने गुरुवार की रात फांसी लगा ली। गुरुवार रात खाना खाने के बाद वह कमरों में सोने चले गए। शुक्रवार सुबह परिजनों को घटना की जानकारी हुई। हरिश्चंद्र परिवार कारणों से परेशान थे। चर्चा है कि हरिश्चंद्र ने एक कंप्यूटर की दुकान से हिंदी में दो सुसाइड नोट टाइप कराए थे। एक नोट उन्होंने अपने कमरे के दरवाजे पर लगाया और दूसरा अपनी कमरे में कपड़ों के नीचे छिपा दिया। लोगों का कहना है कि बड़े बेटे ने दरवाजे पर लगा सुसाइड नोट देखते ही फाड़ दिया। हालांकि सरोजनी नगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति ने किसी सुसाइड नोट की बरामदगी से इनकार किया है।

संदिग्ध हालात में तबीयत बिगड़ने पर छात्रा की मौत

लखनऊ। सरोजनीनगर में एक 11 वर्षीय छात्रा की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतका के पिता जयपाल मूल रूप से उन्नाव के कांथा गांव के रहने वाले हैं। वह अपनी पत्नी पुष्पा और तीन बच्चों के साथ सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा में किराए के मकान में रहते हैं। मृतका अनन्या कक्षा 6 की छात्रा थी। गुरुवार रात दो बजे अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। वहां से चिकित्सकों ने उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रॉमा सेंटर पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

एसपी संभल, डिप्टी एसपी व महिला आरक्षी को मिला पदक

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य करने के मामले में संभल के एसपी कृष्ण कुमार, एसटीएफ के डिप्टी एसपी प्रमेश शुक्ला व पुलिस कमिश्नरेट आगरा में तैनात महिला आरक्षी प्रियांशी प्रजापति को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

संभल पुलिस द्वारा 68 लोगों को गिरफ्तार कर 100 करोड़ से अधिक धनराशि की धोखाधड़ी में 10 वर्ष से अधिक समय से सक्रिय बीमा गिरोह का पदार्फाश करने वाले एसपी संभल को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पुलस पदक से सम्मानित किया गया।

इसके अलावा बलरामपुर में अवैध धर्मान्तरण में विदेशी फंडिंग की जांच में 100 करोड़ का जांच में खुलासा करने वाले डिप्टी एसपी प्रमेश शुक्ला को पदक से नवाजा गया। जांच से छांगुर के गैंग के मुस्लिम युवकों द्वारा षड्यंत्र कर हिंदू छद्मनाम से हिंदू लड़कियों को प्रेम जाल में फँसाकर इस्लाम में धर्मांतरण कराकर निकाह कराने का खुलासा हुआ। जनपद औरैया, सिद्धार्थनगर, लखनऊ, गाज़ियाबाद, सहारनपुर, बलरामपुर आदि जनपदों की नाबालिग लड़कियों, महिलाओं व पुरुषों को धोखे से अथवा जबरन इस्लाम में धर्मांतरण कराए जाने के सबूत दिए गए। इसके अलावा विभिन्न प्रतियोगिता में पुलिस बल की तरफ से कई पदक दिलाने वाली पुलिस कमिश्नरेट आगरा महिला आरक्षी प्रियांशी प्रजापति को पदक दिया गया है।

तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने कई लोगों को रौंदा

तीन लोग गंभीर घायल, चालक गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र के वरदानी मंदिर तेलीबाग के पास बीती रात तेज रफ्तार स्कार्पियो ने पैदल जा रहे दो लोगों को रौंद दिया। गाड़ी बैक करते समय उसने एक अन्य व्यक्ति को भी टक्कर मार दी। तीनों घायलों को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। घायलों में आनंद प्रकाश वर्मा और राजेश की पहचान हो गई है, जबकि तीसरे की पहचान की जा रही है। पीजीआई थाना क्षेत्र में बीती रात एक खौफनाक घटना सामने आई। वरदानी मंदिर तेलीबाग के पास एक स्कॉर्पियो चालक ने पैदल चल रहे दो लोगों को रौंद डाला। जिसके बाद वहां हड़कम्प मच गया। इसके बाद वाहन चालक ने गाड़ी बैक की और एक अन्य व्यक्ति को भी टक्कर मारकर घायल कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से सभी घायलों को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने स्कार्पियो चालक को पकड़कर बुरी तरह से पीट दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हुसैनगंज के रहने वाले अक्षय सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि इस पर पूर्व में भी लखनऊ, बाराबंकी व रायबरेली में करीब आठ से अधिक मामले दर्ज है।

बेकाबू कार ने साइकिल में मारी टक्कर, बुजुर्ग की मौत्र: आलमबाग कोतवाली इलाके में एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से साइकिल सवार बुजुर्ग गंभीर रूप से चोटिल हो गये। जिसकी इलाज दौरान शनिवार को मौत हो गई। वहीं पुलिस ने मृतक बुजुर्ग के बेटे की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ गाडी नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया कि सीतापुर वाच रोड डालीगंज थाना हसनगंज निवासी अकित यादव पुत्र राज कुमार यादव के अनुसार उसके 55 वर्षीय बुजुर्ग पिता राजकुमार बीते 11 अगस्त को घर से दुकान बंगला बाजार आशियाना जा रहे थे। आरोप है कि उस दौरान आलमबाग कोतवाली इलाके स्थित यदुनाथ चौराहे से जेल चौराहे की बीच कार संख्या यूपी 32जेवाई6646 के चालक ने उसके पिता की साइकिल मे पीछे से टक्कर मार फरार हो गया। जिन्हें राहगीरों की मदद से इलाज के लिए नजदीकी कमांड अस्पताल पहुंचाया। जहां हालत गंभीर देख डाक्टरों ने उन्हें सिविल अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं मृतक बुजुर्ग के बेटे का कहना था कि वह अपने पिता का इलाज बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराकर करा रहा था। जिनकी इलाज दौरान 16 अगस्त शनिवार की सुबह मृत्यु हो गई। जिनका अंतिम संस्कार करने के बाद उसने स्थानीय आलमबाग कोतवाली में आरोपित कार चालक के खिलाफ कार नम्बर के आधार पर लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार मृतक बुजुर्ग के बेटे की शिकायत पर ऋक्षफ़दर्ज कर गाडी नम्बर के आधार पर आरोपित कार चालक की तलाश की जा रही है।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर इस्कॉन मंदिर में भजन गाते श्रद्धालु

मंच पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

जन्माष्टमी पर लोकनृत्य प्रस्तुत करते कलाकार

फोटो-अमित वर्मा

आधी रात जन्मे सृष्टि के पालनहार, कान्हा के जयघोष से गूंजा शहर

राजधानी में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, आधी रात मंदिरों व घरों में जन्में कान्हा, डिजिटल झांकी ने मनमोहा

वरिष्ठ संवाददाता **(vol)**

लखनऊ। शनिवार को भी राजधानी लखनऊ में कान्हा का जन्मदिन यानि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनायी गयी। गंगा जमुनी रंग को अपने आंचल में समेटे शाम-ए-अवध श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उल्लास में मुस्कुरा उठी। शाम ढलने के साथ शुरू हुआ उल्लास देर रात तक चरम पर पहुंच गया। आधी रात मंदिरों से लेकर घरों में जब कान्हा का जन्म हुआ तो हर तरफ नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...जयकारे से पूरा शहर गूंज उठा। हर कोई कान्हा की जय-जयकार के साथ उनके दर्शन को आतुर दिख रहा था। राजधानी के पुलिस लाइन में भी जन्माष्टमी धूमधाम से मनायी गयी। इस मौके पर मनमोहक झांकी ने हर किसी का दिल जीत लिया।

जेलों में जन्माष्टमी पर सजावट और झांकी: जिला कारागार, आदर्श कारागार और नारी बन्दी में जन्माष्टमी पर महिला और पुरुष बंदियों ने बैरकों में सजावट की और झांकी बनायी। लाइटिंग की व्यवस्था की गई। भारी संख्या में बन्दियों ने व्रत रखा। जिला जेल की महिला बैरक में बन्द महिला बन्दियों ने बच्चों संग जन्माष्टमी अलग तरह से मनाई। बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण और राधा की पोशाकें पहनाईं। पूजा अर्चना की।

इस्कान मंदिर में कान्हा की भव्य आरती संग लगा 256 भोग: प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रीश्री राधा रमण बिहारी मंदिर इस्कान सुशांत गोल्फ सिटी में सोमवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर के कपाट खुलते ही भक्तों की भीड़ जमा होने लगी। मंगला आरती, तुलसी आरती, गुरु पूजा, श्रृंगार आरती के बाद अविरल भजन कीर्तन होते रहे। इस मौके पर हरे राम हरे कृष्ण की धुन भक्त थिरकते नजर आए। जन्माष्टमी के अवसर पर लोक गायिका मालिनी अवस्थी द्वारा भजन गायन, जरी मोती मणि माणिक की विशेष पोशाक वृंदावन के विशेष कारीगरों द्वारा निर्मित से श्री श्री राधा रमण बिहारी जी का मनमोहक श्रंगार किया गया। रात आठ से नौ बजे तक अभिषेक हुआ। महा आरती मध्य रात्रि 12 बजे की गयी और 256 भोग का भोग लगाया गया।

सत्य मंदिर में मना जन्माष्टमी का पर्व: सिद्ध शक्ति पीठ सत्य मंदिर में इस वर्ष का श्रीकृष्ण जन्मोत्सव भक्ति, ज्ञान और कर्म के अद्वितीय संगम के रूप में सम्पन्न हुआ। जन्माष्टमी के अवसर पर सिद्ध शक्तिपीठ सत्य मंदिर एवं विश्वात्मा मंदिर परिसर में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित भव्य झांकियां सजाई गईं। इन अद्भुत सजावटों ने श्रद्धालुओं को मानो द्वापर युग में पहुंचा दिया। भगवान की अलौकिक झांकी का अनावरण दिव्य शक्ति मां पूनम जी एवं योगीराज श्री अभिनव महाराज जी ने किया। अपने प्रेरक प्रवचन में दिव्य शक्ति मां पूनम जी ने कहा भगवान श्रीकृष्ण की कृपा पाना केवल जन्माष्टमी मनाने से नहीं होता। सत्य और धर्म की रक्षा, प्राणीमात्र की सेवा, और अधर्म के विरोध में खड़ा होना ही सच्ची भक्ति है।

चौक में जन्माष्टमी की अलग ही रौनक: पुराने लखनऊ में 100 वर्ष से अधिक प्राचीन भगवान श्रीकृष्ण की छह हवेलियां हैं, जिसमें सबसे प्राचीन श्री मदनमोहन हवेली है, जो चूड़ी वाली गली में है। चौपटियां की खेतगली में सवा सौ पुराना श्री राधिका नाथ जी ठाकुरद्वारा है। यहां 7 को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर विशेष झांकी सजाई गयी। यहीं पर कुंदन लाल ठाकुरद्वारा भी है। यहियागंज के श्री बिहारी जी मंदिर में भी जन्माष्टमी पर भक्तों की भीड़ उमड़ी।

हर घर जन्में कान्हा: शहर में हर ओर श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की धूम रही। घरों में लोगों ने विधि विधान से श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया। आशियाना में अंजू रघवंशी ने घर में दरबार सजाकर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया। खीरे में प्रतीक स्वरूप उनका जन्म किया गया। विकास नगर की माया आनंद ने घर में झांकी सजाई और कान्हां को पालने में झुलाकर पूजन किया। इंदिरानगर निवसी सिद्धि जायसवाल ने घर में ही पूजन के साथ ही भजन गाकर उत्सव मनाया। महानगर में अनुराधा के घर झांकी सजाई गई तो बंगलाबाजार में सुनील गुप्ता ने घर में ही पूजन किया।

शहर में जगह-जगह बाल रूप में दिखे कान्हा: राजधानी के विभिन्न जगहों पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर बालक-बालिकाओं ने श्रीकृष्ण का रूप धारण किया वहीं बालिकाओं ने राधा का रूप धरणा कर मनमोहक दृश्य दिया। बेबी गौरी ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप के दर्शन कराये और सभी भक्तों ने दर्शन कर श्रीकृष्ण की जयकारे लगाये। जयकारों से पूरा श्रीकृष्ण दरबार गूंज उठा। कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण के भजन गाये और राधे राधे बोल श्याम भागे चले आयेंगे, मुख देखन हों आई लाल को, वृंदावन का मोर बनू गाऊ मैं तो राधे राधे, तेरे लाला ने माटी खाई जसोदा सुन माई, मेरी लगी श्याम संग प्रीत गाने पर नृत्य कर जन्माष्टमी पर्व को धूमधाम से मनाया।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर खाटू श्याम मंदिर में दर्शन के लिए उमड़े भक्त

लखनऊ। बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार को श्री कृष्णा प्राकट्य उत्सव का आयोजन में दर्शन के लिए भक्तों का ताता लगा रहा। महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने बताया सुबह से दर्शन के लिए आए भक्तो की लंबी लाइन लगी हुई थी भक्तों में एक लाख से अधिक प्रसाद को वितरित किया गया। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा, विधान परिषद सदस्य डॉ महेंद्र सिंह, उत्तर क्षेत्रीय विधायक डॉ नीरज बोरा पत्नी बिंदु बोरा दर्शन करने मन्दिर को पहुंचे। कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि पहली बार दरबार के बाहर के परिसर में पंद्रह हजार गुब्बारे लगाए गए थे वहीं गर्भगृह को शीशामय था उसके आगे फॉग लगाकर बादल रुपी बनाया गया जिससे पूरा दरबार बादल ऊपर प्रतीत हो रहा था। पवन मिश्र ने एक से एक भजनों सुनकर भक्तो से भरे पंडाल में ऊर्जा भर दी भक्तों का उत्सह देखते ही बन रहा है भक्त भजनों पर नाचते गाते दिख रहे थे। श्री श्याम परिवार के सदस्यों द्वारा श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर 108किलो का मिल्क केक काटा गया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के समय आतिशबाजी, बधाई हो बधाई हो से पूरा मन्दिर गुंजनमय हो गया। जन्मोत्सव के समय बधाई हो बच्चों को बड़ी संख्या में खिलने, चाकलेट, टॉफी, बिस्कुट का वितरित किया गया।

डिजिटल मूविंग झांकियों में दिखे कान्हा के विविध रूप

लखनऊ। मित्तल परिवार की ओर से लखनऊ के न्यू गणेशगंज अमीनाबाद रोड पर सोमवार से 6 दिवसीय श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं डिजिटल मूविंग झांकियों की शुरूआत की गई। झांकी संयोजक अनुपम मित्तल ने बताया कि 6 दिवसीय डिजिटल मूविंग झांकियों में हर दिन कृष्ण लीला का बदलता स्वरूप प्रदर्शित किया जाएगा। न्यू गणेशगंज में लगने वाली शहर की एकमात्र डिजिटल मूविंग झांकी पिछले 21 वर्षों से प्रदर्शित की जा रही है। डिजिटल मूविंग झांकी के प्रथम दिन कान्हा का कारगार में जन्म दृश्य को प्रदर्शित किया गया।

भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तिथि की घनघोर अंधेरी आधी रात में मथुरा कारागार में वासुदेव की पत्नी देवकी के गर्भ से आठवें पुत्र के रूप में भगवान कृष्ण ने जन्म लिया। उसी समय बादलों में बिजली कड़क रही थी, भयंकर बारिश हो रही थी तभी कारागार के फाटक अचानक खुल गए, कारागार के जागते हुए पहरेदार भी सो गए और देवकी वासुदेव की हाथ पैरों की बेड़िया स्वतः ही खुल गई। तब वासुदेव ने कृष्ण को टोकरी में रख दिया। वासुदेव ने टोकरी को सिर पर उठाकर मथुरा कारागार से नंदजी के घर वृंदावन की ओर यमुना के भयंकर जलप्रवाह के बीच प्रस्थान वाले दृश्य को झांकी में प्रदर्शित किया गया।

श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर पूजा अर्चना : शनिवार को चौक कोतवाली स्थिति श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गयी। सर्व प्रथम श्री कृष्ण जी को स्नान कराया, नये वस्त्र धारण करने के बाद विषेश श्रंगार किया गया। श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर के महंत विशाल गौड़ के नेतृत्व में यह आयोजन किया गया। महंत ने बताया कि प्रभु श्रीकृष्ण हमें न्याय, नीति, संतुलन, साहस और बुद्धिमत्ता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उनका व्यक्तित्व हमें सिखाता है कि चाहे परिस्थितियां कितनी भी विपरीत हों, सत्य और धर्म के मार्ग पर अडिग रहना ही सच्ची जीत है। गीता में उनके द्वारा दिए गए उपदेश हमें जीवन की जटिलताओं को समझने और उनका सामना करने की शक्ति प्रदान करते हैं। जन्माष्टमी पर मंदिर में सायंकाल से ही भजन कीर्तन का आयोजन शुरू हो गया था, जो श्री कृष्ण के जन्म यानि रात 12 के बाद तक जारी रहा। इस अवसर पर राधा रानी और श्री कृष्ण की आरती उतारी और 56 भोग श्री कृष्ण को लगाया गया। जन्मोत्सव में भारी संख्या में श्री कृष्ण भक्त सम्मिलित हुए।

जग में सुंदर हैं दो नाम चाहे कृष्ण कहो या राम...: श्री रामलीला समिति के मीडिया प्रभारी देवेंद्र मिश्रा ने बताया कि रामलीला समिति महानगर द्वारा इस वर्ष श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की अनाड़ी एवं साथियों की टीम ने भजन एवं नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी। साथ ही रामलीला समिति के कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुति ललित भट्ट द्वारा गाया गया भजन जग में सुंदर हैं दो नाम चाहे कृष्ण कहो या राम... ने दर्शकों को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। अशोक मिश्रा द्वारा बहुत सुंदर शिव स्तुति की प्रस्तुति दी गई। बांसुरी वादक किशोर कुमार श्रीवास्तव द्वारा कान्हा तेरी बंसी की धुन अपनी बांसुरी के द्वारा सुनाई गई ।

नंद घर खुशियां अपार, कान्हा जी ने जन्म लियो...

वरिष्ठ संवाददाता **(vol)**

लखनऊ। डालीगंज स्थित श्रीमाधव मंदिर में लल्ला को सुनकर मैं आयी यशोदा मैया दे दो बधाई....मेरो मन अनंत सुख पावै, भजनों संग श्री कृष्ण प्राकट्योत्सव पर श्रीराधामाधव भव्य फूलों का श्रंगार, हुमा साहू एंड ग्रुप के कलाकारो द्वारा महारास, इलेक्ट्रॉनिक झालरो व 5000 गुब्बारें का डेकोरेशन, दक्षिणावर्त श्रीलक्ष्मी शंख से भगवान श्रीकृष्ण का पंचाभिषेक, 56 प्रकार के भोग, दही हाडी फोडने, श्री कृष्ण जन्माउत्सव पर भजन गायक धनंजय मित्तल, नितीश सिंह के भजनों की वर्षा, लॉर्ड कृष्णा संग सेल्फी प्वाइंट तथा आनंद उत्सव पर खुशी में जमकर प्रसाद लुटाने का कार्यक्रम ब्रज की तर्ज पर आयोजन किया गया ये जानकारी संयोजक अनुराग साहू ने दिया।

भजनों का गुलदस्ता किया पेश: संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि नृत्यांगना हुमा साहू एंड ग्रुप द्वारा मनमोहक श्री लीलाओं पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया वही लखनऊ शहर के श्री कृष्णा जन्माष्टमी उत्सव सूफियान अंदाज में सूफी भजन गायक धनंजय मित्तल, नितीश सिंह ने शमा बांधते हुए भजन सर झुकाना अगर जुर्म होगा, हम निगाहों से सजदा करेंगे..., देखा अजब नजारा, दरबार में कन्हैया', एक मैं हूं कभी शुक्रिया ना किया, एक तुम हो जो रहमत किए जा रहा...,जो तुमको भूल जाए, वह दिल कहां से लाए...,कृपा की ना होती जो आदत तुम्हारी... भजनों का गुलदस्ता पेश किया।

माधव मन्दिर के एफबी पेज राधामाधवएलकेओ से घर बैठे भक्तो ने लाइव दर्शन किया राकेश साहू ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मष्टमी का सीधा प्रासरण किया गया श्री राधामाधव के श्वेताम्बर बनारसी वस्त्रों, चॉदी के मुकूट धारण किये आलौकिक दर्शन व जन्म से पहले दक्षिणावर्त श्रीलक्ष्मी शंख से भगवान श्रीकृष्ण का पंचाभिषेक बिहारी लाल साहू, कंचन साहू, भारत भूषण गुप्ता, श्याम जी साहू, राकेश साहू, गोविन्द साहू के साथ पुजारी लालता प्रसाद जी के मंत्र उच्चरण के साथ अभिषेक किया तथा मध्य रात्रि भव्य महाआरती किया गया जिसका दर्शन लगभग पॉच सौ अधिक भक्तो ने घर बैठे दर्शन के साथ अपने मित्रो को शेयर किया।

देशी विदेशी फूलों का श्रृंगार के साथ पूरें मन्दिर परिसर में एल.इ.डी, तेजर लाइटो व इलेक्टानिक झालरो से जगमागता श्री माधव मन्दिर बाहर का परिसर तथा अनन्द जन्मोत्सव की थीम पर 5000 गुब्बारें का डेकोरेशन बच्चे व लोगो को अपनी ओर आकर्षित कर रहा था। श्री राधा माधव सेवा संस्थान के सदस्य बिहारी लाल साहू, भारत भूषण गुप्ता, धनश्याम दास अग्रवाल, गोविन्द साहू, श्यामजी साहू, ओमकार जायसवाल, राकेश साहू, मनोज साहू, दिनेश अग्रवाल, दीपक महरोत्रा, माया आनंद ने 56 प्रकार के भोग की झांकी में लडडू, बर्फी, रसगुल्ला स्वीठर्स से लेकर ड्राई फ्रुडर्स, फल केला, आम, अनार, अंगूर, इस प्रकार के 56 भोग संस्था के सदस्यों द्वारा लगाया गया।

ग्वालों ने मटकी फोड़ी: श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर भव्य महाआरती के बाद पंचमेल प्रसाद वितरण किया गया। फिर यहा दही हाडी फोरी गयी जो कि 15 फिट की ऊचाई पर 15 ग्वालो के साथ प्रभु श्रीकृष्ण रुपी निकुंज साहू ने ग्वालो पर चढकर मटकी फोरी।

दादी के मनमोहक भजन सुन श्रोता हुए भावविभोर

वरिष्ठ संवाददाता **(vol)**

लखनऊ। श्री दादी परिवार लखनऊ की ओर से दो दिवसीय झुला उत्सव के दूसरे दिन झुंझुनूं वाली दादी का झूला उत्सव शुक्रवार 15 अगस्त को होटल रेंगनेंट निरालानगर मे धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम मे पूर्व उप मुख्यमंत्री व सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, विधायक डॉ नीरज बोरा ने दादी के दरबार पहुंचकर दर्शन किए और दादी मां की आरती की। उनके साथ श्री दादी परिवार लखनऊ के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, महामंत्री सुनील तुलस्यान, भारत भूषण गुप्ता, राजेश चंद्र अग्रवाल मौजूद रहे। झूला उत्सव की शुरूआत दादी मां की पूजा-अर्चना अर्चना करने के बाद प्रातः 10 बजे श्री नारायणी चरित्र मानस महामंगल पाठ से शुरू हुआ। दादी के इस पाठ को अजमेर से पधारे कुंवर तेजस राणा ने अपने मधुर स्वरों में सम्पन्न कराया। शाम 6 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमे हैदराबाद की प्रियंका गुप्ता और लखनऊ के पवन मिश्रा ने दादी मां के सुंदर सुंदर भजन सुनाकर लोगों को भावविभोर कर झूमने नाचने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान पूरे दिन दादी मां के भक्त छप्पन भोग, सवामानी एव पवन मिश्रा ने भजन सुनाकर दादी को खूब रिझाया। 'नाचो गाओ खुशी मनाओं झूमो रे सब आज दादी आई है' के भजनों पर लोग खूब झूमे।

लोक चौपाल में देशभक्ति गीतों संग गूंजे श्रीकृष्ण भजन

वरिष्ठ संवाददाता **(vol)**

लखनऊ। लोक संस्कृति शोध संस्थान की ओर से रविवार को आयोजित 77वीं लोक चौपाल में देशभक्ति गीतों संग श्रीकृष्ण भजन की धूम रही। गोमती नगर के विकल्प खण्ड स्थित रोहित रेजिडेंसी कम्युनिटी सेण्टर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज वर्मा की कृति स्वतंत्रता का काकोरी अध्याय का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सावन-भादो के पर्व और उत्सवों पर चर्चा के साथ हुआ।

वरिष्ठ साहित्यकार एवं चौपाल चौधरी डा. रामबहादुर मिश्र ने कहा कि आजादी के आन्दोलन को लोक साहित्य और संस्कृति का अवलम्बन मिला था। धर्मप्राण भारतीय जनमानस के लिए देवी-देव और परम्पराओं का सदैव महत्व रहा है। उन्होंने काकोरी एक्शन के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जनवीणा प्रकाशन द्वारा प्रकाशित स्वतंत्रता का काकोरी अध्याय पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि स्वाधीनता आन्दोलन में संघर्ष करने वाले क्रान्तिवीरों का स्मरण लोगों में देशभक्ति भाव का संचार करेगा।

लोकार्पित कृति पर चर्चा करते हुए लेखक राज वर्मा ने कहा कि नयी पीढ़ी और बड़ी वय के भी बहुतेरे लोग काकोरी एक्शन से अनभिज्ञ हैं। इस पुस्तक के माध्यम से काकोरी एक्शन की गौरवपूर्ण और साहसिक घटना को पांच अध्यायों में वर्णित किया गया है जिनमें अभियान के बाद ब्रिटिश कार्यवाही, योजना में शामिल क्रान्तिकारियों का विवरण, मुकदमे की जानकारी व अन्य रोचक तथ्य शामिल हैं। परिचर्चा में दीपक कबीर, संस्थान की संरक्षक डा. स्मिता मिश्रा, अध्यक्ष जीतेश श्रीवास्तव एवं चौपाल प्रभारी अर्चना गुप्ता ने भी अपने विचार रखे। सांस्कृतिक सत्र के दौरान अंतरा भट्टाचार्य के मार्गदर्शन सौम्या गोयल, सुमन मिश्रा के निर्देशन व सूत्रधार स्मिता पाण्डेय के संचालन में हम बुलायें, अच्युतम केशवम, जयतु जननी जन्मभूमि, श्याम रंग में रंगी राधिका आज हुई मतवारी पर गायन और नृत्य की सामूहिक प्रस्तुतियां हुईं, जिसमें सौम्या गोयल, अविका गांगुली, अथर्व श्रीवास्तव, आद्रिका मिश्रा, अव्युक्ता, अमेया सिंह, कर्णिका सिंह, प्रवीन गौर, विनीता मिश्रा, दीपिका, माधुरी सोनी, शिशिर मुखर्जी आदि कलाकार सम्मिलित रहे। संचालन अर्चना गुप्ता तथा आभार ज्ञापन संस्थान की सचिव डा. सुधा द्विवेदी ने किया।

'एक शाम... नवाब शाहाबादी के नाम' में कई विभूतियां सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता **(vol)**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में रविवार को नवाब शाहाबादी फाउण्डेशन एवं कविलोक साहित्यिक संस्थान की ओर से सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव 'नवाब शाहाबादी' की स्मृति में 'एक शाम... नवाब शाहाबादी के नाम...' कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहायक निर्वाचन अधिकारी साहित्यकार डॉ. सुनीता सिंह शामिल रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेतना स्रोत पत्रिका के प्रधान सम्पादक डॉ गोपाल शर्मा 'मृदुल' ने की। विशिष्ट अतिथि नमन प्रकाशन समूह के अध्यक्ष साहित्यकार नवीन शुक्ल 'नवीन' एवं सुप्रसिद्ध संगीतकार मृदुला श्रीवास्तव मौजूद रहीं। मुख्य वक्ता डॉ.आशुतोष वाजपेयी ने नवाब शाहाबादी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। सुप्रसिद्ध साहित्यकार रमाशंकर सिंह को 'नवाब शाहाबादी कविलोक गौरव सम्मान' एवं सुविख्यात युवा कवयित्री आकृति विज्ञा 'अर्पण' को गीता श्रीवास्तव स्मृति कविलोक शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। दीप-प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वन्दना से आरम्भ हुए इस समारोह में रामशंकर सिंह ने 'जब हुआ आकाश उन्मुख मन/बादलों से भी हुई अनबन।, दृष्टि के उस पार जाने के लिए / एक अभिनव लक्ष्य पाने के लिए, पंख फैलाए उड़ानों के निमित/ दूरियां सारी मिटाने के लिए...', इसके बाद आकृति विज्ञा 'अर्पण' ने अपने काव्यपाठ में अपना गीत 'सुनों बसंती हील उतारो/ अपने मन की कील उतारो। नंगे पैर चलो धरती पर/बंजर पथ पर झील उतारो...' सुनाकर प्रशंसा पाई। कार्यक्रम संचालक गीतकार राजेश 'राज' ने कविलोक का संस्थागीत भी सुनाया। नवाब शाहाबादी परिवार से मंजुला सहाय, अनुपम श्रीवास्तव, अनुप्रिय श्रीवास्तव, मोनिका श्रीवास्तव, अरुणाभ श्रीवास्तव, प्रियंका श्रीवास्तव, श्रीमती अनुया श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, मृदुला श्रीवास्तव, अर्जुन श्रीवास्तव, सन्ध्या श्रीवास्तव, अरुंधति, नीरा सिन्हा वर्षा, रवीन्द्रनाथ, मदनलाल मौजूद रहे। कार्यक्रम में लखनऊ के वरिष्ठ साहित्यकार रामऔतार पंकज, अनिल अनवर, रामयज्ञ त्रिपाठी, राजेन्द्र शुक्ल 'राज', विशाल श्रीवास्तव, आदर्श सिंह 'निखिल', रजनी राय, अरविन्द झा, विशाल श्रीवास्तव, शशि नारायण त्रिपाठी, डॉ. अखिलेश निगम, डॉ. शिवभजन कमलेश, कृष्णकांत झा एवं आवारा नवीन सहित अनेक साहित्यप्रेमी शामिल रहे।

79 किलो लड्डू बांटकर हर्षोल्लास से मनाया आजादी का जश्न

विशेष संवाददाता (vol)

- हजरतगंज में सजी जश्न ए आजादी की महफिल, हुआ झंडारोहण
- देश भक्ति के गीतों से बंधा समां, लोगो ने लगाये भारत माता की जय- वन्देमातरम के नारे

लखनऊ। जश्न-ए-आजादी ट्रस्ट द्वारा हजरतगंज स्थित हनुमान मंदिर के पास ध्वजारोहण किया गया। विभिन्न धर्म-गुरुओं की मौजूदगी में झंडा रोहण का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। झंडारोहण के इस कार्यक्रम में मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, महंत दिव्यागिरी, मौलाना सुफियान, विनोद पंजाबी, वी बी पांडे, राहुल खन्ना, डॉ सुल्तान शाकिर हाशमी, मौजूद रहे। झंडारोहण के उपरांत 79 किलो लड्डू का वितरण भी किया गया तथा आसमान में 79 तिरंगे गुब्बारे आसमान में उड़ाए गए। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष मुरलीधर आहूजा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे देश का सबसे बड़ा त्यौहार होना चाहिए बस इसी भावना के साथ आजादी का उत्सव हम सब जोर शोर से मनाते है। ट्रस्ट की महामंत्री निगहत खान ने कहा कि हिन्दू, मुसलिम, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध, आदि सभी ने एक साथ मिलकर इस जश्न में शामिल होकर एकता और अखण्डता का संदेश दिया। इस राष्ट्रीय पर्व पर देश की खुशहाली और अमन शांति की दुआ भी की गई।

शाम को जश्ने आजादी ट्रस्ट द्वारा विभिन्न आयोजन करके भारत पर्व के रूप में बड़े ही हर्षोल्लास से हजरतगंज मल्टीलेवल पार्क के बाहर आजादी का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर देश भक्ति के संगीत भरे माहौल में नृत्य कॉमेडी और सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर देश के मशहूर जादूगर शाशा द्वारा जादू का कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। अंतरराष्ट्रीय कॉमेडियन श्री अरशद खान ने दर्शकों को अपनी कॉमेडी के माध्यम से खूब हंसाया। देश भक्ति के तराने को सत्येंद्र आर्य, खातिब खान, पुष्पेंद्र सक्सेना, सलीम खान, मुस्कान खत्री आदि ने बहुत उत्साह पूर्वक गया तथा अलंकृत रावत तृषा शुक्ला सिया मिश्रा चित्रांश तथा आद्रिका ने देशभक्ति के गीतों पर नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। गुरुत्वक्ष म्यूजिक स्टूडियो द्वारा संगीत का बहुत ही अच्छा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और राज्यसभा सदस्य डॉ दिनेश शर्मा का स्वागत ट्रस्ट के अध्यक्ष मुरलीधर आहूजा, महामंत्री निगहत खान, चेयरपर्सन रजिया नवाज, कोषाध्यक्ष वामिक खान, मीडिया प्रभारी अब्दुल वहीद, संस्थापक सदस्य जुबैर अहमद ने किया तथा आयोजन में आए हुए सभी अतिथियों का मुतुर्जा अली, वेद व्रत बाजपेई और कुदरत उल्ला खान ने तिरंगा पट्टी पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान करने वाली कई विभूतियों को मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर जश्न ए आजादी ट्रस्ट की सराहना करते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि यह आजादी का त्यौहार हम बड़ी धूमधाम से मनाना चाहिए और इस मौके पर हर व्यक्ति अपने घर पर तिरंगा लगाकर आजादी का जश्न हर्षोल्लास से मनाए। इस अवसर पर डॉ दिनेश शर्मा ने लोगो को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए जश्न ए आजादी ट्रस्ट के कार्यों की तारीफ की। पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों को सम्मानित किया तथा कहा कि इस प्रकार के आयोजन देश में एकता एवं अखंडता का संदेश देते हैं। इस आयोजन में कवि वेदव्रत बाजपेई ने अपनी देश भक्ति की कविता से सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का संचालन, अब्दुल वहीद, वामिक खान, अरशद खान के द्वारा किया गया।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने पार्टी कार्यालय पर ध्वजारोहण किया

लखनऊ। 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर के कैसरबाग कार्यालय में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ भी दिलाई। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने लखनऊ वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने देश की स्वतंत्रता और भारत माता की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को याद करके नमन किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस उन अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग साहस और समर्पण को याद करने का अवसर है जिन्होंने हमें आजादी का अनमोल उपहार दिया। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पार्टी कार्यालय को तिरंगे झंडे और तिरंगे गुब्बारे से सजाया गया। सभी ने एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और भारत माता की जयह के जयघोष के साथ मिठाई वितरण हुआ। महिला कार्यकर्ता विशेष कर तिरंगे रंग के परिधान में नजर आई वहीं पुरुष कार्यकताओं ने तिरंगे रंग का पटका, तिरंगे का स्टीकर और बैच लगाकर तिरंगे के प्रति उत्साह और गौरव प्रदर्शित किया। इस अवसर पर अंजनी श्रीवास्तव, महानगर उपाध्यक्ष अशोक तिवारी, घनश्याम अग्रवाल, विवेक सिंह तोमर, सौरभ वाल्मीकि, जया शुक्ला, राकेश सिंह, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, अभिषेक खरे, विनायक पांडे, मानवेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, सीता नेगी, शादाब आलम, चेतन सिंह बिष्ट राकेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में शुक्रवार को 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इसके पहले शुरूआत कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने तिरंगा फहरा कर किया। इस मौके पर उन्होंने आजादी में अपनी प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को याद कर नमन किया। कहा कि आजादी के लिए बहुत सी कुर्बानियां दी गयी। हमारे पूर्वजों ने अपने जान न्योछावर कर दिया। तब जाकर आज हम इस खुली हवा में सांस ले रहे हैं। आज हम एक परिपक्व और जिम्मेदार लोकतंत्र के रूप में दुनिया में जाने जाते हैं। इस लोकतंत्र को और अधिक मजबूत करने की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि विकसित भारत के लक्ष्य को पाने में सबसे अधिक जिम्मेदारी आप सभी की है। हमें अपने कर्तव्यों को पूरी ईमानदारी के साथ निभाना चाहिए। एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए हमें अपना तंत्र तैयार करना होगा। तकनीकी रूप से सबल होना पड़ेगा। वर्तमान परिस्थितियों में भले ही हमारे सामने कई चुनौतियां हैं मगर पहले भी हम ऐसी स्थिति का सामना सफलतापूर्वक कर खुद को साबित कर चुके हैं। लेकिन हमें हमेशा आगे की ओर बढ़ने के लिए परिवर्तन को स्वीकारना होगा। कार्यवाहक कुलसचिव एवं वित्त अधिकारी केशव सिंह ने कहा कि आज का दिन हमारे लिये विशेष है। हमें इस दिन के महत्व को समझने की जरूरत है। एक नागरिक के तौर पर हमें अपने अधिकारों के साथ ही कर्तव्यों का भी भलिभांति आभास होना चाहिए।

अवध कॉलेज़िएट स्कूल में धूमधाम से मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

लखनऊ। 15 अगस्त को अवध कॉलेज़िएट स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रबन्धक श्री सर्वजीत सिंह द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसके बाद समस्त विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर राष्ट्रीय गान गाया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नृत्य और भाषण प्रस्तुत कर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया। एनसीसी कैडेट के द्वारा मार्च पास्ट किया गया व राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। इसके पश्चात सभी शाखाओं की प्रधानाचार्यों जिसमें दरोगा खेड़ा की इंदु चंदेल, रामगढ़ शाखा की नीरजा सिंह एवं मोहान शाखा की अनिता कुमारी की उपस्थिति में कार्यक्रम में शिक्षकों व विद्यार्थियों ने देश की एकता, शांति और प्रगति के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। पूरा विद्यालय देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

स्वतंत्रता दिवस पर ली स्वच्छता की शपथ

लखनऊ। ओम साईं राम सेवा समिति द्वारा स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ पर न्यू पारा कॉलोनी में आयोजित भव्य समारोह में ध्वजा रोहण किया गया। इस अवसर पर देश की आजादी के लिए शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी गई और देशभक्ति की भावना को जगाया गया। समिति की ओर से राकेश दिक्षित ने पांचवां झंडारोहण किया। ध्वजा रोहण के अवसर पर सभी सदस्यों ने स्वच्छता की शपथ भी ली, कि समिति पूरी कालोनी को स्वच्छता में विशिष्ट स्थान दिलाने का कार्य प्राथमिकता से करेगी। कार्यक्रम में राकेश दिक्षित, मातंबर मिश्रा, दीपक शुक्ला, प्रभात अग्रवाल, गंतव्य पांडे, अविनाश बाजपेई, रत्नेश करदम व गौरव दीक्षित समेत क्षेत्रीय लोगों ने बाद चढ़ कर हिस्सा लिया।

लखनऊ पब्लिक स्कूल ने 79वां स्वतंत्रता दिवस उमंग के साथ मनाया

लखनऊ। लखनऊ पब्लिक स्कूल (सी. पी. सिंह फाउंडेशन) ने अपनी सभी शाखाओं – सेक्टर झ्रक, साउथ सिटी, एल्डेको, अंसल और अन्य परिसरों – में 79वां स्वतंत्रता दिवस अत्यंत उत्साह, सांस्कृतिक रंगारंग प्रस्तुतियों और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण से हुई, जिसे संबंधित प्राचार्यों ने संपन्न कराया। इसके बाद राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत की सामूहिक प्रस्तुति ने उपस्थित सभी लोगों के हृदय में गौरव और एकता की भावना को प्रबल किया। सेक्टर-1शाखा में कार्यक्रम का आरंभ विशेष स्वागत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुआ। प्री-प्राइमरी विद्यार्थियों ने रंगारंग नन्हीं प्रतिभाएं फैंसी ड्रेस से सबका मन मोह लिया। कक्षा 1 और 2 ने लिटिल वंडर्स प्रस्तुत किया, कक्षा 3 और 4 ने ए कैनोपी ऑफ पैट्रियटिज्म के माध्यम से देशभक्ति का संदेश दिया। प्राथमिक विंग ने देशभक्ति का पैगाम प्रस्तुत किया। जलियांवाला बाग पर आधारित भावपूर्ण नाटक, देशभक्ति गीतों का संगम और वैश्नवी सिंह की ओजस्वी कविता पाठ ने समारोह को और प्रभावशाली बना दिया। कार्यक्रम का समापन हेड बॉय अभिनव सिंह चौहान और हेड गर्ल वाणी सेठी के प्रेरणादायक संबोधन से हुआ।

लोहिया आयुर्विज्ञान संस्था के 15 कर्मचारी डायरेक्टर्स अवार्ड ऑफ मेरिट से सम्मानित

लखनऊ। डॉ राम मनोहर लोहिया आयुविज्ञान संस्थान के डायरेक्टर डा. प्रो. सीएम सिंह ने आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लोहिया संस्थान के 15 से अधिक कर्म योगी कर्मचारियों को डायरेक्टर्स अवार्ड ऑफ मेरिट से सम्मानित किया। इस अवसर पर कर्म योगी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और 5000 का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। एनेस्थीसिया विभाग के सीनियर टेक्निकल ऑफिसर कमल जोशी, डायलिसिस यूनिट मे कार्यरत टेक्निकल ऑफिसर जगत वर्मा, माइक्रोबायोलॉजी मे कार्यरत टेक्निकल ऑफिसर संतोष पाण्डेय, बायोकेमिस्ट्री मे कार्यरत सीनियर टेक्निकल ऑफिसर अशोक कुमार और अन्य पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा पूरी निष्ठा लगन मेहनत और ईमानदारी से कार्य करने की वजह से उन्हें यह पुरस्कार दिया।

सेंट जोसेफ समूह में स्वतंत्रता दिवस पर निकाली प्रभात फेरी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आजादी के अमृत काल में स्वतंत्र भारत का 79वां स्वाधीनता दिवस सेंट जोसेफ समूह की राजाजीपुरम्, सीतापुर रोड, रूचिखण्ड स्थित शाखाओं में बड़ी ही धूमधाम व उल्लास के साथ मनाया गया। इसके पूर्व प्रातः हजारों की संख्या में बच्चों ने स्कूल बैंड के साथ हाथो में तिरगां लिये प्रभात फेरी निकाली। जोशीले नारे लगाते और देशभक्ति के गीतों के साथ बच्चों ने पूरे क्षेत्र को गुजांयमान कर दिया। सेंट जोसेफ समूह की संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती पुष्पलता अग्रवाल ने विद्यालय की मुख्य शाखा राजाजीपुरम में ध्वजारोहण किया। वहीं सीतापुर रोड व रूचिखण्ड शाखा में प्रबन्ध निदेशक अनिल अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। बच्चों ने इस अवसर पर स्कूल बैंड की प्रस्तुति के साथ अनेक रंगारंग देशभक्ति से परिपूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत किये। अपने संबोधन में संस्थापक अध्यक्ष पुष्पलता अग्रवाल ने 79शील्ल स्वतन्त्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमारी स्वतंत्रता हमारी धरोहर है जिसे सहेज कर रखना आने वाली पीढ़ी की जिम्मेदारी है। देश का भविष्य भारत की युवा शक्ति के सही हाथों में है, जो आने वाले भविष्य के लिये एक शुभ संकेत है। स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर विद्यालय की सभी शाखाओं में बड़ी संख्या में बच्चों के साथ अभिभावक उपस्थित थे। विद्यालय की संस्थापक अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम की समाप्ति पर मिष्ठान वितरण किया गया।

लखनऊ चारबाग रेलवे स्टेशन के गौरवशाली 100 वर्ष पूर्ण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारत के प्रमुख रेलवे स्टेशनों में से एक लखनऊ (चारबाग) रेलवे स्टेशन ने अपने निर्माण के गौरवशाली 100 वर्ष पूरे कर लिए हैं। यह रेलवे स्टेशन भारत का बेजोड़ रेलवे स्टेशन है जिसकी नींव सन 1914 में बिशप जॉर्ज हर्बर्ट ने रखी थी कइसे बनाने में करीब 09 वर्ष लगे एवं निर्माण पर करीब रुपए 70 लाख की लागत आई थी कस्टेशन का पहला चरण 1923 में और दूसरा व अंतिम चरण 1925 में पूरा हुआ था। एक अगस्त 1925 को ईस्ट इंडिया रेलवे के जी.एल. काल्विन ने प्रथम श्रेणी पोर्टिको के पास एक संदूक को गाड़ा। संदूक में एक सिक्का और उस दिन का अखबार रखा गया था।

हवाई दृश्य से शतरंज की बिसात जैसा दिखने वाला ये स्टेशन कारीगरी का बेजोड़ नमूना है कइस स्टेशन की यूं तो बहुत सी खूबियाँ हैं लेकिन एक विशेष बात ये है की इस स्टेशन पर गाड़ियों की आवाज बाहर नहीं सुनाई देती है कऐतिहासिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू की पहली मुलाकात 26 दिसंबर 1916 को इसी स्टेशन पर हुई थी क निर्मित इस ऐतिहासिक स्टेशन ने न केवल स्थापत्य कला का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है, यह स्टेशन भारतीय रेल के विकास, यात्रियों की बढ़ती आवश्यकताओं और देश की स्वतंत्रता संग्राम की गाथाओं का भी साक्षी रहा है।

पिछले 100 वर्षों में यह स्टेशन निरंतर प्रगति करता रहा है और आज आधुनिक यात्री सुविधाओं, तकनीकी उन्नयन एवं विश्वस्तरीय सेवाओं से सुसज्जित है।

15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री सुनील कुमार वर्मा के नेतृत्व में मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा रेलवे स्टेडियम, गाँधी पार्क व 2ल्ल एन्ट्री स्टेशन परिसर की ओर 100 पौधे लगाकर शताब्दी वर्ष कार्यक्रम का शुभारम्भ किया ' 16 अगस्त 2025 को बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने रेलवे और देशभक्ति विषय पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। आज दिनांक 17 अगस्त 2025 को लखनऊ रेलवे स्टेशन पर स्टेशन के इतिहास पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस नाटक में स्टेशन की पूर्व कार्यप्रणाली एवं वर्तमान में उपलब्ध यात्री सुविधाओं तथा आधुनिक कार्यशैली को प्रदर्शित किया गया। आज दिनांक 17 अगस्त 2025 को लखनऊ रेलवे स्टेशन पर स्टेशन के इतिहास पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस नाटक में स्टेशन की पूर्व कार्यप्रणाली एवं वर्तमान में उपलब्ध यात्री सुविधाओं तथा आधुनिक कार्यशैली को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने लखनऊ रेलवे स्टेशन के इतिहास पर आधारित एक विशेष शार्ट फिल्म का रिमोट दबाकर उद्घाटन किया तथा ब्रिटिश कालीन निर्माण, गौरवशाली इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम में स्टेशन की भूमिका को समर्पित एक पुस्तक का विमोचन भी किया। ड्राइंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को मंडल रेल प्रबंधक द्वारा प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

'गूंज' जरूरतमंदों तक पहुंचा रही मदद

लखनऊ। गैर-सरकारी संस्था गूंज शहरों और गांवों के बीच सेतु बनकर काम कर रही है। संस्था शहरों में अनुपयोगी हो चुके कपड़े, बर्तन, किताबें और घरेलू सामान एकत्र कर उन्हें जरूरतमंदों तक पहुंचाती है। इस पहल से न केवल ग्रामीण समुदायों को सहारा मिलता है बल्कि समाज में आपसी सहयोग की मिसाल भी कायम होती है। गूंज का काम केवल वस्त्र या सामान वितरण तक सीमित नहीं है। यह संस्था आपदा राहत, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और आजीविका जैसे क्षेत्रों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। बाढ़, सूखा या किसी अन्य प्राकृतिक आपदा के समय गूंज हर बार अग्रिम पंक्ति में खड़ी नजर आती है। आज गूंज का नेटवर्क देश के 23 राज्यों में फैला हुआ है। हर राज्य में स्थानीय जरूरतों के अनुसार संस्था विभिन्न योजनाएं चला रही है, जिससे गांवों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं।

पार्षद संजय सिंह राठौर नें उजरियांव मे जर्जर पडी सड़क का किया शिलान्यास

लखनऊ। राजीव गाँधी प्रथम वार्ड पार्षद संजय सिंह राठौर जी द्वारा ग्राम उजरियांव में जर्जर पडी सड़क जिसपर जनता का पैदाल चलना मुश्किल था के निर्माण का आज दिनांक 17/8/2025 दोपहर समय लगभग 2:00 शिलान्यास किया, जिसके लिए ग्राम उजरियांव वासीयो नें पार्षद जी कों तहे दिल से धन्यवाद देते हुए मला पहना कर स्वागत किया।

आज 23 ट्रेनें रहेंगी निरस्त, अनेक के मार्ग बदलेंगे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुये क्षमता विस्तार हेतु अनेक प्रभावी कदम उठाये गये हैं। अभी तक कुसुम्ही से देवरिया सदर एवं डोमिनगढ़-बस्ती-गोविन्दनगर रेल खण्डों पर ऑटोमेटिक सिगनलिंग पर टेज्नों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में छपरा से बाराबंकी के मध्य ऑटोमेटिक सिगनलिंग सिस्टम लगाने का कार्य चल रहा है। इसको आगे बढ़ाते हुये गोरखपुर-गोण्डा रेल खण्ड पर स्थित गोविन्दनगर-टिनिच-गौर-बभनान (24.64 किमी.) के मध्य ऑटोमेटिक सिगनलिंग के कमीशन हेतु नान इण्टरलॉक कार्य किये जाने के कारण 18 अगस्त,2025 को ब्लाक दिये जाने के फलस्वरूप गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन, पुनर्निर्धारण एवं नियंत्रण निम्नवत किया जायेगा तथा कुछ गाड़ियों का बभनान/गौर/गोविन्दनगर/टिनिच स्टेशनों पर अस्थाई रूप से ठहराव नही दिया जायेगा।

निरस्तीकरण के तहत भटनी एवं अयोध्या धाम से 18 एवं 19 अगस्त को चलने वाली 65115/65116 भटनी-अयोध्या धाम-भटनी मेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर एवं लखनऊ जं. से 19 अगस्त को चलने वाली 15031/15032 गोरखपुर-लखनऊ जं.-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोमतीनगर से 18 अगस्त को चलने वाली 15113 गोमतीनगर-छपरा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। लखनऊ जं. एवं पाटलिपुत्र से 19 अगस्त को चलने वाली 15034/15033 लखनऊ जं.-पाटलीपुत्र-लखनऊ जं. एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर एवं बहराइच से 18 एवं 19 अगस्त को चलने वाली 05131/05132 गोरखपुर-बहराइच -गोरखपुर विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। नकहा जं. एवं नौतनवा से 18 एवं 19 अगस्त को चलने वाली 55071/55072 नकहा जं.-नौतनवा-नकहा जं. सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 18 एवं 19 अगस्त को चलने वाली 55031 गोरखपुर-गोण्डा सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी तथा गोण्डा से 20 एवं 21 अगस्त को चलने वाली 55032 गोण्डा-गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 18 एवं 19 अगस्त को चलने वाली 55093 गोरखपुर-गोण्डा सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी तथा गोण्डा से 19 एवं 20 अगस्त को चलने वाली 55094 गोण्डा-गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी।

गोण्डा से 18 एवं 19 अगस्त को चलने वाली 55091 गोण्डा-सीतापुर सिटी सवारी गाड़ी निरस्त तथा सीतापुर सिटी से 19 एवं 20 अगस्त को चलने वाली 55092 सीतापुर सिटी-गोण्डा सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोण्डा एवं सीतापुर सिटी से 19 अगस्त को चलने वाली 55033/55034 गोरखपुर-सीतापुर सिटी-गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। सीता9पुर जं. एवं शाहजहाँपुर से 19 एवं 20 अगस्त को चलने वाली 55059/55060 सीतापुर जं.-शाहजहाँपुर-सीतापुर जं. सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 20 एवं 21 अगस्त को चलने वाली 55075 एवं 55073 गोरखपुर-बढ़नी सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी।

मार्ग परिवर्तन के तहत छपरा से 18 अगस्त को चलने वाली 15109 छपरा-मथुरा जं0 एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोरखपुर-बस्ती-गोण्डा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। दरभंगा से 18 अगस्त को चलने वाली 12565 दरभंगा-नई दिल्ली एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोरखपुर-बस्ती-गोण्डा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। मुजफ्फरपुर से 18 एवं 19 अगस्त को चलने वाली 12557 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोरखपुर-बस्ती-गोण्डा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। जयनगर से 18 अगस्त को चलने वाली 14673 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोरखपुर-बस्ती-गोण्डा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, मनकापुर स्टेशनों पर नहीं होगा। दरभंगा से 18 एवं 19 अगस्त को चलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग गोरखपुर-बस्ती-गोण्डा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। बरौनी से 18 एवं 19 अगस्त को चलने वाली 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग गोरखपुर-बस्ती-गोण्डा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव बस्ती स्टेशन पर नहीं होगा। भागलपुर से 18 अगस्त को चलने वाली 09412 भागलपुर-गांधीधाम विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग गोरखपुर-बस्ती-गोण्डा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी।

लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 17 एवं 18 अगस्त को चलने वाली 20103 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-आजमगढ़ एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोण्डा-बस्ती-गोरखपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव मसकनवा, बभनान, बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन पर नहीं होगा। काठगोदाम से 18 अगस्त को चलने वाली 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोण्डा-बस्ती-गोरखपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। गोमतीनगर से 18 अगस्त को चलने वाली 15078 गोमतीनगर-कामाख्या एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोण्डा-बस्ती-गोरखपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 18 अगस्त को चलने वाली 12558 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोण्डा-बस्ती-गोरखपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 18 अगस्त को चलने वाली 15274 आनन्द विहार टर्मिनस-रक्सौल एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोण्डा-बस्ती-गोरखपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी।

लखनऊ नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव में भाजपा पार्षदों की बड़ी जीत

लखनऊ। नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव में रिक्त हुए 6 पदों पर भाजपा के पाँचो पार्षद प्रत्याशी आज निर्विरोध चुने गए। अरुण कुमार राय, पृथ्वी गुप्ता, पिंकी रावत, राजेश सिंह 'गब्बर' और संदीप शर्मा के निर्विरोध चुने जाने पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने नगर निगम महापौर कार्यालय पहुंचकर सभी को बधाई दी और नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी। आनंद द्विवेदी ने कहा कि कार्यकारिणी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने बड़ी जीत हासिल की है। मुझे विश्वास है कि सभी महापौर जी के मार्गदर्शन में एकजुटता से लखनऊ को और स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए कार्य करेंगे। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि निर्वाचन से पूर्व प्रातः लखनऊ महानगर प्रभारी, महापौर सुषमा खर्कवाल, सभी पार्षद प्रत्याशी और उनके समर्थक त्रिलोकी नाथ रोड पर एकत्रित हुए।

हमारी सरकार ने उस तबके को स्पर्श किया जिनके प्रति अटल जी की संवेदना थी: सीएम

'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा

विशेष संवाददाता (vol)

• मुख्यमंत्री ने किया विजेताओं का सम्मान, अतुलनीय अटल जी पुस्तक का हुआ विमोचन

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सामान्य परिवार में जन्मे अटल जी ने कर्म पर विश्वास करते हुए राजनीति को सेवा का माध्यम बनाकर जीवन के विभिन्न पक्षों को नेतृत्व प्रदान किया था। जिस भी क्षेत्र में अटल जी की दखल हुई, उसमें उत्कृष्टतम कार्य करते हुए नयापन करके दिखाया। यूपी का सौभाग्य है कि आगरा का बटेश्वर उनकी पैतृक भूमि है। उन्होंने कानपुर में उच्च शिक्षा ग्रहण की और बलरामपुर से राजनीतिक पारी की शुरुआत की। हमारी सरकार उनके नाम पर वहां मेडिकल कॉलेज का निर्माण कर रही है। सीएम ने कार्यकर्ताओं के समक्ष विश्वास जताया कि जनसंघ व भाजपा के संस्थापकों ने जिन मूल्यों व आदर्शों के लिए सेवा और राष्ट्रीयता के भाव को सर्वोच्च मानते हुए राजनीति को सेवा के जिस अभिन्न हिस्से के रूप में स्वीकार किया, उसे हम सभी व्रत मानेंगे। सीएम योगी शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी की सातवीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा व काव्य समागम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया। अतिथियों ने ह्यअतुलनीय अटल जी पुस्तक का विमोचन किया। कवि पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा ने काव्य पाठ प्रस्तुत किया। सीएम योगी ने अपने संबोधन में अटल जी की कविता का जिक्र किया।

सीएम योगी ने कहा कि अटल जी ने पांच बार लखनऊ से संसद में प्रवेश किया। हमारी सरकार ने उस तबके को टच किया, जिनके प्रति अटल जी की संवेदना थी। सीएम ने कहा कि यदि शिक्षा का मॉडल यदि देखना है तो अटल आवासीय विद्यालय लखनऊ में जाकर देखिए। उन्होंने कहा कि पहले अनेक विषमताएं थीं, लेकिन 8 वर्ष में प्रदेश के मेडिकल एजुकेशन में आमूलचूल परिवर्तन हुए हैं। अटल जी की पहली पुण्यतिथि पर लखनऊ के लोकभवन में मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में जब पीएम मोदी आए थे तो उन्होंने लखनऊ में अटल जी के नाम पर यूपी की पहली मेडिकल यूनिवर्सिटी का शिलान्यास भी किया था। जो यूपी स्वस्थ, अर्थव्यवस्था, विकास समेत हर क्षेत्र में बीमारू था, आज वह हर बीमारी का उपचार कर रहा है। यह कार्य इन महापुरुषों की प्रेरणा व मार्गदर्शन में हो पाया है। सीएम योगी ने कहा कि अटल जी की स्मृतियों को बनाए रखने के लिए प्रदेश सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। यूपी कैबिनेट ने हाल में निर्णय लिया है कि उच्च शिक्षा के लिए हर साल पांच छात्र ब्रिटेन जाएंगे। यह स्कॉलरशिप अटल जी के नाम पर समर्पित है। यह वर्ष अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष भी है। अटल जी ने भी अपनी कविताओं के माध्यम से प्रेरणा दी। जिन मुद्दों को लेकर आज भारतीय जनता पार्टी कार्य करते हुए उसे क्रियान्वित कर रही है, उसे लेकर लोग हंसते थे कि क्या यह हो पाएगा। कार्यक्रम संयोजक उप मुख्यमंत्री ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, अमरपाल मौर्य, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, ओमप्रकाश राजभर, दारा सिंह चौहान, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, रामचंद्र प्रधान, उमेश द्विवेदी, पवन सिंह चौहान, गोविंद नारायण शुक्ला, मुकेश शर्मा, लालजी प्रसाद निर्मल, इंजी. अवनीश सिंह, विधायक जयदेवी, अमरेश कुमार, योगेश शुक्ल, पद्मश्री मालिनी अवस्थी, भाजपा के जिलाध्यक्ष विजय मौर्य, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

जल्द ही बिल रिवीजन प्रक्रिया ऑनलाइन होगा

लखनऊ। बिजली बिल गड़बड़ होने पर उपभोक्ता को अब घबराने की जरुरत नहीं है। उपकेन्द्र के बाबू बिल रिवीजन करने के बाद उसे आनलाइन भी करेंगे जिससे उपभोक्ता अपने बिल को भी सही और गलत की पहिचान कर सकता है। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन बिल रीविजन सिस्टम को पूरी तरह ऑनलाइन करने जा रहा है। बिल में गड़बड़ी से संबंधित शिकायतें उपभोक्ता ऑनलाइन करेंगे। जिसके आधार पर उसकी शिकायतों का समाधान होगा। रीविजन से संबंधित सभी प्रक्रिया के ऑनलाइन होने पर बिल में सुधार के नाम पर उपभोक्ताओं से वसूली करने वालों की दुकानें बंद हो जाएंगी। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने यह कदम हाल के दिनों में बिल रिवीजन के नाम पर हुए घोटालों को ध्यान में रखते हुए उठाया है। देवरिया और महोबा में बिल रिवीजन के मामले में घोटाले के मामले हाल ही में सामने आए थे। जिसकी जांच कराई जा रही है। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के पूर्व चेयरमैन व प्रमुख सचिव ऊर्जा आशीष गोयल ने निर्देश दिया है कि बिल रिवीजन का साफ्टवेयर तैयार हो रहा है। इसी महीने इसका परीक्षण भी कर लिया जाएगा। जून से बिल रिवीजन को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया जाएगा। उपभोक्ता ऑनलाइन प्लेटफार्म पर बिल से संबंधित गड़बड़ी की शिकायत करेगा।

सर्वोदय विद्यालय के मरम्मत कार्य की गुणवत्ता से मंत्री नाराज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय (बालक) गोपालपुर, भोजीपुरा का समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने रविवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री ने विद्यालय में चल रहे भवन मरम्मत कार्य का जायजा लिया। उन्होंने पाया कि कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं है। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए राज्यमंत्री ने आउटसोर्सिंग पर कार्यरत जूनियर इंजीनियर (जेई) माज खान को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों को मरम्मत कार्य को तय मानकों के अनुसार समयबद्ध ढंग से पूरा कराने के निर्देश भी दिए।

राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सर्वोदय विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों को बेहतर शिक्षा एवं सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए 1.5 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस राशि से विद्यालय भवन को नया स्वरूप देने का कार्य किया जा रहा है। हमारा उद्देश्य है कि यहां पढ़ने वाले बच्चों को फर्नीचर से लेकर भोजन तक सभी व्यवस्थाएं गुणवत्तापूर्ण ढंग से मिलें। हालांकि भोजीपुरा सर्वोदय विद्यालय में टाइल्स लगाने के कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित जेई को हटा दिया गया है। इन संस्थानों से जुड़ा प्रत्येक कार्य गुणवत्तपूर्ण और समयबद्ध होना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निजीकरण को नियामक आयोग ने मंजूरी दी तो होगा प्रदर्शन

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर नियामक आयोग ने निजीकरण के मसौदे को मंजूरी दी तो आयोग दफ्तर के बाहर मौन प्रदर्शन करेंगे। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि निजी घरानों की मिलीभगत से तैयार किए गए निजीकरण के मसौदे को अगर मंजूरी दी जाती है तो बिजली कर्मचारी विरोध प्रदर्शन को बाध्य होंगे। कर्मचारियों का अभिमत जानने के लिए वार्ता की मांग की है। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया कि निजीकरण से संबंधित 10 से ज्यादा फाइलों को छायाप्रति करवाकर पावर कॉरपोरेशन के निदेशक (वित्त) ने अपने पास रख ली हैं। रविवार को उनका कार्यकाल पूरा हो गया है। आयोग आरोपों की जांच करवाए। उन्होंने कहा कि 5 अक्टूबर 2020 को संघर्ष समिति के साथ हुए लिखित समझौते में आयोग के मौजूदा चेयरमैन के दस्तखत हैं। तब वह पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष थे। समझौते में लिखा था कि बिजली कर्मचारियों को भरोसे में लिए बिना यूपी के किसी भी क्षेत्र में बिजली का निजीकरण नहीं होगा। अब अगर आयोग मसौदे को मंजूरी देता है तो वह समझौते का खुला उल्लंघन होगा।

79 स्वतंत्रता दिवस पर ई-रिक्शा संगठन ने निकाली तिरंगा यात्रा

आलमबाग। लखनऊ ई-रिक्शा संगठन द्वारा शुक्रवार को 79 स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा के मद्देनजर संगठन द्वारा आलमबाग चौराहे से लालकुआ तक वंदे मातरम गीत के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। वहीं ई रिक्शा संगठन द्वारा लालकुआं पर यात्रा के समापन के बाद ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष मन्नालाल यादव महामंत्री मयंक श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष सुरेश यादव, मीडिया प्रभारी अहमद हुसैन, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सक्सेना, प्रचार मंत्री रमेश गुप्ता संगठन मंत्री विजेंद्र शर्मा सदस्य संदीप प्रेम अजीत मोहित डीलर संगठन से अंकित जैन ऋषि गुप्ता सहित तमाम ई रिक्शा चालक उपस्थित रहे।

महापौर ने फहराया तिरंगा, स्वच्छता और सेवा का दिया संदेश

लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर निगम मुख्यालय में भव्य ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर कई पार्षद नगर आयुक्त गौरव कुमार समेत अफसर व कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में नगर निगम के कर्मचारियों और सांस्कृतिक दलों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत व प्रस्तुतियां देकर माहौल को और अधिक उत्सवमय बना दिया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि यह हमें यह याद दिलाता है कि हमें अपनी आजादी की रक्षा, अपने संविधान का सम्मान और देश की प्रगति के लिए निरंतर प्रयास करना है। मुझे गर्व है कि लखनऊ केवल तहजीब और संस्कृति का नहीं, बल्कि स्वच्छता और प्रगति का भी प्रतीक बन चुका है। आज हम संकल्प लें कि अपने शहर को साफ, हरा-भरा और सुंदर बनाएंगे, और मिलकर लखनऊ को देश का सबसे स्वच्छ, सबसे विकसित और सबसे खुशहाल शहर बनाएंगे। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने भी अपने विचार साझा किए। कहा कि अपने दिन के कार्यों में अगर आप किसी एक जरूरतमंद व्यक्ति की मदद कर पाए और रात को यह संतोष लेकर सोएं कि आपने किसी की वास्तविक मदद की, तो समझिए आप सही दिशा में हैं।

कही ई-रिक्शा तो कही दो पहिया वाहन कर रहे है सड़क जाम

लखनऊ। शहर को जाम से मुक्त करने के लिए अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस की अतिरिक्त व्यवस्था किया जा रहा है। फिर भी शहर के मुख्य चौराहों से लेकर मुहल्लों के सड़को पर जाम लग जा रहा है। इसका मुख्य कारण ई-रिक्शा के अवैध रूप से बिना रूट के चलने से हो रही है। जबकी ई-रिक्शा का रूट तय है और सख्त निर्देश है कि मुख्य सड़क पर किसी भी हाल में ई-रिक्शा मुहल्लों से मुख्य सड़क पर न जाये। हजरतगंज, कैसरबाग, अमीनाबाद, लाटूस रोड़, आलमबाग, बंग्लाबजार सहित शहर के विभिन्न चौराहो पर गाड़ियों के वहज से घण्टो जाम लग रहा है। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस भारी मसक्कत के बाद जाम को खुलवा पा रही है। जबकी मुख्य मार्ग पर जाम लगने के कारण लोग गल्ली-मुहल्लो से निकलने के चक्कर में जाम लगा दे रहे है। और जब मुख्य मार्ग खुल जाता है तो छोटी-छोटी सड़को पर भी जाम खुल जाता है। आलमबाग में रहने वाले गगनदिप राठौर ने बताया कि पुलिस सड़क पर जाम लगाने का इंतजार करती है। जब जाम लग जाता है तब खड़े होकर जाम को खुलवाने का प्रयास करते है। ऐसे में सड़क पर गाड़ियो की लम्बी लाईन लग जाती है। वही आरटीओ का कहना है कि ऐसे डग्गामर ई-रिक्शा पकड़े जायेगें। जल्द अभियान भी चलाया जायेगा जिससे सड़क पर अवैध ई-रिक्शा पकड़े जायेगें।

तिरंगा रैली के दौरान नाले में गिरा बुजुर्ग

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित तिरंगा रैली कार्यक्रम से पहले गोमतीनगर के हैनीमैन चौराहे पर बड़ा हादसा टल गया। विधायक ओपी श्रीवास्तव के कार्यक्रम स्थल के पास, नाले पर लगाए गए टूटे पत्थरों के कारण बुजुर्ग कार्यकर्ता संजीव डे फिसलकर नाले में जा गिरा। गनीमत रही कि उनकी जान बच गई, लेकिन इस घटना से नगर निगम और एलडीए के बीच नाला हैंडओवर को लेकर विवाद सामने आ गया है। नगर निगम के अधिशासी अभियंता अतुल मिश्रा की ओर से कहा गया कि नाला एलडीए का है। जबकि एलडीए के अनुसार कई साल पहले नाला नगर निगम को हैंडओवर हो चुका है।

वहीं स्थानीय प्रत्यक्ष दर्शियों की मानें तो नाले पर ढाले गए पत्थरों के घटिया होने की वजह से यह घटना हुई है। बुजुर्ग कार्यकर्ता रैली में शामिल होने के लिए मंच की ओर बढ़ रहे थे। जैसे ही उन्होंने नाले के ऊपर लगे पत्थर पर पैर रखा, वह पत्थर टूट गया और वह संतुलन खोकर नीचे नाले में गिर पड़े। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें बाहर निकाला। वायरल हो रही फोटो के अनुसार नाले में गिरे बुजुर्ग के नीचे टूटा हुआ पत्थर बिखरा पड़ा था। लोगों ने आरोप लगाया कि जोन-4 में नालों पर पत्थर बिछाने का काम सिर्फ दिखावे के लिए किया जा रहा है। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता बेहद खराब है, और यह काम सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर किया जा रहा है। हादसे के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कार्यकताओं ने नाले को ढकने के काम की गुणवत्ता पर नाराजगी जताई और जिम्मेदार अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। लोगों ने सीढ़ी लगाकर किसी तरह घायल कार्यकर्ता को बाहर निकाला।

आवास विकास के कार्यालयों में मना 79वां स्वतंत्रता दिवस

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद की ओर से 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ प्रदेश भर के कार्यालयों में मनाया गया। इस अवसर पर आवास आयुक्त डॉ० बलकार सिंह ने परिषद के मुख्यालय पर ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के पश्चात डॉ० बलकार सिंह ने समस्त परिषद कार्मिकों को संबोधित किया। अपने संबोधन में आवास आयुक्त ने परिषद द्वारा संपन्न महत्वपूर्ण कार्यों, नवाचारों एवं योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए परिषद कार्मिकों को परिषद की सतत प्रगति के लिए कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने परिषद के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारी के योगदान को राज्य की अर्थव्यवस्था एवं शहरी विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर नन्हें बालक, बालिकाओं एवं परिषद की महिला कर्मचारियों द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। समारोह का समापन आवास आयुक्त की ओर से परिषद मुख्यालय पर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर किया गया।

शहरों के विकास के लिए 50 साल के लिए मिलेगा पैसा

लखनऊ। शहरों के विकास के लिए 50 साल के लिए कर्ज निकायों को मिलेगा। यह पैसा स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इंवेस्टमेंट-2025 से आच्छादित योजनाओं के लिए दिया जाएगा। इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसमें यह बताया जाएगा कि शहर में कौन-कौन से विकास कार्य कराए जाने हैं। इसके आधार पर केंद्र सरकार से पैसे की मांग की जाएगी। केंद्र सरकार से मिले पैसे को निकायों को जरूरत के आधार पर दिया जाएगा।

79वें स्वतंत्रता दिवस पर लविवि में धूमधाम से मना

लखनऊ। भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने विश्वविद्यालय परिवार को संबोधित करते हुए उन वीर सैनिकों के प्रति गहन श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त की, जिनके अद्वितीय बलिदान से देश को स्वतंत्रता प्राप्त हुई। अपने उद्बोधन में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन का स्मरण करते हुए कहा कि त्याग, सत्याग्रह और अहिंसा इस महान स्वतंत्रता संग्राम के मूल स्तंभ रहे हैं। 1905 में रचित वंदे मातरम गीत का उल्लेख करते हुए उन्होंने सभी से राष्ट्र को माता स्वरूप सम्मानित करने का आह्वान किया। प्रो. खन्ना ने महात्मा गांधी, कृष्ण चंद्र भट्टाचार्य और रवीन्द्रनाथ ठाकुर सहित अनेक स्वतंत्रता सेनानियों और महापुरुषों को नमन करते हुए उनके राष्ट्रहित में किए गए अमूल्य योगदान को याद किया। उन्होंने विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की निरंतर बढ़ती संख्या तथा यूरोप, अमेरिका सहित विभिन्न देशों से आने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों की उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय राष्ट्रीय, शैक्षणिक तथा अनुसंधान के क्षेत्र में निरंतर अपनी प्रतिष्ठा को सुदृढ़ कर रहा है। अपने पूर्व छात्रा होने के नाते प्रो. खन्ना ने आश्वासन दिया कि कुलपति के रूप में वे अपने सहयोगियों के साथ मिलकर विश्वविद्यालय की प्रगति और गौरव में और वृद्धि करेंगी। साथ ही उन्होंने पूर्व कुलपति प्रो. आलोक के. राय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से विश्वविद्यालय के लिए एक सुदृढ़ और स्थायी आधार तैयार हुआ है, जिस पर भविष्य की उपलब्धियाँ निर्मित होंगी।

लेसा के अधिकारियों को नहीं पता कौन ट्रांसफार्मर है ओवरलोडेड

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बिजली ट्रिपिंग लेसा ट्रांस गोमती व सिस गोमती में थमने का नाम नही ले रहा है। उपभोक्ता पावर हाऊस पर जाकर अधिकारियों के खिलाफ प्रदेर्शन कर रहे है। अधिकारियों से कहते है बिजली कटौती कर लो, पर ट्रिपिंग मत करो। बीते एक माह में लेसा ट्रांस गोमती और सिस गोमती का कोई भी ऐसा उपकेन्द्र नही है जहां दिन में दस से बारह बार बिजली कटौती न हुई हो। बिजली कटौती से परेशान उपभोक्ता कभी पार्क तो कभी आने रिस्तेदार के यहा जा रहा है। यही नही गर्मी से बेहाल उपभोक्ता हजारो रुपये खर्चकर इनर्वटर तक लगा रहे है।

चिनहट, गोमतीनगर, गहरु, नादरगंज, चौक, चारबाग, सरोजनीनगर, राजाजीपुरम, पारा कालोनी, सहित अन्य क्षेत्रों में ट्रिपिंग के अलावा बार-बार बिजली कटौती हो रही है। उपभोक्ता जब बिजली कटौती का बिजली उपकेन्द्र पर शिकायत करता है तो अधिकारी फोन तक न ही उठाते है। अधिकारी फोन उठाते भी है तो बहाना बना कर कह देते है जल्दी ही बिजली आ जायेगी। उपभोक्ता की बिजली जाने पर इतना नुकसान नही होता है जितना कामर्शिलय की बिजली कटौती होती है। ट्रांसपोर्ट नगर में ज्यादातर गोदाम या फिर आफिस बने हुए जो प्रतिमाह लेसा को करोडो का बिजली बिल समय पर देते है। जिससे उन्हें समय पर बिजली मिलती रहे। ऐसे उपभोक्ता जो दो गुना बिल भरने के बाद भी बड़ा जनसेट लगवाये है जिससे उनके उद्योग को नुकसान न हो। लेकिन ज्यादा देर तक बिजली कटौती होने पर उन्हें बिजली का फिक्स चार्ज तो देना ही पड़ता है साथ में सैकड़ो लीटर डीजल भी जनसेट के माध्यम से प्रतिदिन जला देते है। एमडी माध्यांचल ने यह सख्त निर्देश दिया है कि जहां पर बिजली उपभोक्ता हो वहा पर अवर अभियंता से लेकर अधीक्षण अभियंता तक निगरानी रखे जिससे उपभोक्ता की समस्या का समाधान समय पर हो सके। मानसरोवर, और नादरगंज से ट्रांसपोर्ट नगर में बिजली सप्लाई चलती है। यहा पर 10 किलोवाट से अधिक सैकड़ो मे उपभोक्ता है। जिसमें 400 केवीए के और 100 केवीए के ट्रांसफार्मर ऐसे है जो क्षमता से अधिक लोड़ पर चल रहे है।

जीएन इंटरनेशनल एकेडमी में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

लखनऊ। जीएन इंटरनेशनल एकेडमी गोविन्द विहार कॉलोनी, कमता, चिनहट मे 79 वा स्वतंत्रता दिवस हर्षौल्लास के साथ मनाया गया।इसमें मुख्य आकर्षक बच्चों के द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम रहें। ध्वजारोहण अनिल दुबे राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय लोकदल द्वारा किया गया। ध्वजारोहण के समय डॉ ए एन सिंह, विजयकुमार सिंह निदेशक कोषागार, डॉ राजेंद्र सिंह, यशवंत सिंह व वन्दना सिंह एवं पारुल शर्मा, सहित कई गण मान्य लोग उपस्थित रहे।डॉक्टर राजेंद्र सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

सड़क व सीवर समस्याओं के समाधान की मांग

लखनऊ। तकरोही सड़क पर जलभराव एवं सीवर समस्याओं को लेकर यहां के लोग जूझ रहे हैं। रविवार को जनकल्याण समिति विहार के लोगों ने प्रदर्शन करते हुए समस्या के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों एव नगर निगम प्रशासन से मांग की। इसकी जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे स्थानीय पार्षद अरविंद सिंह ने समस्याओं के जल्द निराकरण का आश्वासन दिया है। प्रदर्शन करने वालों में प्रमुख रूप विजय शंकर पांडेय अध्यक्ष जगदीश्वरम विहार, रमेश यादव अध्यक्ष कोमल सिटी, हरिश बंसल अध्यक्ष शान्ति नगर, बृजेश सिह एडवोकेट अध्यक्ष बुध विहार, जनमेजय पाठक, बृजेश यादव एवं सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व बच्चे मौजूद रहे।

अटल बिहारी बाजपेयी को पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि दी गई

लखनऊ। लोक प्रशासन विभाग में अटल सुशासन पीठ द्वारा 16 अगस्त को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि दी गई। प्रो. नंद लाल भारती संयोजक अटल सुशासन पीठ /एवं अध्यक्ष लोक प्रशासन विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में विभाग के अन्य शिक्षकगण प्रो वैशाली सक्सेना, डॉ श्रद्धा चंद्रा, डॉ एस. एस. चौहान डॉ उत्कर्ष मिश्र शोधार्थी, परास्नातक एवं स्नातक स्तर के छात्र एवं छात्राएं भी उपस्थित रहे।

केजीएमयू : लोहे की रॉड को शरीर से किया अलग, बच्चे की बचायी जान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

• केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर की न्यूरोसर्जरी टीम ने किया असंभव को संभव

लखनऊ। गोमतीनगर निवासी तीन वर्षीय बालक कार्तिक के साथ हुई भयावह दुर्घटना में उसके सिर और कंधे में लगभग 20 फीट ऊँचाई से गिरने के बाद रेलिंग की लोहे की छड़ आर-पार घुस गई। परिजन पहले उसे एक निजी अस्पताल ले गए, जहाँ ऑपरेशन का खर्च 15 लाख रुपये से अधिक बताया गया। असहाय एवं निराश परिवार रात लगभग 11:45 बजे बच्चे को लोहे की ग्रिल के साथ ही किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुँचा। मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए सबसे पहले उसे स्टेबिलाइज किया गया। इस सर्जरी के दौरान कई गंभीर चुनौतियाँ सामने आईं। पहली चुनौतीः सिर में धंसी हुई ग्रिल को काटना। इसके लिए रात्रि में ही विशेषज्ञों को बुलाया गया, किन्तु छड़ के सिर के अत्यंत समीप होने के कारण प्रयास विफल रहा। दूसरी चुनौतीः ग्रिल के कारण पुनः सीटी स्कैन संभव नहीं हो पा रहा था। तीसरी चुनौतीः ऑपरेशन टेबल पर बच्चे को लिटाना, क्योंकि छड़ सिर के एक ओर से दूसरी ओर आर-पार घुसी हुई थी। इन कठिन परिस्थितियों के बावजूद केजीएमयू की न्यूरोसर्जरी टीम ने साहसिक निर्णय लेते हुए सफल ऑपरेशन किया। न्यूरोसर्जरी के विभाग अध्यक्ष डॉ बीके ओझा कि देख रेख मैं सर्जरी का नेतृत्व डॉ. अंकुर बजाज ने किया' ऑपरेशन में डॉ. सौरभ रैना, डॉ. जेसन और डॉ. बसु की सक्रिय भूमिका रही। ऑपरेशन के दौरान एनेस्थीसिया विभाग के डॉ. कुशवाहा एवं डॉ. मयंक सचान की टीम तथा ट्रॉमा सर्जरी विभाग की डॉ. अनीता ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया। लगभग साढ़े तीन घंटे चली इस जटिल शल्यक्रिया के बाद डॉक्टरों की मेहनत रंग लाई और लोहे की छड़ को सफलतापूर्वक बच्चे के सिर एवं कंधे से निकाल दिया गया। फिलहाल मरीज की स्थिति में सुधार है, वाइटल्स स्थिर हैं और वह बाल रोग विभाग के आईसीयू में वेंटिलेटर पर डॉ. संजीव वर्मा की टीम की देखरेख में है। भावुक परिजनों ने उपचार कर रही टीम को भगवान का स्वरूप बताया और केजीएमयू को मंदिर की संज्ञा दी। यह सर्जरी कुलपति पद्मश्री श्रीमती सोनिया नित्यानंद के पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुई। ऑपरेशन पूर्ण होने के उपरांत उन्होंने संपूर्ण शल्य चिकित्सा टीम की सराहना करते हुए इसे केजीएमयू की उत्कृष्ट चिकित्सा क्षमता का उदाहरण बताया।

नगर निगम कार्यकारिणी के छह सदस्य निर्विरोध चुने गये

विशेष संवाददाता (vol)

• भाजपा के पांच व सपा से एक पार्षद का हुआ निर्वाचन

लखनऊ। विवादों के बीच नगर निगम कार्यकारिणी के छह पदों के लिए सदस्यों का चुनाव रविवार को निर्विरोध हो गया। जो छह सदस्य चुने गए उनमें भाजपा के पांच और सपा का एक सदस्य शामिल है। इनमें भाजपा के राजेश सिंह गब्बर, पृथ्वी गुप्ता, पिंकी रावत, अरुण राय व संदीप शर्मा और सपा के रामनरेश चौरसिया को महापौर सुषमा खर्कवाल ने निर्विरोध घोषित किया। नगर निगम की कार्यकारिणी को लेकर पिछले ढाई माह से चल रही खींचतान आखिरकार रविवार को खत्म हो गई। नगर निगम सदन की बैठक में भाजपा की राजा बिजली पासी द्वितीय वार्ड की पार्षद पिंकी रावत, ऐशबाग के संदीप शर्मा, अलीगंज के पृथ्वी गुप्ता, चिनहट प्रथम के अरुण राय और पेपर मिल कॉलोनी के राजेश सिंह गब्बर के साथ-साथ सपा के राम नरेश चौरसिया को कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित घोषित कर दिया गया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने इनके नामों की घोषणा की। निर्वाचित घोषित होते ही नगर निगम में ढोल-नगाड़े बजने लगे। नए सदस्यों को माला पहना कर स्वागत किया गया। शनिवार को भाजपा संगठन ने नई सूची जारी की थी, जिसके आधार पर रविवार को सदन में चुनाव हुआ।

जुलूस की शक्ल में नगर निगम मुख्यालय पहुंचे भाजपा पार्षद : मान-मनौव्वल के बीच माहौल तनावपूर्ण हो गया, लेकिन भाजपा नेताओं ने नाराज पार्षदों को मनाने का हर संभव प्रयास किया। अंत में सहमति बनी कि अब कोई और नामांकन नहीं करेगा और सभी मिलकर संगठन के प्रस्तावित नामों को ही स्वीकार करेंगे। इसके बाद महापौर के नेतृत्व में बंगले से जुलूस की शक्ल में नगर निगम मुख्यालय पहुंचे। नगर निगम सदन की बैठक में जब चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई तो संगठन की ओर से तय किए गए सभी नाम निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिए गए। इस तरह पार्टी नेतृत्व ने भारी खींचतान और नाराजगी के बावजूद एकजुटता का संदेश देने में सफलता हासिल कर ली। नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कार्यकारिणी सदस्य का चुनाव जीतने वाले सभी पार्षदों को बधाई दी है।

पूर्व उपाध्यक्ष के मंच पर बैठने पर विरोध : नगर निगम कार्यकारिणी के पूर्व उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता के मंच पर बैठने को लेकर सदन की बैठक में विवाद हो गया। कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने विरोध करते हुए कहा जब वह कार्यकारिणी से सेवानिवृत्त हो चुके हैं और अब उपाध्यक्ष पद पर नहीं हैं, तो किस अधिकार से मंच पर बैठे हैं। इस पर महापौर ने नेता विपक्ष कामरान वेग से राय मांगी। उन्होंने कहा कि उनके मंच पर बैठने से उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, वे बैठ सकते हैं। हालांकि, भाजपा पार्षद देव शर्मा मिश्रा उर्फ मुन्ना मिश्रा ने विरोध किया और कहा कि गिरीश गुप्ता अब कार्यकारिणी सदस्य या उपाध्यक्ष नहीं रहे हैं, इसलिए मंच पर बैठने का अधिकार नहीं है।

भाजपा के राजीव दीक्षित ने दबाव नहीं जमा किया पर्चा : भाजपा के पार्षद राजीव दीक्षित ने नामांकन फार्म भरा था मगर जमा नहीं किया। राजीव का कहना है कि पार्टी नगर अध्यक्ष के कहने पर जमा नहीं किया। यदि वह जमा करते तो निर्विरोध निर्वाचन नहीं हो पाता। इस बीच सदन के भीतर भाजपा नगर महामंत्री राम अवतार कन्नौजिया डैमेज कंट्रोल में जुटे रहे। उन्होंने पार्षदों को समझा-बुझाकर किसी भी तरह की टूट-फूट या बगावत को रोकने की कोशिश की। पार्टी के भीतर असंतोष की भनक लगते ही भाजपा खेमे में बेचैनी फैल गई। बताया जा रहा है कि दीक्षित गुटबाजी और अपनी अनदेखी से खफा थे। हालांकि, पर्चा दाखिल न हो पाने के बाद मामला शांत हो गया। जानकारों का कहना है कि यदि सात नामांकन हो जाते तो भाजपा में क्रास वोटिंग हो जाती।

भाजपा पार्षदों को मनाने में लगे रहे पार्टी नेता : नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव को लेकर बुलाई गई सदन की बैठक में माहौल देखने लायक था। कार्यकारिणी सदस्यों के नामों से असंतुष्ट कई भाजपा पार्षदों ने बगावत के संकेत दिए थे। हालांकि संगठन के पदाधिकारियों को खुद मैदान में उतरना पड़ा। प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयंबक त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, उपाध्यक्ष राहुल राज रस्तोगी और कार्यकारिणी सदस्य अनुराग मिश्रा अन्नू सहित कई वरिष्ठ नेता पूर्व राज्यपाल स्व. लालजी टंडन के त्रिलोकनाथ रोड स्थित नौ नंबर बंगले पर जुटे। बैठक में महापौर सुषमा खर्कवाल और तमाम असंतुष्ट पार्षद मौजूद थे। चर्चा के दौरान कई पार्षदों ने कार्यकारिणी के प्रस्तावित नामों पर आपत्ति जताई और आरोप लगाया कि कुछ नाम दबाव में आगे बढ़ाए गए हैं।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि नगर निगम की कार्यकारिणी समिति शहर के विकास की धुरी है। नई कार्यकारिणी से अपेक्षा है कि लखनऊ को स्वच्छ, सुंदर और स्मार्ट शहर बनाने की दिशा में ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यकारिणी में चुने गए सभी सदस्य जनता की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे और टीम भावना से काम करेंगे। **सुषमा खर्कवाल,** महापौर, नगर निगम लखनऊ

संक्षेप

तीन लोगों की जहरीली गैस से मौत, टैंक में उतरे बच्चे की जान बची

सकरन (सीतापुर)। रविवार सुबह थाना क्षेत्र के सुकेठा गांव में टैंक की सफाई के दौरान बड़ा हादसा हो गया। जहरीली गैस के संपर्क में आने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि टैंक में उतारा गया 10 वर्षीय बच्चा सुरक्षित बच गया। बच्चे का इलाज अस्पताल में जारी है। गांव निवासी अनिल गुप्ता (30), राजकुमार (45) और रंगीलाल (55) टैंक की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान टैंक में एक फाइल फंसने पर उन्होंने विवेक गुप्ता नाम के 10 वर्षीय बच्चे को नीचे उतारा। टैंक के भीतर दम घुटने से विवेक बेहोश होने लगा। उसे बचाने के लिए अनिल गुप्ता तुरंत नीचे उतरे और बच्चे को बाहर निकाल दिया, लेकिन वह खुद गैस की चपेट में आकर टैंक में गिर पड़े। अनिल को बचाने के लिए राजकुमार और रंगीलाल भी बारी-बारी से टैंक में उतरे, लेकिन दोनों की भी दम घुटने से मौत हो गई। तीनों शव टैंक से निकालकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। सूचना पर थाना प्रभारी नवनीत मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को राज्य आपदा मोचक निधि से चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी। घटना से पूरे गांव में मातम छा गया है।

तालाब में डूबने से युवक की मौत, गांव में छाया मातम

पिसावां (सीतापुर)। पिसावां थाना क्षेत्र के ग्राम सहुवापुर में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब 18 वर्षीय युवक का शव तालाब में पड़ा मिला। मृतक की पहचान गांव निवासी रहीस खां के पुत्र मुतीम खां के रूप में हुई है जानकारी के अनुसार, मुतीम खां शुक्रवार की शाम घर से बकरियां चराने के लिए निकला था। वह गांव के पास स्थित भूवनेश्वरी ईंट भट्ठे के पूरब दिशा में बने तालाब की ओर गया था। देर रात तक उसके घर न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग न मिलने पर गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दी गई। शनिवार सुबह परिजन व ग्रामीण तालाब के किनारे तलाश कर रहे थे तभी अचानक तालाब में युवक का शव दिखाई दिया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों का कहना है कि युवक बकरियां चरा रहा था और संभवतः किसी कारण तालाब में उतर गया होगा। गहरे गड्ढे में फंसने से उसकी डूबकर मौत हो गई। थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि मृतक मंदबुद्धि था, जिससे संभावना है कि तालाब में उतरने के बाद वह बाहर नहीं निकल सका। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मचा है। परिजन रो-रोकर बेहाल हैं और पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्वतंत्रता दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गूंजा जनपद

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। 79वें स्वतंत्रता दिवस पर जनपद सीतापुर पूरी तरह तिरंगे के रंग में रंगा दिखाई दिया। सुबह से ही स्कूलों, सरकारी कार्यालयों और संस्थानों में ध्वजारोहण कार्यक्रम हुए। जगह-जगह प्रभातफेरियां निकाली गईं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगों को देशभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया।

कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने ध्वजारोहण कर समारोह की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि आजादी हमें अनगिनत बलिदानों की बदौलत मिली है, इसे बनाए रखना और देश के विकास में योगदान देना हर नागरिक का कर्तव्य है। इस दौरान डीएम ने महिला उद्यमी श्रीमती तृप्ति बंसल व श्रीमती रोमाली बंसल को सम्मानित किया। एडीएम वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, एडीएम न्यायिक खालिद अंजुम सहित कलेक्ट्रेट परिवार मौजूद रहा।

खैराबाद में पालिका अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर 'गुरु', भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, सभासद और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। बच्चों के चेहरों पर तिरंगे की पेंटिंग, महिलाओं के हाथों में तिरंगे और युवाओं की देशभक्ति की हुंकार ने वातावरण को देशप्रेम से भर दिया। जगह-जगह पुष्पवर्षा के बीच यात्रा का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। तंबौर में नगर पंचायत द्वारा रेउसा तिराहे पर 101 फीट ऊंचा तिरंगा फहराया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला व पूर्व सांसद राजेश वर्मा ने ध्वजारोहण कर लोगों को एकता का संदेश दिया। कस्बे के विभिन्न विद्यालयों–आरपीएस, आरकेडी, बीएसएसडी राममनोहर लोहिया, रेडियन्स, गांजर, सरदार पटेल इंटर कॉलेज और केपीएस–में छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। जवाहरपुर स्थित डालमिया भारत शुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड में भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इकाई प्रमुख टी.एन. सिंह की अगुवाई में कॉलोनी परिसर से रैली निकाली गई, जिसमें महिलाओं और बच्चों ने ह्लभारत माता की जयह्व के नारे लगाए। कैंपस में ध्वजारोहण के बाद कर्मचारियों को राष्ट्रहित और विकास कार्यों में योगदान के लिए प्रेरित किया गया। जनपदभर में थाना, बैंक, डाकघर और शिक्षण संस्थानों पर ध्वजारोहण के बाद मिठाई वितरित की गई। हर गली-मोहल्ले और चौराहे पर तिरंगा लहराकर लोगों ने आजादी का पर्व मनाया। लहरपुर में पालिका अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने नगर पालिका परिषद पर ध्वजारोहण किया। अधिशासी अधिकारी अनूप राय व अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। आदर्श कैलाश नाथ इंटर कॉलेज और जुगल किशोर गोविंद प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भी राष्ट्रध्वज फहराया गया और छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों से माहौल को उल्लासमय बना दिया।

डीएम-एसपी ने बंदियों में बांटे फल

उन्नाव। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जेल अधीक्षक पंकज सिंह द्वारा कारागार के मुख्य द्वार पर समस्त कार्मिकों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया तथा राष्ट्र गान किया गया। इसके पश्चात जेल अधीक्षक द्वारा कृष्ण मोहन चंद्र कारापाल को प्रशस्ति चिन्ह (स्वर्ण) तथा कमलेश कुमार जेल वार्डर को प्रशस्ति चिन्ह (रजत) प्रदान किया गया। समस्त कार्मिकों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इसके बाद कारागार के अंदर बंदियों द्वारा देशभक्ति आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार कारागार में बंदियों हेतु स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। तथा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जेल अधीक्षक पंकज सिंह व नीलम (उपकारापाल) तथा 12 बंदियों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया, कारागार में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 120 बंदियों का परीक्षण हुआ तथा उन्हें दवाईयां वितरित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा कारागार का निरीक्षण किया गया तथा बन्दियों को पुस्तकें एवं फल वितरित किए गए। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समस्त बंदियों को मिष्ठान वितरित कराया गया।

दंगल प्रतियोगिता में पुष्प फाउण्डेशन ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

पाटन, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम असरे खेडा में मां आनंदी देवी मंदिर में दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजसेवी पुष्पेंद्र प्रताप सिंह व उनके बड़े भाई मानवेंद्र प्रताप सिंह का आगमन बतौर मुख्य अतिथि के रूप हुआ। दंगल में पहुंचकर पहलवानों को सम्मानित किया। इसके अलावा जीत हासिल करने पर दंगल केसरी को पुरुस्कार दिया गया। इस अवसर पर पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि खेल हमें मानसिक व शारीरिक रुप से मजबूत बनाता है। इस तरह की प्रतियोगिता से युवाओं में खेल के प्रति उत्साह बढता है। खेल के माध्यम से वर्तमान समय में लोगो बेहतरीन भविष्य का निर्माण करते है। दंगल कमेटी के लोगों में प्रमुख रुप से वीरु सिंह व उनके साथियों ने पुष्पेंद्र सिंह को फूल मालाओं व अंग वस्त्र से सम्मानित किया।

बच्चों ने स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया

उन्नाव। स्थानीय नई बस्ती खजुरिया बाग स्थित एम.डी.यू.डब्लू. स्कूल में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रभात फेरी गंगू खेड़ा, प्रयाग नारायण खेड़ा, लोधनहार एवं कल्याणी देवी मार्गों से होकर निकाली गई। जिसमें विद्यालय के बच्चों के साथ प्रबंधक अजय अवस्थी, प्रधानाचार्य आकांक्षा अवस्थी तथा शिक्षकों में मिलन, गीतांशु शुक्ला, नीलम मिश्रा, स्नेह लता, वंदना, सोनाली, मिनी शुक्ला, मंजू वर्मा, अर्जुन सर सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी शामिल हुए। समारोह में वक्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम के वीरों और नेताओं के बलिदान को याद करते हुए सभी को एकता, भाईचारे और देशभक्ति की भावना से प्रेरित होने का संदेश दिया।

विधायक पहुंचे नरनी गांव, दी आर्थिक सहायता

महोली/ सीतापुर चार दिन पूर्व नरनी गांव में कच्चे घर में अपनी बेटियों के साथ सो रही महिला के ऊपर दीवार गिर गई थी। जिसमें मां बेटी की मौके पर मौत हो

गई थी। मलबे से मां बेटी को ग्रामीणों व परिजनों की मदद से बाहर निकला गया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महोली ले गए जहां चिकित्सकों ने मां उर्मिला और छोटी बेटी गुनगुन को मृत घोषित कर दिया था। मौके पर पहुंचे नायाब तहसीलदार ने घटना की विस्तृत रिपोर्ट उपजिलाधिकारी को दी थी। शनिवार को विधायक शशांक त्रिवेदी व उप जिला अधिकारी देवेंद्र कुमार मिश्रा ने नरनी गांव पहुंचकर मृतक आश्रित संदीप पांडे को देवी आपदा राहत कोष के तहत ?आठ लाख की चेक प्रदान की। इस मौके पर विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार दैवीय आपदा के तहत हुई दुर्घटना को लेकर बहुत संवेदनशील है। उनके निर्देश है कि दैवीय आपदा में हुई दुर्घटना के आश्रित को 24 घंटे के अंदर आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। क्षेत्र में ऐसी किसी भी घटना की जानकारी होने पर मैं मौके पर पहुंचकर सहायता राशि दिलाने का प्रयास करता हूं। जिससे उनके परिवार का भरण पोषण हो सके।

जन्माष्टमी पर मंदिरों और पुलिस लाइन्स में हुई भजन-संध्या

सीतापुर। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व जिले में आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। शनिवार को मंदिरों, आश्रमों से लेकर रिजर्व पुलिस लाइन्स तक श्रद्धालुओं ने भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया।

पुलिस लाइन्स परिसर में हुए मुख्य समारोह का उद्घाटन नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर ह्यगुरुह्व ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर स्कूली बच्चों, पुलिस परिवार के नन्हें प्रतिभागियों और प्रशिक्षणरत महिला आरक्षियों ने भजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में विधायक शशांक त्रिवेदी, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, एएसपी विनायक गोपाल भोसले, एएसपी उत्तरी आलोक सिंह, एएसपी दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह, सीओ नगर अमन सिंह व सीओ महोली दीपक कुमार सिंह समेत प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे। सकरन क्षेत्र के बांके बिहारी मंदिर, ठाकुरद्वारा मंदिर, चन्द्रलोक देवपुरी दुगाना, काजीपुर और भैंसी के ठाकुरद्वारा मंदिरों में भी जन्माष्टमी महापर्व पूरे उत्साह से मनाया गया। भक्तों ने भजन-कीर्तन, पूजन-अर्चन और भंडारे में भाग लिया। सकरन के बांके बिहारी मंदिर में वृन्दावन से आए कलाकारों ने दो दिवसीय रासलीला का मंचन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। जिलेभर में जन्माष्टमी पर्व को लेकर गहरी आस्था और उमंग का माहौल रहा। रानी बृजबाला सिंह, सत्येन्द्र सिंह चौहान, पुष्कर पुष्प त्रिपाठी, अरविंद मिश्र, संतोषी देवी यादव (प्रधान), संतोष यादव, हरगोविंद यादव, सचिन यदुवंशी समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

कमलापुर व ग्रामीण अंचलों में भी दिखा उल्लास

सीतापुर)। कस्बे और आस-पास के गांवों में जन्माष्टमी पर्व का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। कस्बे के प्रसिद्ध राधाकृष्ण मंदिर में कसमण्डा स्टेट की ओर से भव्य जन्मोत्सव हुआ। इस अवसर पर स्टेट मैनेजर अनुज तिवारी ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। कमलापुर थाने पर भी जन्माष्टमी का विशेष आयोजन किया गया। यहां भजन-संध्या के बाद थाना प्रभारी प्रदीप सिंह द्वारा पुलिस परिवार और श्रद्धालुओं के लिए सामूहिक भोज की व्यवस्था की गई। पूरे कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह और धार्मिक माहौल देखने को मिला।

बाढ़ प्रभावित परिवारों को विस्थापित किया

पाटन, उन्नाव। कटरी इलाकों में बाढ़ का पानी निचले इलाकों में दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। ऐसे में प्रशासन को इसकी तैयारियां पहले से ही कर लेनी चाहिए। बरसात के मौसम में बाढ़ की समस्या आम है। तहसील बीघापुर क्षेत्र के ग्राम पसनियाखेडा, धरमपुर, दूलीखेड़ा, गढेवा व ग्राम पंचायत लालखेड़ा के निचले इलाको में बाढ़ का पानी आ चुका है।

तहसीलदार बीघापुर गणेश सिंह ने उक्त सभी बाढ़ग्रस्त ग्रामो का भ्रमण किया। बाढ़ पीड़ित ग्रामवासियो को उसी दौरान सम्बन्धित चौकी जैसे जयराजमऊ व शिवराजपुर फतेहपुर आदि स्थानो में विस्थापित किया गया है। बाढ सम्बन्धित लेखपाल संजीव पांडेय, गौरव मिश्रा, आनंद सिंह आदि तहसीलदार के साथ बाढ़ पीड़ितों को विस्थापित करने मे सहयोग करते नजर आये। हालांकि उपजिलाधिकारी बीघापुर रणवीर सिंह के नेतृत्व मे तहसील प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद व सतर्क है।

एसपी के निर्देश पर पुलिस आपके द्वारा अभियान चलाया गया

सफीपुर, उन्नाव। पुलिस आपके द्वार अभियान के तहत कोतवाली प्रभारी ने गांव में चैपाल लगाई। जहां शांति व्यवस्था पर चर्चा की। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान पुलिस आपके द्वार के तहत क्षेत्र के बम्हना गांव में चैपाल लगाकर कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने लोगो की समस्याएं सुन उन्हें निस्तारण का आश्वाशन दिया, साथ ही अपील करते हुए कहा कि गांव में कोई भी संदिग्ध मामला हो तो तत्काल डायल 112, 1090 को सूचना दे। जिसके बाद कोतवाली में बताए उन्होंने कई अफवाहों का जिक्र करते हुए बताया कि किसी भी अफवाह में न पड़े। इस दौरान उन्होंने ने ग्राम सुरक्षा समिति व वॉलेंटियर के विषय में भी बताया कि ग्राम सुरक्षा समिति में लोगों को एक कार्ड दिया जाता है तथा वॉलेंटियर में नए युवकों को बनाया जाता है। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी मेला का विधायक ने किया उद्घाटन

महोली (सीतापुर) कस्बे के गन्ना यार्ड में आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी मेला का शनिवार देर शाम मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद मेला परिसर में सजाई गई आकर्षक झांकी का पूजन अर्चन किया। मेला व्यवस्थापक अशोक दीक्षित ने मुख्य अतिथि विधायक शशांक त्रिवेदी व एसडीम देवेंद्र कुमार मिश्रा का माल्यार्पण करते हुए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी मेला दशकों से आयोजित हो रहा है। मेला सकुशल संपन्न कराने में व्यवस्थापक की जिम्मेदारी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक दीक्षित को दी गई है। हमें उम्मीद है इस जिम्मेदारी का वह बखूबी निर्वहन करेंगे। शासन प्रशासन स्तर से मिलने वाली सभी सुविधाएं मेला में मुहैया कराई जाएगी। प्रशासनिक उपजिलाधिकारी, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी क्षेत्राधिकारी समेत विद्युत उपखंड अधिकारी इस मेला को सफलता की सीढ़ी तक ले जाने में व्यवस्थापक का सहयोग करेंगे। एक पखवाड़े से अधिक दिनों तक लगने वाले इस मेला मे दूर-दराज से लोग आते हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के लोग घरेलू समाज की खरीदारी के लिए भी यहां पर आते हैं। मेला में किसी को भी दिक्कत न हो। इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर व्यवस्थापक हर पल नजर बनाए रखेगें। उद्घाटन समारोह में ब्लॉक प्रमुख जगदीश प्रसाद, मिथिलेश यादव गन्ना समिति चेयरमैन प्रतिनिधि धीरेंद्र सिंह चौहान ,आदित्य दीक्षित, सुरेंद्र अवस्थी, ,मनोज मिश्रा ,पीयूष मिश्रा, आदि मौजूद रहे।

डयूटी पर तैनात पीएसी जवान की संदिग्ध हालात में मौत

सीतापुरे शनिवार सुबह केंद्रीय रिजर्व भंडार गृह (सीआर) में ड्यूटी पर तैनात पीएसी जवान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। 2021 बैच का जवान हिमांशु सिंह खटाना (24) वॉच टावर पर ड्यूटी के दौरान गोली लगने से मारा गया। उसकी सर्विस इंसास राइफल से एक साथ तीन गोलियां चलीं, जो ठुड्डी चीरते हुए सिर से आर-पार हो गईं। साथी जवानों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सुबह 7 से 10 बजे तक हिमांशु की टावर नंबरझ्र1 पर ड्यूटी थी। करीब 8:45 बजे वह मोबाइल पर किसी से बात कर रहा था, तभी राइफल से अचानक तीन राउंड फायर हो गए। गोलियों की आवाज सुनकर साथी मौके पर दौड़े। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना के समय टावर पर वह अकेला था, इसलिए बाहरी हस्तक्षेप की संभावना बेहद कम है।

आत्महत्या या हादसा, जांच जारी

एसपी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। इंसास राइफल से एक साथ लगातार तीन फायरिंग हो सकती है, इस वजह से उसे तीन गोलियां लगीं। जवान के कान में ईयरबड्स भी मिले हैं। पुलिस ने मोबाइल कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और परिजनों से बातचीत के बाद ही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

एसआईटी करेगी जांच

जवान हिमांशु की मौत की जांच के लिये एसआईटी गठित की जाएगी। एसपी अंकुर अग्रवाल ने कहा कि फिलहाल मौके से कोई भी संदिग्ध सामान बरामद नहीं हुआ है। जांच में सभी एंगल पर गौर किया जाएगा।

शादी को आठ महीने भी नहीं हुए

हिमांशु मूल रूप से अमरोहा जिले के बछरायूं थाना क्षेत्र के ईश्वर देवा गांव का निवासी था। दिसंबर 2024 में उसकी शादी बिजुआठर, हसनपुर की रहने वाली मोना रानी से हुई थी। पत्नी इन दिनों मायके में है। पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे छोटे भाई अमित ने बताया कि शुक्रवार शाम को उनकी फोन पर बातचीत हुई थी। भैया ने उन्हें सब-इंस्पेक्टर भर्ती की वैकेंसी और फॉर्म भरने के लिए कहा था। इसके बाद उन्होंने मां और घर के अन्य लोगों से भी बात की थी। बातचीत से ऐसा बिल्कुल नहीं लगा कि वह परेशान हैं। सुबह मंदिर में दर्शन करने के बाद ही वह ड्यूटी पर गए थे। हिमांशु के पिता खेतीझ्रकिसानी करते हैं। परिवार में मां, दो छोटे भाई अमित और अभिषेक, तथा शादीशुदा बड़ी बहन अंशु हैं। अमित पुलिस की तैयारी कर रहा है जबकि अभिषेक ड्राइवर है।

ड्यूटी के दौरान फोन पर पाबंदी

केंद्रीय भंडार गृह परिसर में छह टावर बने हैं, जिनकी सुरक्षा में पीएसी जवान तैनात रहते हैं। टावर पर 3 घंटे की ड्यूटी के दौरान फोन पर बात करने की मनाही होती है। नियम तोड़ने पर जवान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाती है। बताया जा रहा है कि हिमांशु ड्यूटी के समय फोन पर बात कर रहा था।

जांच के लिये एस आईटी बनी

अंकुर अग्रवाल ,पुलिस अधिक्षक सीतापुर ने बताया कि हिमाशू की मौत की जांच के लिये एसआईटी बनाई जायेगी। फिलहाल मौके से कोई भी सदिग्ध समान बरामद नही हुआ है।

नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

जिला संवाददाता

महोली/ सीतापुर - आजादी का 79 वां स्वतंत्रता दिवस नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के बच्चों नें नगर में प्रभात फेरी निकाली। बच्चे भारत माता का जयकारा लगाते हुए राष्ट्र प्रेम से अभिभूत दिखे। तहसील परिसर में विधायक शशांक त्रिवेदी व उपजिलाधिकारी देवेंद्र कुमार मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर तहसीलदार अंकुर यादव, नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह ,शिव प्रकाश, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल सहित तहसील स्टाफ मौजूद रहा। उपनिबंधक कार्यालय में प्रभारी उप निबंधक बृजेश श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण किया।

इस अवसर पर मयंक त्रिपाठी, संदीप कुमार, राजन दीक्षित मौजूद रहे। तहसील बार एसोसिएशन में अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर महासचिव जगजीवन भारती, नीरज मिश्रा, भूपेंद्र दीक्षित, विष्णु दत्त दीक्षित, रामाश्रय अवस्थी, अनुराग शुक्ला, राम लखन यादव, मुंशी राम, अभय मिश्रा, रामाधार वर्मा, मोहन शुक्ला अनिल मिश्रा, सहित अधिवक्ता मौजूद रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अधीक्षक दीपांशु शुक्ला ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान डॉक्टर मोहित पाल, सुधीर शुक्ला, संदीप कुमार, आशुतोष मौजूद रहे। खंड विकास कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख जगदीश प्रसाद ने झंडारोहण किया।

इस अवसर पर बीडीओ प्रशांत शुक्ला ,एडीओ पंचायत ब्रेम कुमार एडीओ पंचायत अनूप कुमार, एडीओ एसबी हरिओम शुक्ला जेई मनमोहन सिंह समेत ब्लॉक कर्मचारी मौजूद रहे। स्वर्गीय दयाशंकर पटेल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ए के पांडे ने ध्वजारोहण किया इस अवसर पर डॉक्टर अनुराग अवस्थी सहित कर्मचारी मौजूद रहे सहकारी गन्ना विकास समिति में सचिव आनंद स्वरूप शुक्ला ने ध्वजारोहण किया इस अवसर पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सुनील कुमार, संतोष चौहान, कीर्ति भूषण, अनिल मिश्रा, संत कुमार मिश्रा, मनोज त्रिवेदी सहित कर्मचारी मौजूद रहे कोतवाली परिसर में इंस्पेक्टर दिलीप कुमार चौबे ने ध्वजारोहण किया इस मौके पर उप निरीक्षक व आरक्षी मौजूद रहे स्वर्गीय छेदीलाल मेमोरियल स्कूल में पत्रकार शिवचंद्र त्रिवेदी ने ध्वजारोहण किया इस अवसर पर राम प्रकाश मिश्रा जेपी मिश्रा सहित अभिभावक व बच्चे मौजूद रहे। नगर की स्टेट बैंक यूनियन बैंक इंडियन बैंक पंजाब नेशनल बैंक में ध्वजारोहण किया गया। वहीं ग्रामीण इलाकों में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। विद्यालय में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल की

धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी का पर्व

उन्नाव। धूमधाम से कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। रात के 12 बजते ही घरों और मंदिरों में घंटे घड़ियाल बजने लगे। शंखो की ध्वनि गूंजने लगी।

पूजन के बाद पंचामृत व पंजीरी का प्रसाद वितरण किया गया। कृष्ण जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों में भव्य सजावट की गई। शहर व ग्रामीण इलाकों में भी मंदिरों के साथ-साथ भव्य झांकियां सजाई गई। शहर और ग्रामीण क्षेत्रो में सुंदर झालरों से मंदिर जगमगाते रहे। दिनभर मेहनत करके भक्तों ने घरों में भव्य झांकियां बनाई। देर शाम शुरू हुआ भजन कीर्तन का सिलसिला कृष्ण जन्म तक चलता रहा। वहीं लाउडस्पीकरों पर बजते भजनों से शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो का वातावरण भक्तिमय हो गया। लोगों ने दिनभर उपवास रखकर भगवान कृष्ण की पूजा की रात के 12 बजे जन्मोत्सव शुरू हुआ। देर रात भक्त नाच-गाकर झूमते रहे।

संक्षेप

पर्यटन मंत्री ने सुनी जन समस्याएं

फिरोजाबाद। जनपद के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने हेतु पर्यटन एवम संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने अपने आवास स्थित कैम्प कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया,एक गार्जियन एवं नेतृत्व कर्ता के रूप में पर्यटन मंत्री ने नागरिकों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक न केवल सुना बल्कि इन समस्याओं में से कुछ का त्वरित समाधान भी किया,साथ ही कुछ समस्याओं का निराकरण करने का शीघ्र आश्वासन दिया। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं से रूबरू होते हुए उन समस्याओं से संबंधित अधिकारियों से टेलिफोनिक वार्ता कर उन्हें शीघ्र दूर करने हेतु उन्हें निर्देशित किया। मंत्री जी के समक्ष मुख्य रूप से बिजली कानून भूमि अधिग्रहण आवास पेंशन जैसे अनेक समस्याएं उनके समक्ष आयीं अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए नागरिकों के चेहरों पर खुशी और उल्लास देखने को मिला जब उनकी समस्याओं का समाधान उन्हें त्वरित मिला।

युवती को बहला फुसलाकर ले गया युवक, रिपोर्ट दर्ज

टूंडला। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 21 वर्षीय युवती चार अगस्त को घर पर बाजार की कहकर गई थी। शाम तक उसके घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी हर संभव तलाश की, किंतु युवती का कहीं सुराग नहीं लगा था। युवती के परिजनों ने उसकी 14 अगस्त को थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जानकारी करने पर पता लगा कि युवती को प्रवीन कुमार शर्मा निवासी दौसा राजस्थान अपने साथ ले गया है। युवती की मां ने आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह का कहना है कि युवती की मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी युवक व युवती की तलाश की जा रही है।

छेड़खानी का आरोप

गोसाईगंज-अयोध्या। गोसाईगंज कोतवाली इलाके के बनकटवा गांव की एक महिला ने गांव के ही एक युवक छेड़खानी करने व विरोध पर मारपीट करने का आरोप लगाया है महिला का कहना है कि सुबह छह बजे वह पूजा करने के लिए दुकान से अगरबत्ती खरीदने जा रही थी। आरोप है कि रास्ते मे गांव निवासी सुनील उसे पकड़कर छेड़छाड़ करने लगा। जब उसने इसका विरोध किया तो अपशब्द कहते हुए मारने पीटने लगा। एसएचओ शारदेन्दु दुबे के मुताबिक महिला की तहरीर पर युवक के खिलाफ केस दर्जकर पड़ताल कराई जा रही है।

जनपद में धूमधाम के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

ललितपुर। जनपद भर में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सरकारी कार्यालयों एवं संस्थानों से लेकर शैक्षिक संस्थानों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तदोपरांत जनपद के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में कार्यालयों के अधिकारियों द्वारा ध्वजारोहण किया

● सांस्कृतिक कार्यक्रम, पौधरोपण के साथ खेल प्रतिस्पर्धाएं हुई आयोजित

गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दी गई जिन्हें सराहा गया। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नैक द्वारा मूल्यांकित संस्थान पहलवान गुरुदीन स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय पनारी ललितपुर में शासन के निर्देशानुसार 79 वें स्वतंत्रता दिवस को बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम प्रातः कालीन आठ बजे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का ध्वजारोहण मुख्य अतिथि डॉ सूर्य कुमार यादव के द्वारा किया गया। तदोपरान्त महाविद्यालय की एनसीसी बटालियन के वालिंटियर और प्रांगण में उपस्थित सभी प्राध्यापक एवं छात्राओं के द्वारा राष्ट्रध्वज को सलामी देकर संगीतमय राष्ट्रगान की प्रस्तुति के साथ तिरंगे का अभिवादन किया गया। साथ ही स्वतंत्रता आंदोलन में शहीद देश के अमर वीर शहीदों और आजादी के महानायकों को स्मरण करते हुए उनके जय घोष के भावपूर्ण उद्घोष किए गए। ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद इसी श्रृंखला में भारत माता के अमर सपूतों की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर नमन किया। जोश, उमंग, उत्साह से आह्लादित सभी छात्राओं एवं महाविद्यालय के सभी सदस्यों ने आजादी के इस महोत्सव में एकजुट होकर मानव श्रृंखला के द्वारा राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भारतीय संस्कृति के विविध रंग प्रस्तुत किए जैसे मानो संपूर्ण भारत एक प्रांगण में समाहित हो गया हो। इसी राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत सभी छात्राओं ने प्रभात फेरी लगाकर आजादी के इस महोत्सव की गूंज से संपूर्ण देश को गुंजायमान कर दिया। सभी क्षेत्रवासियों के स्वर से स्वर मिलाकर वीरता के गीत गाते हुए कदम से कदम मिलाकर चल पड़ी। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रबंधक श्रीमती सितारा देवी, प्रबंध निर्देशिका डॉक्टर पूजा यादव एवं कॉलेज के डायरेक्टर डॉ सौरभ यादव ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे संविधान में ऐसे चार मूल्यों का उल्लेख है जो हमारे लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाए रखने वाले चार स्तंभ हैं। ये मूल्य हैं - न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता। ये हमारी सभ्यता के ऐसे सिद्धांत हैं जिन्हें हमने स्वाधीनता संग्राम के दौरान पुनः जीवंत बनाया। मेरा मानना है कि इन सभी मूल्यों के मूल में, व्यक्ति की गरिमा की अवधारणा विद्यमान है। प्रत्येक व्यक्ति समान है, और सभी को यह अधिकार है कि उनके साथ गरिमापूर्ण व्यवहार हो। स्वास्थ्य-सेवाओं और शिक्षा-सुविधाओं तक, सभी की समान पहुंच होनी चाहिए। सभी को समान अवसर मिलने चाहिए। जो लोग पारंपरिक व्यवस्था के कारण वंचित रह गए थे, उन्हें मदद की जरूरत थी।

वहीं सेंट्रल पब्लिक स्कूल आजादपुरा ललितपुर में स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूम धाम से मनाया गया, इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक डी.एस.विवेक एडवोकेट ने विद्यालय में ध्वजारोहण किया तथा सभी विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक,सामाजिक एवं देशभक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। तथा कराटे मास्टर ठाकुर रुद्र प्रताप सिंह ने मार्शल आर्ट का प्रदर्शन करते हुए, विद्यार्थियों को सेल्फ डिफेंस के कुछ स्टेप सिखाये। इसी क्रम में राजकीय इंटर कालेज में प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार ने ध्वजारोहण किया। राजकीय बालिका इंटर कालेज में प्रधानाचार्य अंजना वर्मा द्वारा ध्वजारोहण कर कार्यक्रमों का प्रारंभ कराया गया। इसी क्रम में वर्णी जैन इण्टर कालेज में प्रधानाचार्य अजब सिंह ने, जीजीआईसी महरौनी में प्रधानाचार्य शीलम गुप्ता ने, सीबी गुप्ता इंटर कालेज महरौनी में प्रधानाचार्य राजेन्द्र गुप्ता द्वारा ध्वजारोहण किया। मर्दन सिंह इंटर, शांति निकेतन महरौनी, जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रधानाचार्य हुपेन्द्र शर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

युवा राष्ट्रीय लोकदल ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष ने की संगठन समीक्षा बैठक

टूंडला। युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष चौधरी अमर सिंह पचहरे के नेतृत्व मे एटा रोड़ स्थित कार्यालय पर संगठन समीक्षा मीटिंग आयोजित हुई साथ ही सक्रिय सदस्यता अभियान भी चलाया गया जिस में मुख्य अतिथि बृज क्षेत्र अध्यक्ष उमेश चौधरी शामिल रहे, मुख्य अतिथि ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष ने कहा कि रालोद का हर कार्यकर्ता घर - घर तक पहुंच कर युवाओ को जोड़ने का कार्य करेगा इस बार पंचायत चुनाव में पार्टी अपने कार्यकर्ताओ को चुनाव लड़ने का मौका देगी जिलाध्यक्ष अमर सिंह पचहरे ने कहा कि रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह युवाओ को लेकर बहुत गंभीर है, कौशल विकास व उद्यमिता के माध्यम से युवाओ को ज्यादा से ज्यादा रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहे हैं। हम सब को मिल कर पार्टी के लिए पूर्ण निष्ठा व इमानदारी के साथ काम करना है। इस दौरान बृज क्षेत्र अध्यक्ष उमेश चौधरी ने एटा रोड यूनियन बैंक के पास युवा राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय कार्यालय का फीता काट कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय लोकदल के किसान प्रकोष्ठ के वरिष्ठ नेता चौधरी निरंजन सिंह पौनियां,महासचिव जितेन्द्र सिंह पोनिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुवर सुधीर सिंह उपाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

पर्यटन मंत्री ने 6.45 करोड़ रुपये की दो बड़ी परियोजनाओं का किया शिलान्यास

फिरोजाबाद। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने भारी जन समूह के सामने जनपद को पर्यटन का हब बनाने के उद्देश्य से 6.45 करोड़ रुपए की दो बड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें पहली परियोजना सिरसगंज में श्री ओंकारेश्वर महादेव मंदिर का सौंदर्यीकरण जिसके लिये 4 करोड़ 38 लाख का बजट आवंटित किया गया है जबकि दूसरी परियोजना गाँव उमरी में जदुद्वारा स्थल से संबंधित है जिस पर 2.07 करोड़ खर्च होंगे इन परियोजनाओं से इस क्षेत्र का न केवल धार्मिक विकास होगा अपितु यहाँ के स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा, इस अवसर पर मंत्री जी ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हम जनपद में पुरानी धरोहरों को संजोये, जिससे आने वाली पीढ़ियाँ इन धरोहरों से परिचित हो सके,पर्यटन मंत्री ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में जनपद के लिए पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा कुल 31 परियोजनाएँ स्वीकृत की गई है, मैं उम्मीद करता हुँ कि यह परियोजनाएँ सिरसागंज और आस पास के क्षेत्रों के लोगों में नयी ऊर्जा लायेंगी और लोग इससे लाभान्वित होंगे, इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह चेयरमैन रंजना गुरुदत्त सिंह, पूर्व चेयरमैन राम प्रकाश अग्रवाल रागवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहें।

अनियंत्रित यात्री बस पलटी, 20 घायल

बांदा। बबेरू से बांदा आ रही प्राइवेट बस आरटीओ कार्यालय के समीप अनियंत्रित होकर पलट गयी। हादसे में लगभग 20 यात्री घायल हो गये। बस में करीब 20 यात्री सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस पहले अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और फिर नहर के पास पलट गयी। पुलिस का कहना है कि हादसे की वजह स्टेयरिंग फेल होना है। स्थानीय लोगों ने कहा कि आरटीओ कार्यालय के पास स्पीड ब्रेकर न होने के कारण वाहन चालक तेज गति से वाहन चलाते हैं। घटना के बाद घायलों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। यात्रियों ने बताया कि दुर्घटना के 30 मिनट बाद तक एंबुलेंस नही पहुंची। घायलों को ई-रिक्शा तथा अन्य वाहनों से अस्पताल पहुंचाया गया।

जोश के साथ निकली तिरंगा यात्रा

बांदा। प्रधानमंत्री के हर घर तिरंगा यात्रा अभियान के चलते सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के नेतृत्व में विधानसभा में बड़े ही जोश-खरोश के साथ तिरंगा यात्रा निकली। करीब 60 किलोमीटर की इस तिरंगा यात्रा में चारों मंडलों के हजारों की तादाद में कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान समूचे विधानसभा क्षेत्र में भारत माता और वंदे मातरम का नारा गुंजायमान होता रहा। सदर विधानसभा के बिसंडा कस्बे से निकाली गयी तिरंगा यात्रा छिबांव, खुरहण्ड होते हुए गिरवां, बड़ोखर, तिंदवारा होकर बांदा शहर में भ्रमण हुआ। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के अलावा जिला प्रभारी रामकिशोर साहू व भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने किया। तिरंगा यात्रा में कार्यकताओं की करीब 5 किलोमीटर लंबी कतार देखी गई। सभी अपने वाहनों में तिरंगा झण्डा लगाए भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे। सदर विधायक ने कहा कि तिरंगा यात्रा हमारी अस्मिता व बलिदानों की पहचान है और मां भारती की स्वतंत्रता के लिए सर्वश्व न्योछावर करने वाले क्रांतिकारियों को सच्ची श्रद्धांजलि है। तिरंगा यात्रा राष्ट्रभक्ति का जनांदोलन है। इसका उद्देश्य राष्ट्रभक्ति की भावना का जन-जन में संचार करना है। तिरंगा यात्रा में पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल, जगराम सिंह चैहान, अखिलेश नाथ दीक्षित, संतू गुप्ता, उत्तम सक्सेना, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, अनिरूद्ध त्रिपाठी, पुष्कर द्विवेदी, अमित सेठ भोलू, राजकुमार राज, निखिल सक्सेना, आनंदी साहू, प्रेम स्वरूप द्विवेदी के अलावा सभी मंडलों के भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहे।

जिला स्तरीय जूनियर अण्डर-18 क्रिकेट (बालक) प्रतियोगिता का आयोजन

ललितपुर। जिला खेल कार्यालय, ललितपुर के तत्वाधान में स्पोर्ट्स स्टेडियम पर आयोजित हो रही जिला स्तरीय जूनियर बैडमिन्टन, एथलेटिक्स (बालक/ बालिका) एवं क्रिकेट (बालक) प्रतियोगिता के अन्तर्गत मुख्य अतिथि श्रीकान्त कुशवाहा, प्रतिनिधि विधायक (सदर) ललितपुर के आतिथ्य में जिला स्तरीय जूनियर क्रिकेट (अण्डर-18) बालक प्रतियोगिता का फाईनल मैच लाईफ

● लाइफ विजन एकेडमी बनी विजेता

विजन एकेडमी व नेशनल क्रिकेट एकेडमी के मध्य खेला गया, जिसमें सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा फाईनल मैच खेल रही दोनों टीमों के खिलाड़ियों व निर्णायकों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ अपने-अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया। तदोपरान्त मुख्य अतिथि को अजरूद्दीन क्रिकेट प्रशिक्षक द्वारा बैज अलंकृत कर अभिवादन किया एवं क्रीडा अधिकारी श्रीमती रेखा रावत द्वारा आयोजित हो रही प्रतियोगिता की रूपरेखा से अवगत कराया गया। लाईफ विजन एकेडमी व नेशनल क्रिकेट एकेडमी के मध्य खेले गये फाईनल मैच में लाईफ विजन एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया, जिसमें लाईफ विजन एकेडमी की ओर से 07 विकेट खोकर 83 रनों का लक्ष्य रखा जिसमें सर्वाधिक 25 रन सुमित ने बनाये व नेशनल क्रिकेट एकेडमी के अथर्व ने सर्वाधिक 02 विकेट लिये। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हेतु नेशनल क्रिकेट एकेडमी की ओर से 08 विकेट खोकर 12 ओवरों में 81 रन ही बना सकी जिसमें सर्वाधिक 31 महत्वपूर्ण रन अथर्व ने बनाये व लाईफ विजन एकेडमी के अर्जुन ने सर्वाधिक 02 विकेट लिये। अंततः लाईफविजन एकेडमी की टीम विजयी रही। विजयी प्रतिभागियों को स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित किया गया।

संकल्प संस्था व समाजसेवियों ने भारत माता की प्रतिमा पर ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया

टूंडला। नगर की सामाजिक संस्था संकल्प संस्था पदाधिकारियों व नगर के प्रबुद्ध जनों ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत माता चौक पर भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।संस्था अध्यक्ष आर पी शर्मा ने ध्वजारोहण किया, और सभी ने राष्ट्रगान गाकर भारत माता के जयकारे

● रिटायर्ड प्रिंसिपल आदर्श मैडम व टूंडला प्रेस क्लब के संरक्षक और अध्यक्ष को सम्मानित किया

लगाते हुए स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस अवसर पर संकल्प संस्था के अध्यक्ष आर.पी शर्मा ने नगर के स्वतंत्रता सेनानी जगन लाल जिज्ञासु की पुत्री एम.एस इंटर कॉलेज की रिटायर्ड प्रिंसिपल आदर्श मैडम व टूंडला प्रेस क्लब के संरक्षक राजू उपाध्याय और अध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां का माला व पट्टिका पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष ने बताया कि उनकी संस्था गरीब असहाय व निराश्रित पशुओं पक्षियों के लिए काम करती हैं।

संस्था आजादी के महापर्व स्वतंत्रता दिवस पर हर वर्ष देश व समाज हित में उत्कृष्ट और सामाजिक कार्य करने वाले लोगों का सम्मान करती है। इसी क्रम में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देने वाले नगर के कुछ प्रबुद्ध जनों का सम्मान किया गया, जिनमें स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय जगन लाल जिज्ञासु की पुत्री समाजसेविका एम.एस स्कूल की रिटायर्ड प्रिंसिपल आदर्श मैडम व टूंडला प्रेस क्लब के संरक्षक राजू उपाध्याय और अध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां का सामाजिक कार्यों में रुचि लेकर बढ़चढ़ कर अपना योगदान देने के लिए उनको सम्मानित किया गया। संस्था उनसे आशा करती है कि आगे भी वो सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देते रहेंगे। इस अवसर पर संकल्प संस्था अध्यक्ष आर.पी शर्मा,हनुमान हठीले मंदिर कमेटी अध्यक्ष अशोक सारस्वत एन.पी सक्सेना,विनोद गुप्ता महिपाल नौहवार धीरज चौधरी संतोष शर्मा आदि सहित नगर के प्रबुद्धजन समाजसेवी मौजूद रहे।

पुलिस लाइन में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनायी गयी

बांदा। पुलिस लाइन और सभी थानों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। पुलिस लाइन में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, बाल कलाकारों ने सांस्कृतिक नृत्य व गायन का प्रस्तुतीकरण किया। भजन संध्या में गायकों ने भक्तिगीत प्रस्तुत किए। बाल कलाकारों की प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान जनपद न्यायाधीश, सदर विधाक प्रकाश द्विवेदी, पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश एस, जिलाधिकारी जे0 रीभा, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टक, सीओ बबेरू सौरभ सिंह, अतर्रा प्रवीण कुमार, सीएफओ अखिलेश राजन, मतलूब हुसैन, प्रशिक्षु सीओ पीयूष पाण्डेय ने मंदिर में पूजा की। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के साथ ही मंदिर प्रांगण ह्यनंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल कीह्न के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। आरती के पश्चात प्रसाद वितरण हुआ। कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों और परिजनों तथा अन्य लोगों ने भाग लिया।

स्वतंत्रता दिवस पर दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता सम्पन्न

जिला संवाददाता

ललितपुर। स्वतंत्रता दिवस पर स्थानीय स्पोर्ट्स अकेडमी के खिलाड़ी बच्चों ने तिरंगा यात्रा निकाली एवं 14 व 15 अगस्त को आयोजित दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में जूनियर व सीनियर वर्ग के लगभग 40 बच्चों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि शायर करीम असर, शायर जहीर ललितपुरी, दिनेश श्रीवास्तव, अनवर अंसारी, सुरभि पटेल सीनियर बैडमिंटन हॉकी

● विजयी खिलाड़ियों को हुआ पुरस्कार वितरण

खिलाड़ी एवं बच्चों के अभिभावक गृह मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा और स्वतंत्रता दिवस पर्व पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। बच्चों को देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों के बारे में बताया बैडमिंटन प्रतियोगिता के मैच दोनों दिन संपन्न हुए। अकादमी में पहली बार स्व जूनियर, जूनियर वर्ग और सीनियर वर्ग के बच्चों की लकी डबल्स की प्रतियोगिता हुई, जिसमें खिलाड़ी बच्चों ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता की विशेष बात यह रही कि लकी डबल्स की जब जोड़ी तैयार हुई उसमें सभी बच्चों के नाम की पर्ची एक साथ इकठ्ठा कर उन सब में से एक साथ दो-दो पर्चियां उठा कर उनकी लकी डबल्स की जोड़ी बनाई गई और बच्चों को पहली बार बनी जोड़ी से मैचों को खेलना पड़ा, नए खिलाड़ी के साथ खेलने का अवसर मिला और उन्होंने आपस में तालमेल बना कर अपना अच्छा प्रदर्शन करते हुए इन प्रतियोगिताओं को जीता है। इससे जहां बच्चों को भी एक नया अनुभव हुआ वहीं उन्हें खेलने में भी आनंद आया है। प्रतियोगिता में सब जूनियर/जूनियर बालक वर्ग की लकी डबल जोड़ी शान उल्लाह व अरनभ श्रीवास्तव ने पहला स्थान, समिक बरेया व आदी योगी शर्मा की जोड़ी ने दूसरा स्थान, अभ्युदय शर्मा व आरव वर्मा की जोड़ी ने तीसरा स्थान और उदित सोनी व रिदित सलूजा की जोड़ी ने चैथा स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालक वर्ग की लकी डवल जोड़ी में अभिनव वर्मा व आराध्य अग्रवाल विजेता रहे और श्रेयश जैन व ओजस्व वैद्य उपविजेता रहे। जूनियर बालिका वर्ग की लकी डबल्स जोड़ी में आनायशा नुना व सौम्या राठौर की जोड़ी विजेता और आरना जैन व माही राठौर की जोड़ी उप विजेता रही, ख्वाहिश व तानी साहू की जोड़ी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया एवं संस्कृति व शिवान्या की जोड़ी ने चैथा स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालिका वर्ग में अर्शिका खान व आंशी चैरसिया की लकी डबल्स जोड़ी विजेता रही और अहल जहीर व राजस्मिता परमार की जोड़ी उप विजेता रही, इलमा खान व प्रांजल सोनी की जोड़ी ने तीसरा स्थान और महक व मिनी की जोड़ी ने चैथा स्थान प्राप्त किया। सभी बच्चों को अतिथिगणों ने मेडल पहनाकर, पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व नेशनल खिलाड़ी सुरभि पटेल, जो कि इस वर्ष एलएनआईपी ग्वालियर/ हैदराबाद में एन एस आई प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है, उनको भी सम्मानित किया गया और निर्णायकों की भूमिका में प्रांजल सोनी, आंशी चैरसिया व अहल अहीर को ऑफिशियल निर्णायक एवं अर्शिका खान व अभिनव वर्मा को सहयोगी निर्णायक के पुरस्कार दिए गए। अभिभावक गणों ने अकादमी के कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर घोषणा की कि माह अगस्त के अंत में 29 अगस्त 2025 को खेल दिवस दद्दा ध्यानचंद के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान इस वर्ष में समय-समय पर उत्कृष्ट खेलों का प्रदर्शन करने और अवार्ड जीतने वाले अकादमी के बच्चों का विशेष सम्मान किया जाएगा।

स्कूलों में उल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

बांदा। जिले भर के विद्यालयों में हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। बड़ोखर खुर्द ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय त्रिवेणी में छात्रों ने तिरंगा यात्रा निकाली। इससे पूर्व स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ शिवप्रकाश सिंह ने ध्वजारोहण किया और बच्चों ने मार्च-पास्ट के साथ सलामी दी। प्रधानाचार्य ने बच्चों और शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए महापुरूषों के बलिदान की गाथा सुनाई। इसके पश्चात गांव में भ्रमण के लिए तिरंगा यात्रा निकली। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में देशभक्ति की भावना जागृत कर राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान जताना है। छात्रों के भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान हो गया। विद्यालय की छात्राओं ने देशभक्ति के गीत गाए। इन गीतों ने ग्रामीणों को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया।

इस दौरान सरस्वती शिशु मंदिर मटौंध के पूर्व प्रधानाचार्य रामहित दीक्षित, शिक्षक आदित्य प्रकाश द्विवेदी, निरंजन कुमार चक्रवर्ती, रामाशीष बाजपेयी, रघुनंदन सिंह व गांव के लोग मौजूद रहे। शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली। इसके पश्चात वंदना कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सुरेन्द्र पाठक, रामनाथ श्रीवास्तव नगर संघ चालक, उमाशंकर नगर कार्यवाह, राजेन्द्र सक्सेना, विद्यालय प्रबंधक संतोष कुमार सिंह, सीनियर एडवोकेट प्रधानाचार्य रमेश गुप्ता ने मां सरस्वती को पुष्पांजलि अर्पित की। भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी में भी 79वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न धूमधाम से मनाया गया। देशगीत-संगीत, कृष्णभक्ति गीत एवं नृत्य से प्रांगण देशभक्ति के नशे में झूम उठा। विद्यालय के चेयरमैन अंकित कुशवाहा व डायरेक्टर संध्या कुशवाहा ने झण्डा फहराया।

उत्तराखण्ड की सड़क और रेल मार्ग से कुक्कुट उत्पादों का आवागमन बंद करें: डीएम

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि 16 अगस्त 2025 को मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन के पत्र द्वारा जनपद रामपुर में तीन स्थानों कप्तान पोल्ट्री फार्म, ग्राम सेहोरा तहसील-बिलासपुर, महाराजा पोल्ट्री फार्म, ग्राम चन्दायन तहसील बिलासपुर एवं शर्मा पोल्ट्री फार्म ग्राम बग्गी तहसील स्वार में कुक्कुट पक्षियों के सैंपल में आनन्दनगर भोपाल एवियन इन्फ्लुएन्जा वायरस के पॉजिटिव होने की पुष्टि होने एवं उत्तराखण्ड राज्य में भी एवियन इन्फ्लुएंजा की पुष्टि होने के फलस्वरूप उत्तराखण्ड प्रदेश की सीमा से लगे जनपदों में कुक्कुट एवं कुक्कुट उत्पादों के सड़क एवं रेल मार्ग से आवागमन के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित किये जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि शासन के निर्देश पर जनपद बिजनौर में उत्तराखण्ड राज्य से कुक्कुट एवं कुक्कुट उत्पादों का सड़क एवं रेल मार्ग से आवागमन तत्काल प्रभाव से पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित किया जाता है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उक्त आदेश का कड़ाई से पालन कराया जाना सुनिश्चित करें।

भ्रष्टाचार के विरुद्ध समाजसेवी का आमरण अनशन प्रारंभ

महोबा। मानव सेवा संस्था भारत, स्वतंत्र पत्रकार समिति व आजाद अधिकार सेना के बैनर तले समाजसेवी भगवती प्रसाद सोनी ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध मोक्ष धाम राठ रोड महोबा में 15 अगस्त 2025 से आमरण अनशन शुरू कर दिया है।? अनशन पर बैठने के बाद उन्होंने कहा कि 15 अगस्त के दिन देश आजाद हुआ था परंतु भ्रष्टाचार से आजादी मिलना अभी भी बाकी है इसीलिए उन्होंने आमरण अनशन पर बैठने के लिए 15 अगस्त का दिन चुना। इस मौके पर स्वतंत्र पत्रकार समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अभिषेक सक्सेना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं परंतु भ्रष्टाचार खत्म किए बिना देश का विकसित राष्ट्र बनना असंभव है। मोक्ष धाम को ही अनशन स्थल चुनने पर उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों को यह एक संदेश है कि कितना भी भ्रष्टाचार कर लें, कितना भी काला धन जमा कर लें लेकिन अंत में सभी को खाली हाथ मोक्ष धाम पर ही आना पड़ता है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर मानव सेवा संस्था के प्रदेश अध्यक्ष रमन दीक्षित ने कहा कि अभी तो बस यह एक शुरूआत है, जहां जहां भ्रष्टाचार व्याप्त है सभी के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा, देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करना ही मानव सेवा संस्था का उद्देश्य है। भ्रष्टाचार के खिलाफ अपना समर्थन दे रहे भारतीय मजदूर संघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष कपिल कश्यप ने कह कि आम जनता भ्रष्टाचार से परेशान हो चुकी है, अब भ्रष्टाचार मुक्त देश बनाने का समय आ गया है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध आमरण अनशन कर रहे भगवती प्रसाद सोनी को अनेक संगठनों एवं समाज सेवियों का समर्थन प्राप्त हो रहा है।

निरंकारी मिशन का जिला अस्पताल में बृहद पौरोपण

बांदा। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन ने वननेस वन अभियान के तहत मिशन के सेवादल सदस्यों एवं अनुयायियों ने जिला चिकित्सालय में क्षेत्रीय संचालक डॉ सुरेश सिंह के नेतृत्व में वृहद वृक्षारोपण किया। यह अभियान वर्ष 2021 में शुरू हुआ था और अब ऐसे हरे भरे वृक्षों में परिणित हो चुका है और लघु वनों का स्वरूप ले चुका है। इन वनों में प्रवासी पक्षियों की वापसी और जैव विविधता का पुनरूत्थान इसका प्रमाण है कि यह प्रयास केवल पर्यावरण की रक्षा नही, बल्कि प्रकृति के पुनर्जीवन का माध्यम भी बन चुका है। वननेस वन परियोजना केवल वृक्षारोपण नही, यह प्रकृति, सेवा और सह अस्तित्व का एक जीवंत आंदोलन है। अभियान भविष्य की पीढ़ियों को हरीतिमा से समृद्ध वातावरण देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। लगाए गये पौधों की देखभाल और संरक्षण का यह संकल्प उन्हे घने, स्वावलंबी वनों में परिवर्तित करने की दिशा में एक ठोस कदम है जिससे भावी पीढ़ियां भी इस सजीव विरासत से लाभान्वित हो सकेंगी। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउण्डेशन ने वननेस वन परियोजना के पांचवें चरण का आयोजन देश भर के 600 से अधिक स्थानों पर पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया है। सत्गुरू की छाया में वननेस वन का यह अभियान सेवा, समर्पण और प्रकृति प्रेम की वह साधना है, जो पर्यावरण संरक्षण को एक अध्यात्मिक अनुभव में परिवर्तित कर देती है। सेवा करना महज कर्तव्य नही, एक साधना है जिसे निरंकारी मिशन बखूबी निभा रहा है।

लावारिस कुत्तों का संकट

निराश्रित, लावारिस, सामुदायिक या विकृत भाषा में कहें तो आवारा कुत्ते बेशक लोगों के लिए समस्या हैं। अनायास ही दौड़ा लेना, झपट पड़ना इनकी फितरत है। इससे लोगों को बड़ी परेशानी होती है। एक बार कुत्ता काट लेने के बाद कई इजेंक्शन लगाने पड़ते हैं। इलाज निजी स्वास्थ्य केन्द्र पर कराया जाये तो जेब भी ढ़ीली होती है। ऐसे में दिन दूनी-रात चौगुनी गति से बढ़ती कुत्तों की आबादी पर विवेकपूर्ण नियंत्रण जरूरी है लेकिन अदालती फैसले से इसका समाधान होता है तो अनेक चुनौतियां भी पेश आयेंगे। इसलिए अदालती फैसले के बजाय अगर विशेषज्ञों की समिति कोई व्यवहारिक सुझाव और गाइडलाइन तय करे तो सामुदायिक कुत्तों का विवेकपूर्ण समाधान निकल सकता है। इस संदर्भ में राष्ट्रीय राजधानी में गंभीर बहस चल रही है, जो उचित भी है। हालांकि दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आवारा कुत्तों पर नकेल कसने और उन्हें आश्रय-गृहों में रखने पर सर्वोच्च अदालत का फैसला बेहद मानवीय दृष्टिकोण से प्रेरित है। दरअसल कई जगहों पर कुत्ते सीधे-सीधे यमदूत बन गये हैं। वे बच्चों और बुजुर्गों को काट रहे हैं, नतीजतन देश में करीब 5700 मौतें हर साल रेबीज के कारण होती हैं। दिल्ली के तीन बड़े अस्पतालों में इसी साल करीब 91,009 कुत्तों के काटने के मामले दर्ज किए गए हैं। समझा जा सकता है कि आवारा कुत्तों का खतरा कितना बड़ा है। लेकिन सर्वोच्च अदालत

के फैसले को एकतरफा और स्वाभाविक न्याय के खिलाफ मानने वाले व्यक्ति और संगठन दिल्ली में सडकों पर उतर आये हैं। वे देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई से अनुरोध कर रहे हैं कि फैसले पर पुनर्विचार किया जाये। उनके सवाल हैं कि आठ सप्ताह (यानी 2 माह) में क्या किया जा सकता है? दिल्ली के 4 जोन के एक सर्वेक्षण के मुताबिक, राजधानी में 1.89 लाख कुत्ते हैं और निकटवर्ती नोएडा, ग्रेटर नोएडा में 35,000 कुत्ते हैं। पूरी राजधानी दिल्ली में कुत्तों की संख्या ज्यादा है। कुत्तों को रखने, उनकी देखभाल करने, उन्हें पर्याप्त भोजन देने, उनकी चिकित्सा और नसबंदी आदि व्यवस्थाओं के लिए आश्रय-स्थल, कर्मचारी और बजट कहां हैं? पशु-प्रेमी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी का कहना है कि दिल्ली में 3 लाख कुत्तों के लिए करीब 3000 आश्रय-गृह चाहिए। देखरेख के लिए हजारों लोगों की जरूरत पड़ेगी। खाने-पिलाने और रखरखाव पर हर सप्ताह 3-4 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह फैसला व्यावहारिक नहीं है। फिल्म अभिनेता जॉन अब्राहम ने प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिख कर फैसले की समीक्षा की गुहार लगाई है। जॉन इन्हें आवारा नहीं, सामुदायिक कुत्ते मानते हैं। लोग इनका सम्मान करते हैं और प्रेम भी करते हैं। ऐसी ही प्रतिक्रियाएं कई अतिविशिष्ट लोगों ने व्यक्त की हैं। पशु-प्रेमियों की दलीलें हैं कि कुत्ते देश की सीमाओं की रक्षा में योगदान देते हैं। बड़े मामलों, आपदाओं, हादसों और हत्याओं की गुत्थियां सुलझाने में भी कुत्तों की भूमिका अहम रही है और उसे सराहा गया है। लेकिन यह भी यथार्थ है कि दिल्ली की गलियों, इलाकों, पार्कों आदि सामुदायिक स्थलों पर आवारा कुत्ते सक्रिय हैं और वे बच्चों और बुजुर्गों पर हिंसक हमले करते रहे हैं। यह भी देखा गया है कि लोग उन्हें खाना, बिस्कुट, अंडे आदि खिलाते रहते हैं। सर्वोच्च अदालत ने यह मामला स्वतः संज्ञान लिया है, लिहाजा अदालत का आदेश है कि यदि कोई व्यक्ति या संगठन फैसले को लागू करने में बाधा बनेगा, तो उसके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। यदि इस समस्या को राष्ट्रीय संदर्भों में देखें, तो तीन मंत्रालयों का कहना है कि देश में करीब 1.53 करोड़ आवारा कुत्ते हैं। इनमें 70 फीसदी का टीकाकरण और नसबंदी एक ही साल में करने का लक्ष्य तय किया गया है। दरअसल यह बेहद संवेदनशील मुद्दा भी है, क्योंकि कुत्ते बेजुबान प्राणी हैं। वे अपना पक्ष रखने में असमर्थ हैं। स्वाभाविक न्याय उन्हें भी मिलना चाहिए। इसलिए इस संकट का कोई मानवीय समाधान हो जिससे लोग कुत्तों के काटने से बच भी जायें और कुत्तों के साथ भी हिंसा या अमानवीय बर्ताव न हो।

जीएसटी सुधारों से देश को मिलेगी बड़ी राहत

मनोज बाजपेयी

> जीएसटी सुधार वास्तव में डबल धमाका हैं। इन सुधारों को इस तरह से प्रस्तावित करना चाहिए जिससे जनता को महंगाई से राहत मिले और व्यापारियों को जीएसटी के जटिल कानूनों के झंझट से आजादी मिले। आसान कर प्रणाली और टैक्स की कम दरों से कंप्लायंस भी बढ़ेगा और कारोबार भी। इससे देश की आर्थिक प्रगति और तेज होगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 12वीं बार राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने के बाद राष्ट्र को संबोधित करते हुए देश की अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। अपनी सरकार की योजनाएं और उपलब्धियां पर को गिनाया। राष्ट्रीय सुरक्षा से लेकर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की चर्चा भी की। अपने अब तक के सबसे लंबे भाषण में देश को 104 मिनट तक संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने जीएसटी रिफॉर्म की जो घोषणा की है वह महत्वपूर्ण है। दरअसल 1 अप्रैल 2017 को जब जीएसटी लागू किया गया था, तो उसमें जीएसटी के चार स्लैब बनाये गये थे। आमजन और विशेषकर गरीबों के उपयोग के सामानों पर 5 प्रतिशत की जीएसटी प्रस्तावित की गयी थी। कपड़े, जूते से लेकर अधिकांश एफएमसीजी उत्पादों को 12 प्रतिशत के दायरे में रखा गया था और सौंदर्य प्रशासन से लेकर सेवाओं पर लगने वाले टैक्स को 18 प्रतिशत रखा गया था। इसके अलावा लग्जरी सेंगमेंट, सिन गुड्स एवं प्रोडक्ट पर 28 प्रतिशत की जीएसटी दर प्रस्तावित की गयी थी।

जब जीएसटी लागू की गयी थी तब इससे अनेक तरह की परेशानियां सामने आयीं। महंगाई बढ़ी जिससे लोगों को तकलीफ भी हुई। लेकिन जीएसटी के आठ साल बाद जिस तरह देश में अप्रत्यक्ष कर संग्रह बढ़ा है और अब हर महीने भारत सरकार को जीएसटी से दो लाख करोड़ से अधिक टैक्स जमा हो रहा है, उसे देखते हुए यह जरूरी है कि जीएसटी में ऐसा सुधार लाया जाये जिससे गरीबों को भी राहत मिले और देश की औद्योगिक विकास की गति भी तेज हो। संभवतः इसी आवश्यकता के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से दो माह पूर्व ही दिवाली के मौके पर जीएसटी दरों में कटौती कर महंगाई से आजादी देने की घोषणा कर दी है। लाल किले की घोषणा के मद्देनजर सरकार ने जीएसटी में सुधारों का लागू करने और टैक्स दरों में आवश्यक कटौती की कवायद भी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ऐलान किया कि केंद्र सरकार ने अगली पीढ़ी की जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) सुधारों का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है और इसे सभी राज्यों को भेज दिया गया है। उन्होंने राज्यों से इस प्रस्ताव को जल्द से जल्द लागू करने में सहयोग की अपील की ताकि इस दीपावाली से पहले जीएसटी सुधारों को विधिवत लागू किया जा सके। प्रधानमंत्री की मंशा जीएसटी सुधारों के जरिए आम जनता को बड़ी राहत देने की है। सुधार गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के साथ-साथ छोटे और बड़े कारोबारियों के लिए फायदेमंद होंगे। पीएम मोदी ने दो एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जीएसटी सुधारों की अपनी सरकार योजना को दोहराया जिसे दो दिन पूर्व लालकिले से उन्होंने राष्ट्र को संबोधित करते हुए ऐलान किया था।

विमर्श

प्रधानमंत्री ने बताया कि जीएसटी कानून को और सरल करने और टैक्स दरों में बदलाव करने की योजना है। दरअसल केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि जीएसटी को और आसान बनाया जाए ताकि आम लोगों और कारोबारियों को सहूलियत हो। इससे पहले 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले की प्राचीर से अपने भाषण में पीएम मोदी ने जीएसटी सुधारों का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था कि ये सुधार न केवल सुशासन को बढ़ावा देंगे, बल्कि लोगों का जीवन और उनके कारोबार को और आसान बनाएंगे। मोदी ने जोर देकर कहा है कि इस दीवाली पर ये सुधार लोगों के लिए 'डबल बोनस' की तरह होंगे और उत्सव को और शानदार बनाएंगे। दरअसल सरकार की मंशा दिवाली के मौके पर जहां आम जनता को टैक्स दरों में कटौती कर महंगाई से राहत देने का है वहीं जीएसटी कानूनों को और सरल बनाकर कारोबारियों को टैक्स कम्पलायंस की जिम्मेदारियों को कम करने के साथ ही सरल बनाना भी है। बताया जाता है कि प्रस्तावित जीएसटी सुधारों में मौजूदा चार टैक्स स्लैब (5%, 12%, 18% और 28%) को खत्म करके दो मुख्य टैक्स स्लैब 5% और 18% लागू करने की योजना है। इसके अलावा, 5 से 7 डिमेरिट या सिन गुड्स (जैसे तंबाकू, गुटखा, पान मसाला और ऑनलाइन गेमिंग) पर 40% की स्पेशल टैक्स रेट लागू हो सकती है। जो कि जीएसटी कानून के तहत अधिकतम अनुमति दर है। 12% स्लैब में आने वाली 99% वस्तुएं, जैसे मक्खन, फलों का रस और ड्राई फ्रूट्स, जीएसटी सुधारों के बाद 5% के स्लैब में आ सकते हैं। वहीं, 28% स्लैब में मौजूद 90% सामान, जैसे एसी, टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन और सीमेंट, को 18% के स्लैब में लाया जाएगा। ये बदलाव लगभग छह महीने की चर्चा और दर्जनों बैठकों के बाद तैयार किए गए हैं। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि टैक्स दरों में बार-बार बदलाव की जरूरत न पड़े और इनपुट टैक्स क्रेडिट सिस्टम में जमा न हो। इससे सरकार को राजस्व में कुछ नुकसान भी हो सकता है लेकिन बढ़ती अर्थव्यवस्था और टैक्स सुधारों के जरिए इसका दायरा बढ़ाकर इस नुकसान की भरपायी भी की जा सकता है। फिलहाल 12% स्लैब में मौजूद करीब 20% सामान, जैसे पैकेज्ड फूड प्रोडक्ट, कपड़े और होटल आवास, को 5% स्लैब में लाने से सरकार को कुछ राजस्व का नुकसान हो सकता है। लेकिन केंद्र सरकार को उम्मीद है कि इससे खपत बढ़ेगी और अगले कुछ महीनों में इस नुकसान की भरपाई हो जाएगी। ये सुधार ऐसे समय में प्रस्तावित किए गए हैं, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने भारत से निर्यात होने वाले सभी सामानों पर 25% टैरिफ लगाया है और 27 अगस्त से इसे दोगुना करके 50% करने की योजना बनाई है। यह कदम भारत के रूस से तेल खरीदने के जवाब में उठाया गया है। जीएसटी सुधारों को लागू करने के लिए यह जरूरी है कि सरकार ने सुधारों का जो मसौदा तैयार किया है उसे जीएसट काउंसिल में रखे और इसे पाय कराये। इसके लिए जीएसटी काउंसिल अगले महीने इस टैक्स सुधार प्रस्ताव पर चर्चा के लिए बैठक करेगी। पीएम मोदी ने राज्यों से अपील की है कि वे इस प्रक्रिया को जल्द पूरा करें ताकि दीपावली तक ये सुधार लागू हो सकें और लोगों का उत्सव और भी खास बन जाए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा के अनुरूप में दिवाली के मौके पर अगर जीएसटी सुधार लागू होते हैं, तो इससे जनता को तो बड़ी राहत मिलेगी ही, लेकिन कारोबार भी सुगम होगा। यह भी जब चीजों के दाम घटेंगे तो उनकी मांग बढ़ेगी और ऐसे में अमरीकी टैरिफ से निर्यात को जो नुकसान होगा उसकी भरपाई देश में ही हो सकता है। फिलहाल जीएसटी सुधार वास्तव में डबल धमाका हैं। इन सुधारों को इस तरह से प्रस्तावित करना चाहिए जिससे जनता को महंगाई से राहत मिले और व्यापारियों को जीएसटी के जटिल कानूनों के झंझट से राहत मिल सके। आसान कर प्रणाली और टैक्स की कम से कम्पलायंस भी बढ़ेगा और कारोबार भी बढ़ेगा और इससे देश की आर्थिक प्रगति और तेज होगी।

(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)

सोशल मीडिया

वोट चोरों से वोट के अधिकार को बचाने के लिए लोकतंत्र, संविधान को सुरक्षित रखने के लिए आज सासाराम की ऐतिहासिक धरती से वोट अधिकार यात्रा का आगाज। तेजस्वी यादव.

हमारे पारसी समाज की बहनों और भाइयों को नवरोज की हार्दिक शुभकामनाएं, यह नया साल हम सबके जीवन में एक साथ, अच्छा स्वास्थ्य और समृद्धि लेकर आये। अमित शाह.

जिस प्रकार की बातें इंडी गठबंधन और कांग्रेस पार्टी कर रही हैं, वह चोरी की बात नहीं, एक बल्कि पुरानी कहावत है कि चोर मचाये शोर, वाला काम कर रहे हैं। सुधांशु त्रिवेदी.

व्यक्ति का आचरण

अंतर्दृष्टि

आचरण उसके भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण होता है। आध्यात्मिक ज्ञान मनुष्य में एक नयी अनुभूति विकसित करता है। मनुष्य के आचरण में, व्यक्तित्व और कृतित्व के विकास में ज्ञान की बहुत बड़ी भूमिका होती है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

आप तो घोटाला कर चुके हैं

व्यंग्यलोक

नेताजी दहाडें मारकर रोते हुए मेरे घर आये। बोले- मैं बर्बाद हो गया शर्मा, मुझे बचा लो। मैं बोला-आखिर हुआ क्या है बलराम जी? वे और जोर से रोने लगे। रोते-रोते ही बोले-मैं चुनाव हार गया? मैंने कहा-देखिये चुनाव में एक ही जीतता है। दूसरों को तो हारना ही होता है। आप धैर्य रखें, आगे और चुनाव हैं। मौके खत्म थोड़े ही हुये हैं। सब ठीक हो जायेगा। मैंने सब कुछ दांव पर लगा दिया शर्मा। मैं कंगाल हो गया। जीप वाला, ढाबे वाला, माइकवाला और उधारी मांगने वाले मुझे ढूंढ रहे हैं। मैं करूं तो क्या करूं? वे बोले। उन्हें कहो कि पार्टी से पैसा मिलेगा तब चुका दूंगा उधारी। कोई ज्यादा ही दादागिरी करे तो आप भी गुण्डई पर उतर आयें। मांगना भूल जायेगा। मैंने कहा मुझे कहीं छिपा दो शर्मा। मैं किस मुंह से जनता केसामने जाऊं। मैंने सब्जबागों के वादे किये थे, लेकिन वोटरने मेरी जमानत जब्त करा दी। बलराम जी बोले। राजनेता होकर कैसी कायरों वाली बातें कर रहे हो? थोड़ा तो नेतागिरी का हौंसला पैदा करो और सबको धताबता दो। आप तो जब प्रधान थे तो मनरेगा में लाखों का घोटाला कर चुके हैं। घबराने की क्या बात है। मैंने कहा तो वे बोले- सब डूब गया। मेरी काली कमाई सब निकल गई। सोचा था, चुनाव बाद कई गुना कमाकर घर भर लूंगा। शर्मा मेरे सपनों पर पानी फिर गया। जीतने वाला चांदी काटेगा। आपको निराश होने की जरूरत नहीं है बलराम जी, दिन आपके भी फिरेंगे। देखना मध्यावधि चुनाव होंगे। ये गठबंधन चलने वाला नहीं है। हिम्मत से काम लें। मैंने कहा तो उन्होंने अपनी रोनी सूरत को शांत किया और बोले आपको पक्का विश्वास है कि मध्यावधि होंगे! सच मजा आ जायेगा। अबकी बार मैं सारे पैंतरे काम में ले लूंगा। देखना जनता को मूर्ख बनाने में मैं कोई कमी नहीं छोड़ूंगा। दरअसल सामने वाले ने खुलकरनोट बांटे थे और मैं पार्टी से मिला पैसा बचाने में मारा गया। वैसे शराब का तो मयखाना मैंने भी वोटर के लिए खोल दिया था। लेकिन भाई आजकल नोट के बदले वोट का जमाना है। मंहगाई के मारे वोटरों को नकद चाहिए। वह सब तो ठीक है, लेकिन मध्यावधि में मान लो पार्टी आपको टिकट नहीं दिया तो क्या करोगे? मैंने पूछा तो वे हौंसले से बोले निर्दलीय लड़ पड़ूंगा। आजकल निर्दलियों की भी चांदी है। आयडिया तो बुरा नहीं है बलराम जी। लेकिन चुनावजीतना जरूरी है, इस तरह माल मारने के लिए। मैंने कहा तो वे उछल पड़े, चिंता मत करो शर्मा। खजाना खोल दूंगा। अभी मैंजो रो रहा था न, वे घड़ियाली आंसू थे। चिंता की बात नहीं है, देखना मध्यवधि में मैं क्या गुल खिलाता हूँ। यह कहकर वे चल दिये। मैंने राहत की सांस ली कि आयी बला टली। नेता का दिल वाकई बहुतपक्का होता है। वह रोता भी है तो उसका कोई मकसद होताहै।

पूरन सरमा

पूरी दुनिया में बढ़ रही हैं 'ब्रेन स्ट्रोक' की घटनाएं

स्वास्थ्य

डॉ. माजिद अलीम

ब्रेन स्ट्रोक को आमतौर पर सिर्फ स्ट्रोक भी कहा जाता है। किसी इंसान को स्ट्रोक तब पड़ता है जब मस्तिष्क को रक्त की जरूरी आपूर्ति अवरूद्ध हो जाती है। इस प्रक्रिया को सेरेब्रो वॉस्कुलर दुर्घटना (सीवीए) भी कहा जाता है। वास्तव में जब मस्तिष्क की रक्त आपूर्ति बाधित हो जाती है तो उसे पर्याप्त ऑक्सीजन या पोषक तत्व नहीं मिलते हैं, इससे झटका या स्ट्रोक आ जाता है। स्ट्रोक की अलग अलग प्रकृति होती है। यह कुछ मिनटों से लेकर कई दिनों तक रह सकता है। स्ट्रोक होने के बाद, लोग अलग-अलग समय सीमा के भीतर ठीक हो जाते हैं, जिसमें स्ट्रोक की गंभीरता के आधार पर महीनों या साल भी लग सकते हैं। साथ ही कुछ के लक्षण 24 घंटे में भी गायब हो जाते हैं। दरअसल नसों में ब्लड क्लॉट जमने से मिनी स्ट्रोक पड़ता है। जिससे खून पूरी आजादी के साथ घूम नहीं पाता है। लेकिन ये ब्लड क्लॉट छोटे और अस्थाई होते हैं और कुछ ही देर में वापस घुल जाते हैं। लेकिन इस स्थिति को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और डॉक्टर को दिखाना चाहिए। 1990 में ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज के एक अध्ययन के मुताबिक ब्रेन स्ट्रोक या स्ट्रोक दुनियाभर में मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण था। 2010 में यह अध्ययन दोबारा से हुआ और तब पता चला कि दुनिया में हर साल 58.70 लाख लोगों की मौत स्ट्रोक के कारण हो जाती है। जबकि 1990 में जब पहली बार इस पर अध्ययन हुआ था, तब इससे हर साल 46.60 लाख लोगों की मौत हो रही थीं। कहने का मतलब यह कि 1990 से 2010 के बाद यानी दो दशकों में स्ट्रोक से होने वाली मौतों में 26 फीसदी का इजाफा हुआ। इसके बाद से भी लगातार स्ट्रोक की घटनाओं में वृद्धि हो रही है।

जहां तक स्ट्रोक की अपने देश में वृद्धि का सवाल है तो पिछले तीन दशकों में भारत में 100 फीसदी तक स्ट्रोक की घटनाएं बढ़ी हैं। लेकिन अगर इन्हें प्रारंभिक स्तर तक ही देखा जाए तो यह बढ़ोत्तरी और ज्यादा है। क्योंकि पहले जहां 1 लाख लोगों में से 105 से 152 तक लोग स्ट्रोक से पीड़ित होते थे, जबकि पिछले कुछ सालों में यह संख्या बढ़कर 569 तक हो गई है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कैसे स्ट्रोक की घटनाओं में बढ़ोत्तरी हो रही है। हैरानी की बात यह है कि दुनिया के स्तर पर भी यह स्वास्थ्य परेशानी निम्न और निम्न मध्यम आय वाले देशों में सबसे ज्यादा है। 2001 में जीबीडी के एक अध्ययन के मुताबिक 85 फीसदी स्ट्रोक गरीब और मध्य आयवर्ग वाले देश में आते हैं और उसमें से भी भारत की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। साल 2019 में हिंदुस्तान में 13 लाख लोगों को स्ट्रोक की समस्या हुई थी, जो कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दक्षिण पूर्व एशिया में सबसे ज्यादा है। द लासेंट कमीशन ने भी इस तथ्य की पुष्टि की है। साल 2020 में अपने यहां 1.50 लाख लोगों की मौत स्ट्रोक के कारण हुई थी।

दुनिया के स्वास्थ्य में इतनी बड़ी भूमिका निभाने के कारण हर साल 29 अक्टूबर को विश्व स्ट्रोक दिवस मनाया जाता है ताकि इसकी गंभीरता और इससे होने वाली मौतों के बारे में न सिर्फ लोगों को जागरूक किया जा सके बल्कि इसके उपचार के संबंध में भी बेहतर तैयारी और शोध हो सकें। हाल के सालों में भारत में 100 फीसदी तक स्ट्रोक की घटनाओं में होने वाली वृद्धि ने इसे एक बेहद डरावनी स्वास्थ्य समस्या बना दिया है। आज की तारीख में भारत में स्ट्रोक एक बहुत बड़ी स्वास्थ्य चिंता है। विश्व स्ट्रोक दिवस मनाये जाने के पीछे मकसद यह है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इसकी भयावहता को समझें और इसके संकेतों, लक्षणों आदि से जागरूक हों, ताकि असमय मृत्यु से बचने की कोशिश कर सकें। विश्व स्ट्रोक संगठन या डब्ल्यूएसओ पूरी दुनिया में स्ट्रोक संबंधी समस्याओं पर नजर रखता है, इसके लिए जरूरी इलाज सुनिश्चित करता है और सक्रिय रूप से टास्क फोर्स बनाकर दुनियाभर के अस्पतालों में कार्डियोलॉजी और स्ट्रोक सेवाओं के बीच सहयोग बढ़ाने में पुल की भूमिका निभाता है। इसलिए हर साल विश्व स्ट्रोक डे पर लोगों को स्ट्रोक से संबंधित सभी बातों से अवगत कराया जाता है। हाल के सालों में भारत सहित दुनिया के ज्यादातर देशों में स्ट्रोक की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं तो इसका सबसे बड़ा कारण खराब लाइफस्टाइल के कारण नींद की कमी, खानपान और एक्सर साइज में संतुलित तालमेल का न होना, मोटापा, ब्लडप्रेशर और प्रदूषण जैसी समस्याओं के कारण स्ट्रोक की समस्या बेलगाम हो गई है।

विचार

मोक्ष वह जो सिखता है इहलोक और परलोक दोनों का सुख गुलामी है। क्योंकि इस प्रकृति के नियमों पर न कोई इहलोक है और न परलोक।

–स्वामी विवेकानन्द.

मनुष्य सर्वोत्तम भाषण है। अगर बोलना है तो कम से कम बोलो। एक शब्द से काम चले तो दो नहीं।

–महात्मा गांधी.

विपत्ति आने पर अपनी रक्षा के लिए व्यक्ति को अपने पड़ोसी शत्रु से भी मेल कर लेना चाहिए।

–वेदव्यास.

विवेक बुद्धि की पूर्णता है। यौवन के कर्त्तव्यों को पूर्ण करने में वह हमारा पथ-प्रदर्शन करता है।

–गेटे.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना तीर्थस्थान के दर्शन से प्राप्त होता है।

–सूरदास.

आप की बात

युवाओं को दक्ष बनायें कंपनियां

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए।

वीरेंद्र कुमार सिंह, लखनऊ.

रोजगार पर फोकस

प्रदेश में विकास और रोजगार सृजन का वातावरण बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में रोजगार की राह दिनोंदिन कठिन होती जा रही है। सरकारी नौकरियों में युवाओं के चयन में जिस तरह का भ्रष्टाचार, पक्षपात दशकों से व्याप्त है, उसको खत्म करना सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की कई भर्तियों में धांधली प्रकाश में आने पर चयन निरस्त कर दिया है। लोक सेवा आयोग तक की भर्तियों की सीबीआई जांच चल रही है, क्योंकि आरोप है कि पूर्व में लोक सेवा आयोग के माध्यम से सरकारी सेवकों के चयन में धांधली की गयी और मनमाने तरीके से नौकरियां बांटी गयीं। लंबे समय तक सरकारी नौकरियों के चयन में हुआ भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश सरकार ने नौकरियों में घूसखोरी पर काफी हद तक अंकुश लगाने का काम किया है, लेकिन जो दलाल इस धंधे से जुड़े थे, कहीं न कहीं वे आज भी परीक्षाओं की पवित्रता भंग देते हैं, इस कारण भर्तियां कठिन हो गयी हैं। पिछले साल पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक, नकल और फर्जी परीक्षार्थियों के सहारे परीक्षा की निष्पक्षता को तार-तार करने की कोशिशें हुईं। इनमें जो लोग पकड़े गये हैं उनमें प्रिंसिपल, पुलिस से लेकर बिहार तक के सक्रिय गिरोह का नाम सामने आया। इसी तरह शिक्षक भर्ती परीक्षा में कटऑफ, कॉपी बदलने, वाइटनर से उत्तर बदलने जैसे आरोपों के बाद यह परीक्षा विवादित हो गयी और आज तक न्यायालय से विवाद नहीं सुलझ सका। पिछले साल एलटी ग्रेड शिक्षकों की भर्ती में पेपर आउट कराने के मामले में परीक्षा नियंत्रक और पेपर छापने वाले प्रकाशक गिरफ्तारी हुई है। इसी तरह लोवर सबार्डिनेट की 700 पदों की भर्तियां भी पेपर लीक होने के कारण निरस्त कर दी गयीं। सपा सरकार की भर्तियों में तमाम आरोप लगे। यह चिंताजनक है। नयी सरकार को भर्तियों को और साफ-सुथरा बनाना चाहिए।

ज्ञान प्रकाश सिंह, लखनऊ.

हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

अयोध्या। जनपद में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शुक्रवार को तकरीबन हर भवन में तिरंगा फहराया गया। सुबह आठ बजे से बैंड बाजे और बिगुल के साथ एनसीसी और स्काउट गाइड ने प्रभात फेरी निकाली। साथ ही ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी और शहीदों को नमन किया। देर शाम

- ध्वजारोहण कर तिरंगे को दी गयी सलामी व शहीदों को किया नमन

तक रंगारंग कार्यक्रमों का दौर चलता रहा। आयुक्त कार्यालय पर मण्डलायुक्त राजेश कुमार, कलक्टेट में जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने ध्वजारोहण किया। इसी तरह से जिला न्यायालय में जिला जज, विकास भवन में सीडीओ, सीएमओ कार्यालय में सीएमओ ने झंडारोहण किया। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर द्वारा पुलिस लाइन परिसर में ध्वजारोहण किया गया एवं पुलिसकर्मियों को सराहनीय सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र/प्रशंसा चिन्ह से सम्मानित किया गया। इसके अलावा जनपद के प्राइवेट व सरकारी विद्यालयों एवं संस्थानों में झंडारोहण किया गया। गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चैकी इंचार्ज हैरिंग्टनगंज आशीष सिंह, एस आई बीरेंद्र सिंह, समाजसेवी राजू दुबे और राधे श्याम त्रिपाठी के साथ प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इसके बाद मां सरस्वती और आजादी के बीर सपूतों की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि चैकी इंचार्ज आशीष सिंह ने कहा कि ह्मएक भारत श्रेष्ठ भारतह्न कहने के पीछे की वजह यही है कि 200 साल से गुलामी की जंजीर में जकड़े देशवासियों को आजादी दिलाने के लिये सभी जाति, धर्म और संप्रदाय के लोगों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। राष्ट्रीय पर्वो से हमें बिना किसी भेदभाव के देश और समाज की तरक्की के लिये लगातार अच्छे प्रयास करते रहने की प्रेरणा मिलती है इसके बाद विद्यार्थियों ने देश भक्ति, समाज, और जन्माष्टमी थीम पर अपने अभिनय से उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। प्रधानाचार्या शिखा दूबे, आर डी पाण्डेय, किरन यादव ने प्रमुखता से अपने विचार प्रकट किए। प्रथा शंकर शुक्ल,राम सूरत तिवारी, अजय यादव, शिव बहादुर शुक्ल, हरि ओम

तिवारी सहित उपस्थित सभी गणमान्यों का उप प्रबंधक रमा शंकर शुक्ल ने आभार व्यक्त किया। रोटरी क्लब फैजाबाद ने वनवासी छात्रावास, बहादुरगंज, अयोध्या के बच्चों के साथ मिलकर देशभक्ति और आजादी के जज्बे को उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता रही, जिसमें छात्रों ने बड़े जोश और उमंग के साथ देशप्रेम की भावनाओं को स्वरबद्ध प्रस्तुतियों के माध्यम से व्यक्त किया। कार्यक्रम में मिष्ठान वितरण का शुभ कार्य भी रोटरी क्लब फैजाबाद के सदस्यों द्वारा किया गया, जिसने बच्चों को देशभक्ति की भावना को और प्रगाढ़ करने तथा राष्ट्रप्रेम के मूल्य अपनाने के लिए प्रेरित किया व बच्चों ने पूरे हर्षोल्लास के साथ इस कार्यक्रम का आनंद लिया। इस अवसर पर रोटरी क्लब फैजाबाद के अध्यक्ष रो. अमित रस्तोगी एवं रोटरी सचिव रो. नीरज श्रीवास्तव ने सभी रोटरी सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया, जिन्होंने अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर सक्रिय सहभागिता निभाई और राष्ट्र के भावी कर्णधारों - इन बच्चों - को प्रोत्साहित किया। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विवि के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने हेलीपैड पर ध्वजारोहण किया। इसके साथ-साथ एनसीसी कैडेटों ने तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान कुलपति ने संविधान की रक्षा के प्रति शपथ दिलाई जिसे सभी लोगों ने एक साथ दोहराया। वहीं दूसरी तरफ कुलपति के नेतृत्व में समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों एवं वैज्ञानिकों ने नेहरू लाइब्रेरी के पास फलदार एवं छायादार पौधों को लगाया गया। कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने आजादी के पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हमारे अमर क्रांतिकारियों के सपनों का भारत अपना साकार रूप ले रहा है। क्रांतिकारियों की कुर्बानी को हम कभी नहीं भूल पाएंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विकास के लिए सभी को मिलकर और आपसी समन्वय से भागीदारी निभानी होगी। इस मौके पर कुलपति ने पांच परियोजनाओं का भी लोकार्पण किया। फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी अयोध्या कार्यालय में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। डी के श्रीवास्तव फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और उपस्थित लोगों को बधाई देने के साथ साथ स्वतंत्रता आंदोलन के बारे में भी बताया उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक को चाहिए कि वो जहाँ कहीं भी नौकरी या कोई कार्य करता है उसे पूरी लगन, निष्ठा और ईमानदारी से करे जिससे हमारा देश उत्तरोत्तर प्रगति करता रहे।अन्य लोगो ने भी अपने विचार प्रकट किए।

जमीन के नाम पर दस करोड़ की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

जिला संवाददाता

अयोध्या। जमीन के नाम पर भोले-भाले निवेशकों से करोड़ों की ठगी करने वाले संगठित गिरोह का अयोध्या पुलिस ने पर्दाफाश किया है। थाना पूराकलन्दर पुलिस व

- रुपए वापस मांगने पर प्रति रिवाल्वर से डराता था तो पत्नी महिला अपराधों में फसाने की देती थी धमकी
- पत्नी सहित गिरोह का सरगना गिरफ्तार

स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम ने गिरोह के सरगना सुशील चतुर्वेदी और उसकी पत्नी ममता जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक यह गिरोह अब तक करीब 10 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी कर चुका है गिरफ्तार आरोपी सुशील चतुर्वेदी ने पूछताछ में कबूल किया कि वह और उसकी पत्नी निवेशकों को विकास की आड़ में जमीन खरीदने का झांसा देते थे। बाजार भाव से कई गुना अधिक कीमत पर जमीन दिखाकर फर्जी दस्तावेज बनवाते और विवादित भूमि का बैनामा करा देते।

जब निवेशक पैसा वापस मांगते तो उसकी पत्नी महिला अपराध में फंसाने की धमकी देती और सुशील खुद लाइसेंसी रिवॉल्वर दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर डरा देता। जिससे अधिकांश निवेशक डर कर भाग जाते थे। पूछताछ में उसने बताया कि गिरोह में इनके अलावा गोविन्द बहादुर सिंह, दुष्यंत सिंह उर्फ राजा सिंह, सुनील कुमार मिश्रा और कई अन्य लोग भी सक्रिय बताए जा रहे हैं।

आरोपियों के पास से 02 मोबाइल फोन, एक लाइसेंसी रिवॉल्वर व 08 कारतूस, स्विफ्ट कार, दोनों आरोपियों के बैंक खातों में 12 लाख रुपये की धनराशि फ्रीज की गई है।

एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि 10 करोड़ से अधिक की धनराशि आरोपियों से कैश व ऑन लाइन लिया है। शेष फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने संगीता आहूजा को किया सम्मानित

अयोध्या। विधानसभा पर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, राजपाल व अन्य मंत्रियों सामने हुई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति जिसमें पूरे देश से 180 कलाकारों ने भाग लिया और अपनी अपनी लोक कला को प्रस्तुत किया। अयोध्या से संगीता आहूजा ने अपनी टीम के साथ बधावा लोक नृत्य प्रस्तुत किया। यह प्रस्तुति संस्कृति विभाग के अंतर्गत हुई और कार्यक्रम को कोरियोग्राफ एवं निर्देशन किया दिल्ली से आए संजय शर्मा ने। कार्यक्रम के पश्चात सफल एवं अच्छी प्रस्तुति के लिए मुख्यमंत्री द्वारा अपने आवास में बुलाकर पूरी टीम को सम्मानित किया गया और शुभकामनाएं दी गई। मुख्यमंत्री द्वारा कहा गया कि अयोध्या में जन्म लेना ही बहुत बड़ी

बात होती है और वहां पर आप अपनी पारंपरिक कला को संजोने का प्रयास करने के साथ-साथ पूरे देश में प्रस्तुत कर रहे है उसके लिए आपको और आपकी पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

सोशल मीडिया पोस्ट पर बवाल, दस के विरुद्ध केस दर्ज

जिला संवाददाता

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चैकी द्योढ़ी बाजार के इर्द गिर्द के गांव में एक पोस्ट को लेकर बवाल हो गया। आरोप है कि रविवार को सुबह गाँव निवासी एक ब्राह्मण युवक ने दबंगयी भरे शब्दों में

- तीन आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ कर रही पूछताछ

इंस्टाग्राम पेज पर चुनौती पूर्ण एक पोस्ट डाली। दूसरे ने इसे लाइक और शेयर कर दो कदम आगे बढ़ा दिया। यह कुंदुर्खां खुर्द, द्योढ़ी बाजार, भग्गू पुरवा और बभनियावां के कुछ युवकों को रास नहीं आया। एक योजना बद्ध तरीके से बदले की भावना से बाइक और कुछ अन्य वाहनों से सवार होकर लगभग 50 की संख्या में आये हमलावरो ने आशीर्वाद व बृजभान तिवारी आदि के घर पर धावा बोल दिया। लाठी डंडों से लैस हमलावरों ने परिवार में जो जहां मिला सब की जमकर पिटाई की सूचना पाकर पहुंची पुलिस के साथ एम्बुलेंस घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जा रही थी। हमलावरों ने एंबुलेंस को भी रास्ते में रोक लिया। किसी तरह प्रभारी निरीक्षक रौनाही संदीप कुमार सिंह ने दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर घायलों की जान बचाई और मौके से हमलावर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित गांव से हमलावरों की चार मोटर साइकिल भी बरामद की है।

घायलों में शामिल आशीर्वाद तिवारी पुत्र बृजभान बृजभान तिवारी पुत्र बृजभान,रितेश तिवारी पुत्र सूर्यभान अवनीश तिवारी पुत्र चंद्रभान, चिरंजीव तिवारी पुत्र सूर्यभान, अर्पित तिवारी पुत्र बृजभान में पांच लोगों को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। आरोपितों में शामिल नामजद लोगों में नीरज सिंह, राना सिंह, कार्तिकेय सिंह, शैलेश सिंह, तुषार सिंह, लल्लू सिंह सिपाही, प्रज्वल सिंह, सिद्धार्थ शर्मा सहित 10 लोगों का नाम शामिल है। इस संबंध में मौके पर जानकारी करने गए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चैधरी ने बताया कि आरोपी लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है एहतियात के तौर पर गांव के आस-पास पीएससी सहित भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

दवा व्यापारियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

बाराबंकी। बाराबंकी केमिस्ट एसोसिएशन के तत्वाधान में दवा व्यापारियो ने धनोखर सरोवर से तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा का शुभारम्भ राज्यकर विभाग अधिकारी आलोक सक्सेना एवं केमिस्ट एसोसिएशन चेयरमैन संजय शुक्ला, जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह वर्मा ने किया। यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुये वापस धनोखर सरोवर मे समाप्त हुई। इस मौके पर मनीष खेतान, राघवेन्द्र सिंह, अरविन्द राना, संदीप टंडन, शिवकरन वर्मा, पुत्तनलाल मिश्रा, हरीश प्रजापति राजीव खरे, कुन्दन वर्मा, पंकज वर्मा, गरिमा रस्तोगी, जिज्ञासा शुक्ला, मानस चतुर्वेदी, अमन तिवारी, अवधेश श्रीवास्तव, अंकित वर्मा, पुष्पेन्द्र क्या, शैलेन्द्र शिवपाल राजकुमार, विजय, अखिल मौजूद रहे।

उत्कृष्ट कार्य के लिए कानूनगो, लेखपाल सम्मानित

रामसनेहीघाट बाराबंकी। सरयू नदी के उफान के दौरान बाढ़ पीड़ितों की सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कानूनगो मनोज कुमार सोनी, लेखपाल कपिल देव सिंह, कौशलेन्द्र कुमार को तहसीलदार महिमा मिश्रा ने सम्मानित किया।

सपा प्रदेश सचिव का स्वागत

बाराबंकी। समाजवादी पार्टी प्रदेश सचिव इसरार चैधरी मलिक का जनपद आगमन पर मलिक समाज फाउंडेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष इरशाद मलिक ने इंडियन ढाबा पर फूल-माला, अंगवस्त्र एव मोमटो भेटकर स्वागत किया। स्वागत करने के पश्चात फाउंडेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मलिक ने कहा कि सपा सुप्रीमो एव पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इसरार चैधरी को सपा प्रदेश सचिव बनाकर प्रदेश भर के मालिक समाज (टेली समाज) को सम्मान दिया है। जिसके लिए मलिक समाज सपा सुप्रीमो का आभार प्रकट करता है। स्वागत करने वालो मे एमआई नादिम मलिक, कदीर मलिक, हाजी इरफान मलिक, मास्टर मोहम्मद शोएब कामिल मलिक, फैसल मलिक, नफीस मलिक मौजूद रहे।

किसान वर्तमान सरकार से त्रस्त है: तनुज पुनिया

बाराबंकी। किसानो की समस्याओं, खाद की कालाबाजारी एंव वोट चोरी को लेकर कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने ओबरी आवास पर प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता मे कांग्रेस सांसद श्री पुनिया ने मीडिया से रुबरु होते हुये कहा कि आज प्रदेश में जिस प्रकार किसानों की समस्याऐं चरम सीमा पर पहुंच गई है। जिससे देश का अन्नदाता लगकर भी खाद उपलब्ध नही हो पा रही है। किसानों की उपजाऊ फसल के लिये यूरिया खाद का होना अति आवश्यक है। लेकिन वर्तमान सरकार न ही एग्रीजंक्शन ई-बाजार केन्द्र, सरकारी समितियों पर खाद उपलब्ध करवा ही नही पा रही है। जो भी खाद उपलब्ध है व पूर्ण तरीके से कालाबाजारी की गिरफ्त में आ चुकी

- खाद की कालाबाजारी और वोट चोरी को लेकर कांग्रेस सांसद ने की प्रेस वार्ता
- समितियों की मिलीभगत से खाद की कालाबाजारी नेपाल बार्डर तक की जा रही
- किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस करेगी धरना प्रदर्शन

किसान वर्तमान सरकार में पूरी तरीके से त्रस्त है। क्योंकि वर्तमान सरकार में न ही किसानों को खाद उपलब्ध हो पा रही है और न ही पूर्ण तरीके से बिजली। जिस प्रकार यूरिया खाद को लेकर त्राहि-त्राहि मची हुई है जिससे किसान आत्मदाह की कगार पर पहुंच गया है। क्योंकि खरीफ की फसल पूरी तरीके से बर्बाद होने के कारण दिन रात लाइन में हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह केवल इस वर्ष ही नही हर वर्ष कि समस्या है। 124 केन्द्र उपलब्ध होने के बावजूद भी 85 केन्द्रों पर खाद की अनुमति है। जबकि 3 से 4 केन्द्रों पर केवल एक सचिव है।

केन्द्रों की संख्या सीमित है। जबकि समितियों की मिलीभगत से खाद की कालाबाजारी नेपाल बार्डर

तक की जा रही है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि, आने वाले समय में डीए0पी0, एन0पी0के0, पेटाश की जरूरत पड़ेगी। श्री पुनिया ने कहा कि इन समस्याओं को लेकर शासन व प्रशासन को कई बार पत्र व ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया। कांग्रेस सांसद श्री पुनिया ने आगे कहा कि जिस प्रकार वर्तमान सरकार एवं चुनाव आयोग की मिलिभगत से वोट चोरी हो रही है। जिसका पूर्ण तरीके से पर्दाफाश करते हुये जननायक राहुल गांधी एवं पूरा इण्डिया गठबन्धन बिहार में यात्रा निकाल रहा है। वोट चोरों होश सम्भाले क्योंकि लोकतन्त्र में आम जनमानस के साथ छल कदापि बर्दाश नही किया जायेगा। प्रेस वार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन मौजूद रहे।

कूरेभार में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

कूरेभार, सुलतानपुर। कूरेभार क्षेत्र में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों के साथ-साथ हर घर तिरंगा अभियान की झलक पूरे क्षेत्र में देखने को मिली थाना परिसर में एसओ रवींद्र सिंह ने पुलिस कर्मियों संग ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी और कर्तव्य परायणता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मिठाई का वितरण भी हुआ।

ब्लॉक मुख्यालय पर बीडीओ श्रीकांत तिवारी और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति पट्टिका पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए तिरंगा फहराया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विकासकर्मी डॉ. शैलेश प्रताप सिंह ने स्वास्थ्यकर्मियों के बीच बीईओ उदय राज मौर्य ने ध्वज फहराया। शैक्षिक संस्थानों में भी छात्रों ने तिरंगा लहराकर आजादी के पर्व को उल्लासपूर्वक मनाया।सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ तिरंगा यात्राएं इस बार के आयोजन का मुख्य आकर्षण रहीं। ब्लॉक मुख्यालय से सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय की मौजूदगी में प्राथमिक, कम्पोजिट, जूनियर हाई स्कूल और जनता इंटर कॉलेज के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने बाजार में तिरंगा यात्रा निकाली।

नहर में डूबने से दादा-पोते की मौत

बलरामपुर। जिले के गैंडास बुजुर्ग थाना क्षेत्र में नहर में डूबने से दादा और पोते की मौत हो गई। उतरौला के पुलिस क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शनिवार शाम मझौवा गांव निवासी भरथरी सैनी (65) अपने पौत्र आहान सैनी (13) के साथ नहर किनारे घास काटने गए थे। आहान खेलते समय पैर फिसलने से नहर में गिर कर डूबने लगा, पौत्र को डूबता देख भरथरी सैनी उसे बचाने के लिए नहर में कूद पड़े और दोनों की डूबकर मौत हो गई।

जन्माष्टमी पर्व की जनपद में रही धूम

बाराबंकी। रिजर्व पुलिस लाइन में जिलाधिकारी शांशक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जन्माष्टमी पर्व पर आयोजित कार्यक्रम का

शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में नन्द घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की गूंज के साथ स्कूली बच्चों, पुलिस परिवार के बच्चों तथा रिक्रूट आरक्षी द्वारा भजन, भक्ति गीत व नृत्य प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी एवं दक्षिणी सहित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

पीएसी जवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

मुजफ्फरनगर। शामली जिले के कांधला थाना क्षेत्र में प्रादेशिक सशस्त्र बल (पीएसी) के एक आरक्षी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मरने वाले की पहचान युगल कुमार (28) के तौर पर हुई है, जिसने शनिवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह कांधला थाना क्षेत्र के आल्म गांव का रहने वाला था। कांधला थाने के प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि पीएसी सिपाही का शव उसके पैतृक गांव में उसके घर के एक कमरे से बरामद हुआ, जो फंदे से लटका हुआ था। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मेरठ पीएसी में बतौर आरक्षी तैनात युगल 22 मई 2025 से ड्यूटी से अनुपस्थित था। वह 2021 में बल में शामिल हुआ था। उन्होंने बताया कि आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

छात्रा की हत्या, शव बरामद

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के रामकोला थाना क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने गई हाईस्कूल की एक नाबालिग छात्रा की धारदार हथियार से कथित तौर पर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने इस मामले में एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार रामकोला थाना क्षेत्र के कटबरवा गांव निवासी सरवन की नाबालिग बेटी संजना (16) जनता इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की छात्रा थी। उन्होंने कहा कि वह झंडारोहण में शामिल होने के लिए सुबह करीब 7.30 बजे घर से निकली और शाम तक वापस नहीं लौटी तो देर रात तक परिजन उसकी तलाश करते रहे। पिता ने शनिवार को कॉलेज पहुंचकर बेटी के बारे में जानकारी ली तो बताया गया कि स्वतंत्रता दिवस के दिन आने वालों की हाजिरी नहीं लगती है और यह बताना मुश्किल होगा कि वह कॉलेज आई थी या नहीं इस बीच शनिवार को दिन में करीब चार बजे लोगों ने एक लाश मोरवन गांव के बाहर पुलिया के नीचे देखकर पुलिस को सूचना दी। उसके गर्दन और शरीर पर कई जगह धारदार हथियार से चोट के निशान थे। पुलिस ने मौके पर किशोरी की लाश की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन पता नहीं चला तो उसे शवगृह भेज दिया।

बदमाशों ने सर्राफा व्यापारी को गोली मारकर लूटा गहनों से भरा बैग

कौशांबी। जिले के मंझनपुर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह हथियारों से लैस बदमाशों ने एक सर्राफा व्यापारी को गोली मारकर सोने चांदी के गहनों से भरा बैग लूट लिया।

पुलिस ने बदमाशों की गोली से घायल व्यापारी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है पुलिस के अनुसार, मंझनपुर थाना क्षेत्र के कोरी गांव के पास ससुर खदेरी नदी के पुल के पास यह घटना हुई।

कोरी ग्राम निवासी दीपक वर्मा की मंझनपुर कस्बा में सर्राफा की दुकान है और आज वह सुबह 10 बजे के लगभग बाइक से दुकान जा रहे थे, तभी ससुर खदेरी नदी के पुल के पास दो बाइक सवार चार अज्ञात बदमाश वहां पहुंचे और हथियार के बल पर दीपक से गहनों का बैग छीनने लगे।

विरोध करने पर बदमाशों ने दीपक वर्मा को गोली मार दी। गोली उनके कंधे में लगी और वह घायल होकर गिर गए। चारों बदमाश हथियार लहराते हुए बाइक से फरार हो गए। घटना की सूचना दीपक वर्मा ने परिजनों और पुलिस को दी।

एसपीएस इंटर कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

उन्नाव। एसपीएस इंटर कॉलेज मीरकापुर उन्नाव में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत राधा-कृष्ण की झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर स्कूल की प्रबंधक डॉ. अर्चना बाजपेयी और प्रिंसिपल अलका निगम ने ध्वजारोहण किया। स्कूल की प्रबंधक ने स्वतंत्रता

संग्राम के वीरों और नेताओं के बलिदान को याद करते हुए सभी को एकता, भाईचारे और देशभक्ति की भावना से प्रेरित होने का संदेश दिया। कार्यक्रम में स्कूल की मुख्य प्रबंधिका अर्चना बाजपेयी, प्रिंसिपल अलका निगम, क्षमा तिवारी, आशीष कुमार, विनीता श्रीवास्तव, अर्चना तिवारी, सरजजीत सिंह, शैलेन्द्र वर्मा, दीपाली, शालिनी, दीक्षा ,नीरज , इशिता आदि शिक्षक और बच्चे उपस्थित रहे।

मुठभेड़ में घायल एक बदमाश सहित तीन अन्य गिरफ्तार

मेरठ। जिले के थाना भावनपुर क्षेत्र में शनिवार देर रात पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने रविवार को बताया कि घायल सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि सात अगस्त को पंचगांव पट्टी सांवल मार्ग पर बाइक सवार बदमाशों ने कलेक्शन एजेंट और उसके साथी से 82 हजार रुपये एवं दो मोबाइल फोन लूट लिए थे। मामले में पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। उन्होंने बताया कि शनिवार रात भावनपुर पुलिस टीम किनानगर राजमार्ग पर जांच कर रही थी, उसी दौरान बाइक सवार चार संदिग्धों को रुकने का इशारा किया गया, इस पर वह उन्होंने भागने का प्रयास किया और पुलिस पर गोलीबारी कर दी।

धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

नगीना, बिजनौर। स्वतंत्रता दिवस पर गांधी मूर्ति पर आयोजित सामूहिक राष्ट्रगान का कार्यक्रम अपार उत्साह व उमंग के साथ संपन्न हुआ। समर्पण सेवा संस्थान के नेतृत्व में संपन्न हुए इस 10वें सामूहिक राष्ट्गान के कार्यक्रम का संचालन संस्थान के अध्यक्ष व भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चैहान ने किया। नगीना में शुक्रवार को स्वतन्त्रता दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में हर धर्म व हर आयु के लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, अध्यापक, अध्यापिकाओं व नगर के गणमान्य लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कुछ देर के लिए झंडा चैक देशभक्ति के नारों से गूंज गया व कार्यक्रम में उपस्थित हर व्यक्ति देशभक्ति के रंग में पूरी तरह रंगा नजर आया। इस बार गांधी मूर्ति पर आयोजित समारोह में नगर में स्थित हाई स्कूल व इंटर कॉलेज के उन बच्चों को सम्मानित किया गया जिन्होंने हाई स्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में अपने-अपने विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त किये। इन बच्चों को नगीना एसडीएम आशुतोष जैसवाल, क्षेत्राधिकारी डॉ0 अंजनी कुमार चतुर्वेदी, भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, भाजपा की मंडल अध्यक्ष अंजलि मित्तल, वरिष्ठ भाजपा नेता सौरभ मित्तल, व्यापार मंडल से कय्यूम राइन, पंडित सचिन शर्मा, अध्यापक सचिन रुहेला, गन्ना समिति नगीना के पूर्व चेयरमैन काजी अरशद मसूद, यशपाल सैनी आदि ने मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

संक्षेप

किशोरी ने लगाई फांसी

सिद्धार्थनगर- जोगिया चौराहे पर एक दुखद घटना सामने आई। यहां 17 वर्षीय किशोरी अर्चना को फंदे से लटकता हुआ पाया गया। घटना कृष्ण जन्माष्टमी के दिन शनिवार रात करीब 10 बजे की है। स्थानीय निवासी धर्मेंद्र, जो एक बीयर की दुकान में काम करते हैं, के परिवार की किशोरी ने फांसी लगा ली। घटना के समय पूरा परिवार पड़ोसी के यहां कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम मना रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और अर्चना को सीएससी जोगिया ले गई। वहां डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही अर्चना ने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी मेरा चौहान के अनुसार, अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

एन एच 28 के पटरियों पर अवैध कब्जे को हटवाने की होगी कार्यवाही

बांसी सिद्धार्थनगर। जन हित के मद्देनजर एसडीएम शशांक शेखर राय व तहसीलदार मजिस्ट्रेट पीयूष कु0 श्रीवास्तव दायित्वों के निर्वहन हेतु तत्परता पूर्ण माहौल में क्रियाशील रह कर बांसी तहसील गेट के सामने एनएच 28 के पटरियों पर किये गये अवैध कब्जे को हटवाया गया था, उक्त के क्रम में उप जिलाधिकारी बांसी शशांक शेखर राय के निर्देशानुसार तहसील के सामने एन एच 28 के पटरियों पर तमाम प्रकार का कब्जा किया गया था जिसको गत रविवार को तहसील व नपा प्रशासन ने जेसीबी लगाकर हटवाया गया था। कुछ समय के कार्रवाई के बाद स्थगित कर दिया गया था जिसकी अग्रिम कार्रवाई मंगलवार को की जाएगी जिसके सम्बन्ध में तहसील के कर्मियों ने जानकारी दिया गया, उक्त अवसर पर तहसीलदार मजिस्ट्रेट पीयूष कु0 नायब तहसीलदार महबूब आलम खान नगर पालिका के बड़े बाबू जमील खान हल्का लेखपाल सर्वेश चौधरी सहित तमाम नपा कर्मी अतिक्रमण हटाने में शामिल रहे।

तो क्या मुश्ताक की पीट पीट कर की गयी हत्या....वीडियो वायरल

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के ठठौली में सड़क किनारे शनिवार को एक शव पाया गया जिसकी शिनाख्त बड़गो वरईपार निवासी 48 वर्षीय मुस्ताक अहमद के रूप में हुई थी जिसका शव पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन शनिवार को ही हत्या की आशंका व्यक्त कर रहे थे अभी पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इन्तजार कर रही थी ।इधर मुस्ताक को ग्रामीणों द्वारा पीटते हुए एक विडियो वायरल होने लगी। लेकिन इस वायरल विडियो की पुष्टि हिन्दी दैनिक अखबार नहीं करता। पुलिस के अनुसार उसकी वाइक लावारिस हालत में देवकली के पास पायी गयी थी जिसे शुक्रवार को पुलिस थाने पर उठा लायी ।अब सवाल उठता है कि शुक्रवार की शाम वाइक लावारिस हालत में देवकली के पास मिली तो फिर यह वाइक छोड़कर कहां चला गया और दुसरे दिन शनिवार की सुबह ठठौली गांव के पास सड़क पर उसका शव पाया गया। वहीं दबी जुबान से कुछ ग्रामीणों ने बताया रात में चोर समझकर ग्रामीणों ने मारा पीटा था जिससे उसकी चोट लगने से मौत हो गई। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी गगहा सुशील कुमार ने कहा कि विडियो को संज्ञान में लेकर परिजनों को बुलाया गया है तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

विधायक अदिति सिंह ने सुनी जनता दरबार में जनसमस्याएं

रायबरेली। सदर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने रविवार, को अपने लालपुर चैहान स्थित आवास पर एक जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं को सुनना और उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना था। ष्जनसुनवाई - जनता की आवाज, समाधान का संकल्पष् के संदेश के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित हुए और अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। जनसुनवाई के दौरान विधायक अदिति सिंह ने क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों से मुलाकात की और उनकी शिकायतों व समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। इनमें मुख्य रूप से सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवाओं, और अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे। नागरिकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं को खुलकर बताया, जिसका विधायक ने संज्ञान लिया। अदिति सिंह ने न केवल जनता की बात सुनी, बल्कि संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े सभी मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। इस दौरान उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि शिकायतों का निवारण समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से हो, ताकि जनता को किसी भी तरह की असुविधा न हो। इस जनसुनवाई कार्यक्रम को लेकर स्थानीय लोगों ने विधायक की सक्रियता और जनता के प्रति उनकी संवेदनशीलता की सराहना की। कई लोगों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आम जनता को अपनी बात सीधे अपने प्रतिनिधि तक पहुंचाने का अवसर मिलता है, जिससे समस्याओं का समाधान तेजी से हो पाता है। अदिति सिंह ने इस अवसर पर कहा, ष्जनता की सेवा मेरा प्रथम कर्तव्य है। जनसुनवाई के माध्यम से मैं न केवल लोगों की समस्याओं को समझने का प्रयास करती हूं, बल्कि यह भी सुनिश्चित करती हूं कि उनका समाधान जल्द से जल्द हो। हमारा संकल्प है कि रायबरेली के प्रत्येक व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुँचाने का काम किया जा रहा है।

क्विक रिस्पांस समिति के बैनर तले गरीबो में बांटी आवश्यक सामग्री

सरहरी, गोरखपुर। जंगल कौड़िया ब्लाक के ग्राम सभा ताजडीह में रविवार को सामाजिक संस्था क्विक रिस्पांस समिति के बैनर तले के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां संस्था अध्यक्ष अध्यक्ष कृष्णा दुबे व जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह के प्रतिनिधि रणजीत सिंह पिंटू ने गरीबों, महिलाओं, असहयों एवं बच्चों के बीच उनके जरूरत के सामग्रियों को बितरण किया किया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रंजित सिंह ने कहा कि मोदी-योगी व स्थानीय विधायक फतेह बहादुर सिंह तथा जिपं अध्यक्ष श्रीमती साधना सिंह के नेतृत्व में देश-प्रदेश व क्षेत्र का समग्र विकास चल रहा है। इस अवसर पर उपस्थित पूर्व जिला पंचायत सदस्य पद के पूर्व में प्रत्याशी रहे अनूप शंकर पांण्डे ने कहा कि हम सभी लोग समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की सहायता के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर कृष्णा दुबे ने बताया कि समय-समय पर हम हम संस्था के बैनर तले गरीबों असहयों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रह कर लोगो के बीच सहयोग करने के लिये प्रतिबद्ध हूँ।

भाइयों को ट्रक ने मारी ठोकर, एक की मौत, दूसरा घायल

सरहरी, गोरखपुर। गुलरिहा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा महराजगंज निवासी बाइक सवार सगे भाइयो को गीडा क्षेत्र के कालेसर जीरो प्वाइंट के पास शनिवार की सुबह ट्रक ने ठोकर मार दिया ।हादसे में एक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रुप से घायल हो गया ।घटना के बाद चालक ट्रक छोड़ कर फरार हो गया ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को बीआरडी मेडिकल में भर्ती कराया तथा मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। गुलरिहा के सरहरी चौकी क्षेत्र के महराजगंज कस्बा निवासी अमानुल्लाह के चार पुत्र अख्तर, आफताब, साहदाब, साहिल है ।बड़ा पुत्र अख्तर एवं दूसरा पुत्र आफताब उर्फ छोटू (30) महराजगंज कस्बे में रायल कलेक्शन के नाम से रेडीमेड कपड़े की दुकान चलाते हैं ।जबकि तीसरा पुत्र साहदाब खलीलाबाद में रेडीमेड कपड़े की दुकान चलाता है और चौथा साहिल अभी पढ़ाई कर रहा है। शनिवार को सुबह करीब दस बजे अख्तर हुसैन एवं आफताब उर्फ छोटू (30) एक ही बाईक से खलीलाबाद कपड़े की बाजार करने जा रहे थे।

आधी रात को जन्में कन्हैया, सीएम योगी ने पालना झुलाया

- सीएम ने गोरखपुर में कान्हा बने बच्चों को दुलार किया, बच्चों के साथ सेल्फी ली; चॉकलेट बांटी

गोरखपुर। योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पावन पर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शिवावतार महायोगी गोरखनाथ की साधनास्थली गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के सानिध्य में पारंपरिक श्रद्धा एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। भजन संध्या में सीएम ने भजनों का आनंद लिया साथ ही बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता में शामिल बाल कान्हाओं को गोद में उठाकर दुलारा और चाकलेट आदि उपहार देकर पुचकारा भी। आधी रात को कान्हा का जन्म होने पर विधि विधान से पूजन-अर्चन कर पालने में उन्हें को झुलाया। गोरखनाथ मंदिर के उत्सवधर्मी एवं पारंपरिक श्रीकृष्ण प्राकट्योत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए मुख्यमंत्री शनिवार रात लखनऊ से यहां पहुंचे। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पवित्र पर्व पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार पूर्वाह्न से मध्य रात्रि तक समस्त योगियों के परमेश्वर माने जाने वाले योगेश्वर श्रीकृष्ण की साधना में रत रहे। पूर्वाह्न उन्होंने प्रभु श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा में जन्मभूमि मंदिर में कान्हा की विधि विधान से आराधना कर प्रदेशवासियों के सुखमय जीवन की प्रार्थना की। शाम को वह लखनऊ पुलिस लाइन में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह में सम्मिलित हुए और फिर रात में गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर पारंपरिक श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोह में प्रभु के प्राकट्य अनुष्ठान में लीन रहे। गोरखनाथ मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के पावन उपलक्ष्य में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया था। मुख्यमंत्री यहां पहुंचे और सुमधुर भजनों का आनंद उठाते हुए राधा-कृष्ण बने बच्चों को दुलार उन्हें उपहार देते रहे। मध्य रात्रि गोरखनाथ मंदिर के गर्भगृह में उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर विधि विधान से विशिष्ट पूजा अर्चना की। रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य के बाद 'नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की' और 'श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी, हे नाथ नारायण वासुदेव की मंगल धुन, श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी, हे नाथ नारायण वासुदेव की मंगल धुन, सोहर गीत और घंट घड़ियाल की ध्वनि के बीच गोरक्षपीठाधीश्वर उन्हें गोद में लेकर गर्भगृह से बाहर आए। प्रभु श्रीहरि के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल को फूलों से सजे पालने में बैठाकर श्रद्धाभाव से उन्हें झूला झुलाया और आरती उतारी। पूरा मंदिर परिसर जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंज उठा। गोरखनाथ मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव परंपरागत रूप से धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में भजन कार्यक्रम सुपरिचित लोक गायक डॉ. राकेश श्रीवास्तव के संयोजन में शाम से ही शुरू था।

राधा-कृष्ण बने बच्चों को मिला सीएम योगी का स्नेह व उपहार

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में भजन कीर्तन के मध्य श्रीकृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में राधा व कृष्ण बने बच्चों को खूब स्नेह दिया। उनसे खूब हंसी ठिठोली भी की। उन्हें खिलौने व चॉकलेट उपहार में दिए। इस दौरान कई मासूमों को अपनी गोद में लेकर वह काफी देर तक खिलाते रहे, प्यार-दुलार करते रहे। भगवान कृष्ण के बाल रूप में सज धज कर आए बच्चों ने दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि गोरखपुर नगरी आज गोकुल नगरी हो गई है। जिधर देखो कृष्ण के बाल रूप ही दिख रहे थे। भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य अनुष्ठान से पूर्व सीएम योगी गोरखनाथ मंदिर परिसर के रात्रिकालीन भ्रमण पर निकले। इस दौरान भी उन्होंने परिजनों के साथ श्रीकृष्ण-राधा के रूप में आए बच्चों को खूब दुलारा और उन्हें उपहार दिया।

तिरंगा यात्रा में उमड़ी देशभक्तों की भीड़

इटावा। बुनकर एकता समिति इटावा के तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस पर समिति के अध्यक्ष मो. इदरीस अंसारी के नेतृत्व में बाह अड्डा से विशाल तिरंगा यात्रा जोशो खरोश के साथ निकाली गई जिसमे देशभक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।

बाह अड्डा से निकली तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ शहर कोतवाल यशवंत सिंह ने फीता काटकर एंव झंडी दिखाकर किया। समिति के प्रदेश प्रवक्ता कासिम अंसारी ने शहर कोतवाल एंव इदरीस अंसारी को तिरंगा पगड़ी पहनाकर व शाल उढ़ाकर सम्मानित किया। यात्रा पचराहा, राजागंज चैराहा, नगर पालिका चैराहा, पक्की सराये, नौरंगाबाद चैराहा, नौरंगाबाद पुलिस चैकी, पक्का तालाब चैराहा होती हुई नुमाइश पंडाल स्थित शहीद स्मारक पर सम्पन्न हुई। समिति के अध्यक्ष इदरीस अंसारी, सलाहउद्दीन अंसारी, कासिम अंसारी आदि ने शहीद स्मारक व गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए देश के अमर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। तिरंगा यात्रा के दौरान जगह जगह अध्यक्ष इदरीस अंसारी का लोगों ने मालाएं पहनाकर व पुष्प वर्षा कर जोशीला स्वागत किया। तिरंगा यात्रा में मो. कासिम अंसारी प्रदेश प्रवक्ता, सलाहकार, सलाहउद्दीन अंसारी प्रमुख महासचिव, मो. असलम उपाध्यक्ष, शारिक अंसारी प्रबंधक, हाफिज रईस कोषाध्यक्ष, सगीर अहमद सचिव, शावेज नकवी, नफीसुल हसन अंसारी, हाजी शमशाद अंसारी, इरशाद पहलवान, आसिफ अंसारी, फुरकान अंसारी, नन्हें पहलवान, मसरूर अंसारी, असलम शाहग्रान, राशिद अंसारी, रोशन, राजीव पाल, मो. इलियास, मो. रफी, अब्दुल जब्बार मौजूद रहे। अंत में इदरीस अंसारी, कासिम अंसारी ने यात्रा में शामिल सभी देश प्रेमियों सहित जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

केएनटी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

सुलतानपुर। के.एन.टी. पब्लिक स्कूल, कुड़वार में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन देशभक्ति और उल्लास के माहौल में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक डॉ. पंकज तिवारी ने शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं बीजेपी नेत्री मनीषा पांडे उपस्थित रहीं। डॉ. तिवारी ने उनका स्वागत राममंदिर स्मृति-चिन्ह भेंट कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक स्वागत गीत से हुई, जिसने पूरे वातावरण को देशभक्ति की भावना से भर दिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने देशभक्ति नाटक और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। विद्यालय में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं को डॉ. पंकज तिवारी की ओर से साइकिल पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि मनीषा पांडे ने डॉ. पंकज तिवारी के नेतृत्व और प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में विद्यालय ने शिक्षा की गुणवत्ता और अनुशासन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है ।बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास देखकर अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त की और विद्यालय के शिक्षकों के प्रति आभार जताया।

सुघर सिंह वर्ल्ड स्कूल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

जसवंतनगर, इटावा। चै. सुघर सिंह वर्ल्ड स्कूल में स्वतंत्रता दिवस उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। स्कूली बच्चों ने सोलो डांस, ग्रुप डांस, देशभक्ति गीतों, इंटर हाउस फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता प्रस्तुतीकरण और स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों एवं विविध सांस्कृतिक परिधानों की अद्भुत झलक प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। संस्था एमडी अनुज मोंटी यादव ने बच्चों को जीवन में स्वतंत्रता दिलाने वाले महान व्यक्तियों के योगदान और उनके त्याग के बारे में प्रेरणादायक बातें बतायी साथ ही उन्होंने चै. सुघर सिंह वर्ल्ड स्कूल की शिक्षा पद्धति, अनुशासन और समग्र विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। विद्यालय प्रधानाचार्या ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व उद्देश्य के साथ ही बच्चों को राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और समाज के प्रति कर्तव्यनिष्ठ रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल विष्णु दयाल, पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल फ्रांसिस के.ए., गौरव भदौरिया, मनीष चैधरी सहित विद्यालय का समस्त शिक्षक स्टाफ मौजूद रहा, एसपीएस स्कूल में झंडा फहराकर बच्चां को सम्मानित किया 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एसपीएस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रघुवीर सिंह यादव ने झंडा फहराकर बच्चों को संबोधित किया। विशिष्ट अतिथि एबीएसए गिरीश चंद्र मौजूद रहे। स्कूल डायरेक्टर विश्वनाथ प्रताप उर्फ सोनू और मैनेजर आशुतोष यादव टोनू ने अतिथियों का स्वागत किया तथा बच्चों को स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान से अवगत कराया। इस अवसर पर अभिभावकों व गणमान्य नागरिकों में मिलाप सिंह, रामगोपाल फौजी, रामअवतार प्रधान, संतोष यादव आदि उपस्थित रहे। देशभक्ति के रंग में रंगा यह आयोजन सभी के लिए अविस्मरणीय रहा। बचपन प्ले स्कूल में राष्ट्रगान से गगन गूंज उठा बचपन प्ले स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस जोश और उमंग के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान से गगन गूंज उठा। नन्हें-मुन्नों ने देशभक्ति गीत, कविताएं और नृत्यों से सबका मन मोह लिया। विद्यालय परिसर तिरंगे की सजावट से चमक उठा। बच्चों ने हस्तनिर्मित झंडों और पोस्टरों से आजादी व एकता का संदेश दिया। निदेशक राहुल दीक्षित ने कहा, स्वतंत्रता दिवस हमारी पहचान और मूल्यों का पर्व है। अंत में मिठाई बांटी गई और बच्चों की मुस्कान में आजादी की खुशबू बिखर गई। शांति देवी इंटर कॉलेज में 79वां स्वतंत्रता दिवस मना शांति देवी इंटर कॉलेज में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह ध्वजारोहण के साथ ही राष्ट्रगान की गूंज से विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया। तिरंगे की शोभा से सजा प्रांगण और स्वतंत्रता व एकता का संदेश देते पोस्टर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ा रहे थे। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें देख उपस्थित सभी लोग मंत्रमुग्ध हो गए। प्रबंधक विमलेश यादव ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारी पहचान और मूल्यों का पर्व है। प्रधानाचार्य डॉ. प्रतीक यादव ने बच्चों को स्वतंत्रता के महत्व और इसकी रक्षा के संकल्प के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में मिठाई वितरण से बच्चों के चेहरों पर मुस्कान खिल उठी और वातावरण में आजादी की महक बिखर गई।

भिटिया में डीएम ने की सड़कों का निरीक्षण

सिद्धार्थनगर- जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने रविवार को क्षेत्र की विभिन्न सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले रमवापुर कली से बेलवा-धोबहा मार्ग पर बनी सीसी रोड का जायजा लिया। डीएम ने स्टीमेट और एमबी का मिलान किया। सड़क को खुदवाकर उसकी गुणवत्ता की जांच की। सड़क की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप मिली। इसके बाद उन्होंने बी.टी.आई.बी. एम.डी.आर.-30 पर भिटिया के पंचमोहनी-देवभरिया-बहादुरपुर मार्ग का निरीक्षण किया। यहां भी स्टीमेट व एमबी का मिलान कर कार्य की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की। कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। साथ ही कार्य समय पर पूरा कराया जाए।

डीएम राजा गणपति आर. ने सीसी रोड और सोहना मार्ग निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

सिद्धार्थनगर ।जिलाधिकारी डा 0 राजा गणपति आर 0 ने रमवापुर कली से बेलवा-धोबहा मार्ग के सी0सी0 रोड एवं कोहडौरा से सोहना -निवासी -चिंताही मार्ग निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया, जिलाधिकारी डा 0 राजा गणपति आर0 ने निरीक्षण के दौरान स्टीमेट एवं एमबी का मिलान किया गया। बाद उसके जिलाधिकारी द्वारा सड़क को खोदवाकर देखा गया। जो कि निमार्ण कार्य की गुणवत्ता ठीक पाया गया। कोहडौरा से सोहना -निवासी चिताही मार्ग के निमार्ण कार्य का निरीक्षण दौरान वहां भी जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति ने स्टीमेट एवं एम्बी का मिलान किया गया, इसके अलावा सड़क खुदवाकर भी देखा गया तो उक्त सड़क निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तथा ठीक पाया गया।

एसडीएम शशांक शेखर राय ने किया ध्वजारोहण

बांसी सिद्धार्थनगर। जनपद के बांसी तहसील परिसर में एसडीएम बांसी शशांक शेखर राय ने तहसीलदार मजिस्ट्रेट पीयूष कु0 श्रीवास्तव के साथ अन्य तमाम तहसील कर्मियों के उपस्थित में ध्वजारोहण किया गया, वही नगर क्षेत्र के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रो मे भी 79 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर व एस डी एम शशांक शेखर राय ने तहसील कार्यालय , बांसी कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक संतोष तिवारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया ।नगर पालिका कार्यालय मे अध्यक्ष चमन आरा राईनी ,आइशा गर्ल्स कालेज नरकटहा मे जिगर आलम व डा अरशद ने ध्वजारोहण किया । प्राथमिक विद्यालय बांसी प्रथम मुदिता सिंह, सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भृगनराण मिश्र ध्वजारोहण किया और अधिशासी अधिवक्ता ईश्वर चंद दुबे संध्या श्रीवास्तव विनोद सिंह द्वारा परिसर मे पौधरोपण भी किया। मदरसा अनवरुल वलूम अकबर नगर, सरदार पटेल इन्टर कालेज, अंजुमन इस्लामिया सीरत उन नबी मदरसा अरबिया अहले सुन्नत पर, न्यू पब्लिक इन्टर कालेज, कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय अकबर नगर ,प्राथमिक विद्यालय नरकटहा सहित क्षेत्र के सभी विद्यालयों व संस्थानों मे ध्वजारोहण कर संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया और मिष्ठान वितरण हुआ। सपा नगर कार्यालय पर मो इदरीश पटवारी और चमन आरा राईनी ने झंडा फहराया, व्यापार मंडल के अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल ने अपने साथियों के साथ और पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष हरीश चंदवानी ने कोतवाली रोड पर झंडा फहराया।, डुमरियागंज रोड पर सेवा निवृत प्रधानाचार्य शमशुल हसन खान ने ध्वजारोहण किया। सरस्वती विद्या मंदिर पुरैना बांसी में गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम बड़े ही धूम धाम से मनाया गया ।

तहसीलदार मजिस्ट्रेट रवि कुमार की कार्य क्षमता का दिखा असर, भू. माफियाओं पर हुई कार्यवाही

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। तहसील डुमरियागंज के तहसीलदार मजिस्ट्रेट रवि कुमार यादव के किए जा रहे सार्थक प्रयास के चलते तहसील पर आने वाले फरियादियों के शिकायती प्रार्थना पत्रों की सुनवाई करते हुए फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराया जा रहा, मिले शिकायती प्रार्थना पत्रों की सुनवाई करते हुए तहसीलदार मजिस्ट्रेट रवि कुमार यादव द्वारा अभिलेखिय एवं स्थलिय निरीक्षण कर पक्षों की उपस्थिति में गहन निरीक्षण जांच करने के उपरांत ही शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराया जा रहा है। इसके पूर्व तहसीलदार मजिस्ट्रेट डुमरियागंज द्वारा दर्जन भर से अधिक अवैध खनन माफियाओं पर कड़ा रूख अख्तियार करते हुए कार्यवाही किया गया है, जिलाधिकारी डा 0 राजा गणपति आर 0 एवं उपजिलाधिकारी डुमरियागंज के दिए गए निर्देश के अक्षरसह अनुपालन में अग्रणी भूमिका निभाते हुए दायित्वों के प्रति क्रियाशील तहसीलदार मजिस्ट्रेट रवि यादव के कार्य क्षमता के चलते सरकारी जमीनों पर अनाधिकृत कब्जा करने वाले अवैध कब्जा धारकों की नींद हराम हो गई है, करोड़ों के सरकारी जमीनों पर अनाधिकृत कब्जा करने वाले आधा दर्जन से अधिक भूमाफियों अतिक्रमणकारियों द्वारा सरकारी जमीनों पर अनाधिकृत कब्जा निमार्ण एवं अवैध अतिक्रमण कब्जे को बल पूर्वक बूलडोजर जेसीबी मशीन से ध्वस्त कराते हुए अवैध कब्जा धारकों के चंगुल से करोड़ों के सरकारी जमीनों को अवमुक्त करा कर करोड़ों रुपए सरकारी राजस्व का बड़ा लाभ पहुंचाता गया है , जोकि तहसीलदार मजिस्ट्रेट रवि यादव का बड़ा ही उत्कृष्ट कार्य योगदान माना जा रहा है, ऐसे में तमाम गणमान्य नागरिकों ने तहसीलदार रवि कु0 यादव को व्यवहार एवं कार्यक्षमता का धनी करार देते हुए सराहा गया, ऐसे में यह कहा जा रहा है कि तहसीलदार डुमरियागंज द्वारा जनहित के मद्देनजर तमाम उत्कृष्ट कार्य करते हुए न सिर्फ शासन की मंशानुरूप कार्य किया जा रहा है अपितु जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर 0 के अपेक्षाओं पर खरा उतरने का भी संकेत दिया है।

एनवी इलेक्ट्रिक ऑटो लॉन्च

लखनऊ। शनिवार को वृंदावन स्थित एक होटल में जेएसए कंपनी ने अपना नया इलेक्ट्रिक ऑटो लॉन्च किया। कंपनी प्रतिनिधि आयुष श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि इस ऑटो में 230 एएच क्षमता वाली 6 किलोवॉट बैटरी लगी है, जो पूरी तरह से चार्ज होने पर 230 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकती है। वहीं लखनऊ स्थित डीलर अवध व्हीलर्स ने बताया कि यह वाहन पूरी तरह से पर्यावरण अनुकूल है और ग्रीन ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देगा। वाहन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे केवल चार घंटे में फुल चार्ज किया जा सकता है। चार्जिंग के बाद यह 60 किलोमीटर प्रति घंटा की अधिकतम गति से दौड़ सकता है। इसकी कीमत 3.75 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) रखी गई है, जबकि ऑन-रोड मूल्य 3.95 लाख रुपये है। साथ ही, कंपनी ग्राहकों को वारंटी सुविधा भी उपलब्ध करा रही है। कंपनी का मानना है कि यह ऑटो खासतौर पर उन लोगों के लिए उपयोगी साबित होगा जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक हैं और साथ ही कम लागत में बेहतर ट्रांसपोर्ट विकल्प चाहते हैं। जेएसए कंपनी का यह लॉन्च ई-वाहन क्षेत्र में एक नई शुरूआत मानी जा रही है, जिससे आने वाले समय में इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल सेक्टर में और तेजी से विकास की उम्मीद है।

यूपी टी-20 लीग के उद्घाटन समारोह में तमन्ना भाटिया ने बिखेरा जलवा



राजधानी लखनऊ स्थित इकाना स्टेडियम में रविवार से यूपी टी-20 लीग के तीसरे सीजन की शुरूआत हुई। उद्घाटन समारोह में बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने ट्रॉफी का अनावरण किया। इस दौरान यूपी टी-20 लीग के अध्यक्ष डीएस चौहान, अभिनेत्री तमन्ना भाटिया, सिद्धार्थ मल्होत्रा, जाह्नवी कपूर, सुनिधि चौहान, रिंकू सिंह और भुवनेश्वर कुमार के साथ अन्य लोग मौजूद रहे। राजधानी लखनऊ स्थित इकाना स्टेडियम में रविवार से यूपी टी-20 लीग के तीसरे सीजन की शुरूआत हुई। उद्घाटन समारोह में अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने प्रस्तुति दी।

उत्तर प्रदेश टी20 लीग 2025 उत्तर भारत में हाई-वोल्टेज क्रिकेट एक्शन की वापसी का प्रतीक है, जिसमें स्थानीय प्रतिभाओं, अनुभवी पेशेवरों और आईपीएल सितारों का एक जीवंत मिश्रण देखने को मिलेगा। 17 अगस्त से 6 सितंबर तक, यह लीग लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को तीन हफ़्तों से ज्यादा समय तक चलने वाले भीषण मुकाबलों और रोमांचक मनोरंजन के लिए क्रिकेट के केंद्र में बदल देगी।

अपने तीसरे सीजन में, यह लीग उत्तर प्रदेश के महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों के लिए बड़े मंच पर अपनी चमक बिखेरने का एक अहम मंच बन गई है, साथ ही आईपीएल और भारत के अनुभव वाले कई खिलाड़ियों की मौजूदगी की बदौलत राष्ट्रीय चयनकताओं का ध्यान भी अपनी ओर खींच रही है। यह डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप पर आधारित है, जिसमें नॉकआउट प्लेऑफ से पहले प्रत्येक टीम दूसरी टीम से दो बार खेलती है - जिसका समापन एक शानदार फाइनल में होता है जो 2025 के लिए राज्य के टी20 चैंपियन का ताज पहनाता है।

पिछले वर्ष रोमांचक मुकाबले में ट्रॉफी जीतने वाली गत विजेता मेरठ मावेरिक्स की टीम पांच दृढ़ प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपना खिताब बरकरार रखने की कोशिश करेगी, जिनमें से प्रत्येक अपने शहर की क्रिकेट भावना और संस्कृति का प्रतिनिधित्व करती है।

मेरठ मावेरिक्स : दिव्यांश जोशी, दिव्यांश राजपूत, माधव कौशिक, रिंकू सिंह, ऋतुराज शर्मा, सचिन सिंह, स्वास्तिक चिकारा, रितिक वत्स, विशाल चौधरी, अक्षय दुबे, आदित्य कुमार सिंह, कार्तिक त्यागी, रजत संसारवाल, वैभव चौधरी, विजय कुमार, यश गर्ग, जीशान अंसारी

नोएडा किंग्सः अनिवेश चौधरी, काव्या तेवतिया, मोहम्मद अमान, नलिन मिश्रा, प्रियांशु पांडे, राहुल राजपाल, मोहम्मद आशियान, प्रशांत वीर, शिवम चौधरी, आदित्य शर्मा, अजय कुमार, जसमेर धनकड़, कर्ण शर्मा, कुणाल त्यागी, मोहम्मद शरीम, नमन तिवारी

गोरखपुर लायंस : अलमास शौकत, अंचित यादव, निशांत कुशवाह, सिद्धार्थ यादव, विजय यादव, अक्षदीप नाथ, प्रिंस यादव, शिवम शर्मा, आर्यन जुयाल, ध्रुव जुरेल, हरदीप सिंह, अब्दुल रहमान, अंकित चौधरी, कुणाल यादव, पूर्णांक त्यागी, रोहित द्विवेदी, विशाल निषाद, यश दयाल।

लखनऊ फाल्कन्स : अक्षु बाजवा, मोहम्मद सैफ, प्रियम गर्ग, समर्थ सिंह, समीर चौधरी, अंकुर चौहान, किशन सिंह, कृतज्ञ सिंह, सुमित अग्रवाल, विप्रज निगम, आराध्या यादव, प्रांजल सैनी, शोएब सिद्दीकी, अभिनंदन सिंह, भुवनेश्वर कुमार, नवनीत कुमार, निशांत गौड़, पर्व सिंह ।

कानपुर सुपरस्टार्स : आदर्श सिंह, इंजमाम हुसैन, मानव सिंधु, समीर रिजवी, यशु प्रधान, सौभाग्य मिश्रा, शुभम मिश्रा, आकिब खान, मोहसिन खान, मुकेश कुमार, पंकज कुमार, प्रियांशु गौतम, विनीत पंवार काशी रुद्र अभिषेक गोस्वामी, अरणव बालियान, शुभम चौबे, सुधांशु सोनकर, उवैस अहमद, यशोवर्धन सिंह, अमर चौधरी, करन शर्मा, ऋषभ राजपूत, सक्षम राय, उपेन्द्र यादव, अटल बिहारी राय, भव्य गोयल, दीपांशु यादव, हर्ष पायल, शिवा सिंह, शिवम मावी, सुनील कुमार।

संक्षेप

वीर अहलावत डेनिश ओपन में संयुक्त 28वें स्थान पर

कोपेनहेगन (डेनमार्क)। भारतीय खिलाड़ी वीर अहलावत ने तीसरे राउंड में एक अंडर 70 का कार्ड खेला जिससे वह यहां फुरेसियो गोल्फ क्लब में चल रही डेनिश गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त 28वें स्थान पर पहुंच गए। अहलावत के लिए यह एक दिलचस्प राउंड था क्योंकि उन्होंने शुरुआत से ही लगातार 14 पार लगाए। इसके बाद उन्होंने 15वें होल पर बोगी की, लेकिन 18वें होल पर ईगल लगाकर एक अंडर 71 का स्कोर बनाकर राउंड का अच्छा समापन किया। इससे पहले अहलावत का स्कोर 73-68 था और अब तीन राउंड के बाद उनका कुल स्कोर दो अंडर है। वह चौथे राउंड में अच्छा प्रदर्शन करके डीपी वर्ल्ड टूर पर लगातार दूसरे सप्ताह कम से कम शीर्ष 30 में स्थान बना सकते हैं। इस बीच रासमस होजगार्ड ने अंतिम राउंड से पहले एक स्ट्रोक की बढ़त बनाए रखी।

आईसीसी ने बॉब सिम्पसन के निधन पर शोक जताया

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बॉब सिम्पसन के निधन पर शोक व्यक्त किया और 1990 के दशक में टीम के विश्व क्रिकेट में शिखर तक पहुंचने के दौरान एक खिलाड़ी, कप्तान और कोच के रूप में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में से एक सिम्पसन का शनिवार को निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने एक बयान में सिम्पसन के योगदान की प्रशंसा की और कहा कि उन्हें लंबे समय तक याद रखा जाएगा। शाह ने बयान में कहा, बॉब सिम्पसन खेल के महान खिलाड़ियों में से एक थे और उनके निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। उनकी विरासत बहुत बड़ी है। एक खिलाड़ी, कप्तान और बाद में एक कोच के रूप में उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को आकार दिया और वैश्विक खेल को प्रेरित किया।

अदिति सत्र के सर्वश्रेष्ठ कार्ड पांचवें स्थान पर

पोर्टलैंड (ओरेगन)। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक मौजूदा सत्र के सर्वश्रेष्ठ 65 के कार्ड के साथ एलपीजीए टूर के द स्टैंडर्ड पोर्टलैंड क्लासिक में शीर्ष पांच में पहुंच गयी। अदिति ने इस दौरान तीसरे दौर में सात बर्डी लगायी। मौजूदा सत्र में 12 टूर्नामेंटों में अदिति का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन संयुक्त नौवां स्थान (मायाकोबा में रिवियेरे माया ओपन) में रहा है। शुरुआती दो दौर में 69 और 70 का कार्ड खेलने वाली अदिति ने तीसरे दिन की शुरुआत लगातार दो बर्डी से की।

गुकेश, प्रज्ञाननंदा की निगाह पोडियम पर

एजेंसी

सेंट लुई (अमेरिका)। विश्व चैम्पियन डी गुकेश सोमवार से शुरू हो रहे सिंकफील्ड कप से संक्षिप्त अंतराल के बाद क्लासिकल शतरंज में वापसी करेंगे जबकि भारत के एक अन्य खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा ग्रैंड शतरंज टूर के पांचवें चरण की इस प्रतियोगिता में पोडियम स्थान हासिल कर अपनी कुल पांचवीं रैंकिंग मजबूत करना चाहेंगे। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं। नॉर्वे के ग्रैंडमास्टर ने खुले तौर पर स्वीकार किया है कि अब उन्हें क्लासिकल शतरंज पसंद नहीं है। कार्लसन के नहीं खेलने के बावजूद इस प्रतियोगिता में कई शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। अमेरिका के फैबियानो कारूआना, फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा तथा अच्छी फॉर्म में चल रहे आर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन भारतीय जोड़ी के लिए कड़ी चुनौती पेश करने की पूरी संभावना रखते हैं।गुकेश को रैपिड शतरंज में वर्तमान फॉर्म को देखते हुए प्रबल दावेदारों में शामिल नहीं किया जा सकता लेकिन यहां नहीं भूलना चाहिए कि भारतीय ग्रैंड मास्टर का क्लासिकल शतरंज में शानदार रिकार्ड रहा है। इस बीच प्रज्ञाननंदा ने अगले वर्ष के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करके अपनी स्थिति पहले ही मजबूत कर ली है। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से विश्व खिताब के लिए गुकेश के प्रतिद्वंदी का फैसला होगा। गुकेश और प्रज्ञाननंदा दोनों ने अगले महीने उज्बेकिस्तान में होने वाली ग्रैंड स्विस प्रतियोगिता में भाग लेने का निर्णय लिया है, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि वे सब कुछ जीतने के लिए तत्पर हैं। प्रज्ञाननंदा ग्रैंड शतरंज टूर की तालिका में वर्तमान में गुकेश से आगे हैं, लेकिन निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण होगा क्योंकि इस प्रतियोगिता में उनका सामना अनुभवी प्रतिद्वंद्वियों से होगा। यह प्रतियोगिता दस खिलाड़ियों के बीच नौ राउंड में खेली जाएगी, जिसकी कुल पुरस्कार राशि 350,000 अमेरिकी डॉलर है।

हॉकी चैंपियनशिप : उत्तर प्रदेश व पंजाब भी जीते

एजेंसी

जालंधर। ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा ने रविवार को यहां जूनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के डिवीजन ए में जीत हासिल की जबकि चंडीगढ़ और दिल्ली जीत के साथ डिवीजन ए में प्रोमोट हो गईं। डिवीजन ए के पहले मुकाबले में ओडिशा ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कर्नाटक को 2-1 से हरा दिया। हरियाणा ने पूल सी में मणिपुर पर 5-0 से शानदार जीत दर्ज की। पूल बी में उत्तर प्रदेश ने झारखंड को 2-0 से शिकस्त दी। पूल ए में पंजाब ने मध्य प्रदेश को 3-2 से मात दी। चंडीगढ़ और दिल्ली ने क्रमशः पूल ए और पूल बी में जीत हासिल करने के साथ अगले साल के लिए डिवीजन ए में स्थान हासिल किया। हिमाचल और असम को डिवीजन सी में रेलीगेट कर दिया गया। वहीं दूसरी ओर

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के सदस्य और दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस के पिता डॉ. वेस पेस की रविवार को हुई अंत्येष्टि में बड़ी संख्या में लोगों के साथ भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की शामिल हुए। डॉ. पेस 1972 में म्यूनिख ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। उनका पार्किंसन रोग और उम्र संबंधी बीमारियों के कारण बृहस्पतिवार को निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। डॉ. पेस के पार्थिव शरीर को जब मैदान टेंट में अंतिम दर्शन के लिए लाया जा रहा था तब युवा खिलाड़ी सड़क के दोनों ओर कतार में खड़े होकर अपनी हॉकी स्टिक उठाकर को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे थे। इस मौके पर देश में हॉकी के सबसे पुराने संघ, हॉकी बंगाल के अधिकारी भी मौजूद थे। इस मौके पर भावुक हुए लिएंडर पेस को गांगुली ने ढांढस बंधाया। उन्होंने लिएंडर के कंधे पर हाथ रख कर उनकी हिम्मत बढ़ाने की कोशिश की। यह प्रार्थना सभा मिडिलटन रो स्थित सेंट थॉमस चर्च में आयोजित की गई थी। इस मौके पर शोकाकुल परिवार, दोस्तों और खेल जगत के सदस्यों के साथ शामिल हुए जिसमें भारत के पूर्व क्रिकेटर अरुण लाल और तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन भी थे।

छेत्री नही क्योंकि टीम तैयारी के लिए टूर्नामेंट खेल रही है, उनके लिए दरवाजे हमेशा खुले हैं : जमील

बेंगलुरू। भारत के नवनियुक्त मुख्य कोच खालिद जमील ने रविवार को करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री के सीएएफए नेशंस कप राष्ट्रीय शिविर से बाहर पर कहा कि यह अक्टूबर में होने वाले एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर के अहम मैचों के लिए महज तैयारी टूर्नामेंट है। इस महीने की शुरुआत में मनोलो मार्केज की जगह भारत के मुख्य कोच बने जमील ने शुक्रवार को ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान में होने वाले आगामी सीएएफए नेशंस कप के लिए 35 संभावित खिलाड़ियों की सूची जारी की जिसमें छेत्री का नाम शामिल नहीं है। जमील ने ज्यादा कुछ नहीं कहा, लेकिन यह स्पष्ट कर दिया कि छेत्री के नौ अक्टूबर (विदेश में) और 14 अक्टूबर (घरेलू) को सिंगापुर के खिलाफ एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर के मैचों के लिए राष्ट्रीय टीम में शामिल होने की उम्मीद है। जमील ने राष्ट्रीय शिविर के दूसरे दिन कहा, वह (छेत्री) इस शिविर में नहीं हैं क्योंकि हम एक टूर्नामेंट खेल रहे हैं जो अनिवार्य रूप से हमारे एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी का काम करेगा। उन्होंने कहा, मैं इस फीफा विंडो के दौरान कुछ अन्य खिलाड़ियों को भी आजमाना चाहता हूं। मैंने उनसे इस बारे में बात की थी। टीम में उनके जैसे खिलाड़ी का होना हमेशा खुशी की बात होती है और उनके लिए दरवाजे हमेशा खुले हैं। जमील ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की एक विज्ञप्ति में कहा, सुनील भारतीय फुटबॉल के दिग्गज हैं। मैं उनके खिलाफ खेला हूं, मैंने उन्हें कई मौकों पर खेलते देखा है और वह मेरे पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक हैं। वह भारतीय फुटबॉल के लिए एक आदर्श हैं। राष्ट्रीय शिविर शनिवार को शुरू हुआ जिसमें 22 खिलाड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं जबकि बचे हुए 13 अन्य डूरंड कप के लिए क्लबों को अपनी सेवाएं दे रहे हैं और जल्द ही शिविर से जुड़ेंगे। सीएएफए नेशंस कप 48 वर्षीय जमील का पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा और उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट उनकी टीम के लिए बेहतरीन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ खेलने का एक अच्छा मौका होगा। जमील ने कहा यह नेशंस कप में भारत की पहली भागीदारी होगी और यह हमारे लिए ताजिकिस्तान और ईरान जैसे मजबूत और बेहतरीन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ खेलने का एक अच्छा अवसर होगा। यह निश्चित रूप से एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी के लिए हमारे लिए फायदेमंद होगा।

ऑस्ट्रेलिया ए ने अंतिम वनडे में भारत को हराया

ब्रिस्बेन। स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली की नाबाद 137 रन की पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ए ने रविवार को यहां भारत ए के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में नौ विकेट से जीत दर्ज की। भारत ने शुक्रवार को दूसरे मैच में दो विकेट से जीत हासिल कर तीन मैचों की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली थी। भारतीय टीम ने पहले मैच में तीन विकेट से जीत दर्ज की थी। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के 52 और विकेटकीपर यास्तिका भाटिया के 54 गेंदों में 42 रन की बदौलत 216 रन बनाए, लेकिन पूरी टीम 47.4 ओवर में आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ए की कप्तान ताहलिया मैकग्रा ने आठ ओवर में 49 रन देकर तीन विकेट चटकाए। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने केवल 27.5 ओवर में एक विकेट पर 222 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। हीली ने 84 गेंद की अपनी पारी में तीन छक्के और 23 चौके लगाए। इस विकेटकीपर-बल्लेबाज को ताहलिया विल्सन के रूप में अच्छी जोड़ीदार मिली, जिन्होंने 59 रन बनाए। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 137 रन जोड़े। विल्सन को राधा यादव ने आउट किया।

लियोन मेस्सी ने इंटर मियामी को दिलायी जीत

एजेंसी

फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)। लियोनेल मेस्सी ने चोट से उबरकर दशकों से भारी समर्थन के बीच एक गोल किया जबकि एक गोल करने में मदद की जिससे इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) फुटबॉल टूर्नामेंट में एलए गैलेक्सी पर 3-1 से जीत दर्ज की। मेस्सी चोटिल होने के कारण पिछले दो मैच में नहीं खेल पाए थे। मैच के बाद मियामी के डिफेंडर मैक्सिमिलियानो फाल्कन ने मेस्सी की तारीफ करते हुए कहा, हमें इसकी आदत हो गई है। आपने देखा होगा कि उसने क्या किया, गोल पर साफ़ नज़र रखते हुए गेंद हासिल की और गोल कर दिया। अर्जेंटीना के सुपरस्टार ने हमवतन रोड्रिगो डी पॉल की मदद से गोल करके दर्शकों को रोमांचित किया। मेस्सी को दो अगस्त को नेकाक्सा के खिलाफ लीग कप मैच में हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी। इंटर मियामी उनके बिना लीग कप क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया, लेकिन एमएलएस मुकाबले में उसे अपने राज्य के प्रतिद्वंद्वी ऑरलैंडो सिटी से 4-1 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं दूसरी ओर बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपने खिताब के बचाव की शुरुआत मालोर्का पर 3-0 की आसान जीत के साथ की। उसने मालोर्का को मिले दो रेड कार्ड का फायदा उठाया। पिछले सत्र में बार्सिलोना के शानदार आक्रमण का नेतृत्व करने वाले राफिन्हा और लामिने यामल को एक बार फिर अपना प्रभाव छोड़ने में सिर्फ़ सात मिनट लगे। यामल के कर्लिंग क्रॉस पर राफिन्हा ने टीम की तरफ से पहले गोल किया। फेरान टोरेस ने 23वें मिनट में बार्सिलोना की बढ़त दोगुनी कर दी। इस गोल के खिलाफ हालांकि मालोर्का ने शिकायत की थी, क्योंकि उनके एक खिलाड़ी के सिर में गेंद लगने के बाद वह जमीन पर गिर गया था। यामल ने दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में टॉप कॉर्नर पर गोल करके स्कोर 3-0 कर दिया। पिछले सत्र में 102 गोल करके लीग जीतने वाली बार्सिलोना की टीम अनुभवी स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के बिना मैदान पर उतरी जो चोटिल होने के कारण पहले मैच में नहीं खेल पाए। वहीं दूसरी ओर

भारत अंडर-17 महिला टीम के मुख्य कोच जोकिम अलेक्जेंडरसन ने भूटान के थिम्पू में 20 से 31 अगस्त तक होने वाली सैफ अंडर-17 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए रविवार को 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। अलेक्जेंडरसन ने इस महीने की शुरुआत में भारत की अंडर-20 टीम को दो दशक में पहली बार एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर में पहुंचाया था। वह अब अंडर-17 टीम का नेतृत्व करेंगे, जो अक्टूबर में किर्गिज गणराज्य में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप क्वालीफायर से पहले सैफ चैम्पियनशिप में खेलेगी। सैफ अंडर-17 महिला चैम्पियनशिप में चार टीमें भारत, भूटान, नेपाल और बांग्लादेश डबल राउंड-रॉबिन लीग में प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रत्येक टीम छह मैच खेलेगी और सबसे अधिक अंक हासिल करने वाली टीम चैंपियन बनेगी। भारत अपने अभियान की शुरुआत नेपाल (20 अगस्त) के खिलाफ करेगा। उसके बाद वह बांग्लादेश (22 अगस्त), भूटान (24 और 27 अगस्त), नेपाल (29 अगस्त) और आखिर में बांग्लादेश (31 अगस्त) का सामना करेगा। सभी मैच चांगलिमिथांग स्टेडियम में खेले जाएंगे।

टाईब्रेक में मारी बाजी संयम बने चैंपियन

लखनऊ। संयम श्रीवास्तव ने 44वां शिवानी कप स्वतंत्रता दिवस स्पेशल ओपन चेस टूनार्मेंट में टाईब्रेक स्कोर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। दूसरी ओर आयु वर्ग के मुकाबलों में अभिनव कीर्ति वर्मन, लक्ष्य निगम व विवस्त सक्सेना चैंपियन बने। लखनऊ जिला चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मानसरोवर योजना शहीद पथ स्थित शिवानी पब्लिक स्कूल में आयोजित टूनार्मेंट में छठें व अंतिम राउंड के बाद संयम के साथ रवि शंकर, अभिजय भटनागर व आशीष प्रताप सिंह ने समान 6 अंक हासिल किए।

- **44वां शिवानी कप स्वतंत्रता दिवस स्पेशल ओपन चेस टूनार्मेंट**

हालांकि टाईब्रेकर स्कोर में बेहतरीन प्रदर्शन का फायदा संयम को मिला और वह चैंपियन बने। वहीं रवि, अभिजय व आशीष क्रमशः दूसरे से चौथे स्थान पर रहे। रोहन पांडेय को 5.5 अंक के साथ पांचवां स्थान मिला। अंडर-16 आयु वर्ग में अभिनव कीर्ति वर्मन ने 6 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया। आरव गुप्ता 5 अंक के साथ दूसरे व अंशुमान गुप्ता 4 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-13 आयु वर्ग में लक्ष्य निगम व अथर्व साहू के समान 5-5 अंक रहे लेकिन टाईब्रेक स्कोर के चलते लक्ष्य पहले व अथर्व दूसरे स्थान पर रहे।

निर्णायक पल में बेहतरीन लय से हिमांशु बने चैंपियन

लखनऊ। एसबी लाल एडवोकेट मेमोरियल वेटरन टेनिस टूनार्मेंट-2025 के फाइनल मुकाबले रोमांच और जोश से भरपूर रहे। इसमें निर्णायक क्षणों में बेहतरीन लय दिखाते हुए हिमांशु ने टाईब्रेक में बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने भूपेंद्र चौधरी को 7-6 (5) से हराकर एकल 35 साल से अधिक आयु वर्ग का खिताब जीत लिया। स्वतंत्रता दिवस चैंपियनशिप के तहत एसडीएस टेनिस अकादमी द्वारा लामार्टिनियर कॉलेज स्थित लामार्टिनियर लॉन टेनिस फैसिलिटी में आयोजित तीन दिवसीय टूनार्मेंट में विभिन्न आयु वर्ग के दिग्गज खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। वहीं 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के युगल फाइनल में आदित्य कपूर व अंकुर की जोड़ी ने अश्विनी सिंह व अभिषेक विक्रम सिंह को 6-3 से पराजित किया। 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के एकल फाइनल में निशांत ने सत्य पाठक को 6-2 से हराया। वही युगल में भूपेंद्र चौधरी और डॉ. अपूर्व की जोड़ी ने सत्य पाठक व श्रीवत्सन को 6-2 से हराकर विजेता ट्रॉफी जीती। 55 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के एकल मे लक्ष्मण सिंह विजेता रहे जिन्होंने भारत दुबे को 6-3 से हराया। वहीं युगल में नवीन चरण व अजीत दुबे की जोड़ी ने संजय कुमार व भरत दुबे को 6-4 से हराया। 65 से अधिक आयु वर्ग के एकल फाइनल में मनोज ने अयाज को 6-2 से मात दी जबकि युगल में एचआई राय व एसबी खंडेलवाल ने भारत लाल व अयाज को 6-3 से हराया।

- **एसबी लाल एडवोकेट मेमोरियल वेटरन टेनिस टूनार्मेंट-2025**
- **एकल के अन्य वर्गों में निशांत लक्ष्मण व मनोज बने चैंपियन**

संक्षेप

देशभक्ति के उत्साह के साथ 79 वां स्वतंत्रता दिवस मना

लखनऊ। भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय, लखनऊ ने गर्व से भारत के 79 वें स्वतंत्रता दिवस को मोती महल मार्ग, हजरतगंज पर अपने परिसर में एक जीवंत उत्सव के साथ मनाया। समारोह की शुरूआत लखनऊ मण्डल के मुख्य महाप्रबंधक दीपक कुमार दे द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के औपचारिक फहराने के साथ हुई। अपने संबोधन में, श्री दे ने देश के स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और वित्तीय समावेशन, डिजिटल बैंकिंग और ग्राहक-केंद्रित सेवाओं के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए एसबीआई के समर्पण की पुष्टि की। इस कार्यक्रम में एसबीआई कर्मचारियों द्वारा देशभक्ति सांस्कृतिक प्रदर्शनों की एक श्रृंखला दिखाई गई, जिसमें भारत की समृद्ध विरासत और विविधता में एकता का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों, सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारों ने भाग लिया।

जनसुरक्षा बीमा योजनाओं व सीएम युवा लाभार्थियों को बाटें चेक

लखनऊ। एसबीआई, भापटामऊ शाखा, खुशालगंज, लखनऊ द्वारा खुशालगंज ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एसबीआई लखनऊ मण्डल के मुख्य महाप्रबंधक और अन्य अधिकारियों के साथ-साथ बैंक के सम्मानित ग्राहक भी उपस्थित थे। अपने सम्बोधन में मुख्य महाप्रबंधक, एसबीआई, लखनऊ मण्डल, दीपक कुमार दे ने उपस्थित लोगों को बैंक द्वारा दी जाने वाली विभिन्न लोक कल्याण एवं सुरक्षा योजनाओं के बारे में जानकारी दी और ग्रामीणों को नए जनधन खाते खोलने, निष्क्रिय खातों को फिर से सक्रिय करने, केवाईसी औपचारिकताओं को पूरा करने और सुरक्षा बीमा योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

एथनॉल के पानी के संपर्क से होती है समस्या

नयी दिल्ली। एथनॉल मिश्रित पेट्रोल के उपयोग से वाहनों में माइलेज और अन्य समस्याओं को लेकर चर्चा के बीच क्षेत्र से जुड़े लोगों का कहना है कि इस ईंधन के जल में घुलनशील होने की विशेषता के कारण गाड़ियों में दिक्कतें आ सकती हैं। इससे निपटने के लिए अन्य बातों के अलावा पेट्रोल पंप पर स्थित भूमिगत ईंधन टैंक को पूरी तरह से सील करने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर कई वाहन मालिकों ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉलमिश्रित ईंधन को लेकर गाड़ियों को हो रहे नुकसान के बारे में लिखा है। बड़ी संख्या में आये ऐसे पोस्ट में कुछ लोगों ने कहा है कि इसके इस्तेमाल से वाहन के माइलेज में करीब सात प्रतिशत की गिरावट आई है जबकि कुछ लोगों ने इससे ई-10 वाहनों में रबड़, धातु कलपुर्जों के जल्द खराब होने की आशंका जताई है।

अमेरिकी शुल्क से रोजगार पर असर को लेकर विशेषज्ञ बंटे

मुंबई। अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यात पर लगाए गए भारी शुल्क ने भारत में रोजगार को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। कुछ विशेषज्ञ तत्काल नौकरियों के संकट की चेतावनी दे रहे हैं, जबकि कुछ अन्य का मानना है कि भारत की घरेलू मांग और व्यापार में विविधता इस प्रभाव को कम करने में मदद करेगी। कार्यबल समाधान और मानव संसाधन सेवा प्रदाता जीनियस एचआरटेक के संस्थापक, चेयरमैन और प्रबंध निदेशक आर पी यादव ने पीटीआई-भाषा से कहा, अमेरिका द्वारा हाल में लगाए गए अतिरिक्त शुल्कों का भारत के रोजगार परिदृश्य पर सीधा और व्यापक प्रभाव पड़ने की आशंका है। इसका विशेष रूप से उन उद्योगों पर असर पड़ेगा जो कारोबार की निरंतरता और वृद्धि के लिए अमेरिकी बाजार पर बहुत अधिक निर्भर हैं। यादव ने कहा कि कपड़ा उद्योग, वाहन कलपुर्जे बनाने वाले, कृषि और रत्न-आभूषण जैसे क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। इसका सबसे बड़ा बोझ सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) पर पड़ेगा। उनका अनुमान है कि लगभग दो से तीन लाख नौकरियां खतरे में हैं। सिर्फ कपड़ा उद्योग में ही, जो ज्यादा श्रम पर निर्भर है, अगले छह महीने से ज्यादा अगर यह शुल्क जारी रहा तो लगभग एक लाख नौकरियां जा सकती हैं।

कंपनियों की पूंजी 60,675.94 करोड़ बढ़ी

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 60,675.94 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ भारतीय स्टेट बैंक और एचडीएफसी बैंक को हुआ।

छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्र के सप्ताह के दौरान सेंसेक्स 739.87 अंक या 0.92 प्रतिशत चढ़ा, वहीं निफ्टी 268 अंक या 1.10 प्रतिशत के लाभ में रहा। शीर्ष 10 कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और इन्फोसिस के मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और बजाज फाइनेंस के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 20,445.82 करोड़ रुपये बढ़कर 7,63,095.16 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सबसे अधिक लाभ एसबीआई को ही हुआ। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 14,083.51 करोड़ रुपये बढ़कर 15,28,387.09 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 9,887.17 करोड़ रुपये बढ़कर 6,01,310.19 करोड़ रुपये हो गई। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 8,410.6 करोड़ रुपये बढ़कर 10,68,260.92 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 7,848.84 करोड़ रुपये बढ़कर 18,59,023.43 करोड़ रुपये रहा। इस रुख के उलट एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 15,306.5 करोड़ रुपये घटकर 5,61,881.17 करोड़ रुपये रह गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 9,601.08 करोड़ रुपये घटकर 5,35,547.44 करोड़ रुपये रह गई। वहीं आईसीआईसीआई बैंक के मूल्यांकन में 6,513.34 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 10,18,982.35 करोड़ रुपये पर आ गया। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 4,558.79 करोड़ रुपये घटकर 10,93,349.87 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 3,630.12 करोड़ रुपये घटकर 5,83,391.76 करोड़ रुपये रहा। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एलआईसी और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

एफपीआई ने अगस्त के पहले पखवाड़े में शेयरों से 20,975 करोड़ रुपये निकाले

नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अगस्त के पहले पखवाड़े में भारतीय शेयर बाजार में लगभग 21,000 करोड़ रुपये की बिकवाली की है।

अमेरिका-भारत व्यापार तनाव, कंपनियों के पहली तिमाही के उम्मीद से कमजोर नतीजों तथा रुपये में गिरावट के बीच एफपीआई बिकवाल बने हुए हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इसके साथ ही 2025 में अबतक एफपीआई भारतीय शेयर बाजार से कुल 1.16 लाख करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं। एफपीआई का रुख आगे शुल्क मोर्चे पर गतिविधियों से तय होगा। एंजल वन के वरिष्ठ बुनियादी विश्लेषक (सीएफए) वकारजावेद खान ने कहा कि अमेरिका और रूस के बीच तनाव में हालिया कमी और नए प्रतिबंध नहीं लगने की वजह से प्रतीत होता है कि भारत पर प्रस्तावित 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क (सेकेंडरी टैरिफ) 27 अगस्त के बाद लागू होने की संभावना नहीं है। यह बाजार के लिए स्पष्ट रूप से सकारात्मक संकेत है। उन्होंने आगे कहा कि एसएंडपी ने भारत की साख को बीबीबी- से बढ़ाकर बीबीबी कर दिया है, जिससे एफपीआई की धारणा को और बल मिल सकता है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (14 अगस्त तक) शेयरों से 20,975 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। इससे पहले जुलाई में उन्होंने स्थानीय शेयर बाजार से 17,741 करोड़ रुपये निकाले थे। मार्च से जून तक के तीन महीनों में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में 38,673 करोड़ रुपये डाले थे। एफपीआई की सतत निकासी की वजह मुख्य रूप से वैश्विक अनिश्चितताओं के चलते है। भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने और अमेरिका तथा अन्य विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ब्याज दरों के रुख को लेकर बढ़ती अनिश्चितता ने जोखिम उठाने की धारणा को कमजोर किया है। इसके साथ ही हाल में अमेरिकी डॉलर में आई मजबूती की वजह से भी भारत जैसे उभरते बाजारों का आकर्षण कम हुआ है।

अपराध-मुक्त करने का बिल आज लोस में पेश होगा

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सोमवार को लोकसभा में जीवन और कारोबार सुगमता के लिए कुछ छोटे अपराधों को अपराध-मुक्त करने को जन विश्वास (संशोधन) विधेयक-2025 पेश करेंगे। लोकसभा की वेबसाइट पर डाली गई कार्यसूची के अनुसार, मंत्री जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक-2025 पेश करेंगे।

इस विधेयक का उद्देश्य कुछ छोटे-मोटे अपराधों को अपराध-मुक्त बनाकर भरोसा आधारित शासन को बढ़ाना तथा जीवन और कारोबार सुगमता की स्थिति को बेहतर करना है। इस विधेयक के माध्यम से 350 से अधिक प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव है। एक अधिकारी के अनुसार, इस कदम से देश में अधिक अनुकूल कारोबारी और नागरिक-केंद्रित वातावरण बनाने में मदद मिलेगी।

यह कानून देश के कारोबारी माहौल को बेहतर बनाने के सरकार के प्रयासों का हिस्सा है। इससे पहले 2023 में, जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अधिनियम पारित किया गया था, जिसके तहत 19 मंत्रालयों और विभागों द्वारा प्रशासित 42 केंद्रीय अधिनियमों के 183 प्रावधानों को अपराध-मुक्त कर दिया गया था। इस अधिनियम के माध्यम से, सरकार ने कुछ प्रावधानों में कारावास औराया जुर्माने को हटा दिया था।

सेबी आने वाली निपटान अपीलों की संख्या बढ़ी

नयी दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास निपटान अपीलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली है। बाजार नियामक को 2024-25 में प्रतिभूति मानदंडों के उल्लंघन के निपटान के लिए 703 आवेदन प्राप्त हुए। यह दर्शाता है कि लंबी मुकदमेबाजी प्रक्रियाओं के बिना विवादों को सुलझाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2023-24 में, नियामक को 434 निपटान याचिकाएं प्राप्त हुई थीं। सेबी की 2024-25 वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में इन 703 निपटान आवेदनों में से, नियामक ने साल के दौरान उचित निपटान आदेश पारित करके 284 का निपटारा कर दिया। वहीं 272 अन्य आवेदन वापस कर दिए गए, खारिज कर दिए गए या या वापस ले लिए गए।

निपटान तंत्र इकाइयों को लंबी मुकदमेबाजी में उलझे बिना, निपटान शुल्क का भुगतान करके और कुछ शर्तों का अनुपालन करके भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के साथ मामलों को सुलझाने की अनुमति देता है। निपटाए गए 284 आवेदनों के लिए सेबी को निपटान शुल्क के रूप में 798.87 करोड़ रुपये मिले। इसके अलावा 64.84 करोड़ की गलत तरीके से कमाई को भी वापस लिया गया। ये निपटान आदेश विभिन्न नियमों के कथित उल्लंघनों के लिए जारी किए गए थे। इनमें भेदिया कारोबार, धोखाधड़ीपूर्ण व्यापारिक व्यवहार, वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ), म्यूचुअल फंड और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) आदि शामिल हैं। निपटान मामलों के साथ-साथ, सेबी ने वर्ष के दौरान कई अपीलों का भी निपटारा किया। 2024-25 में प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) के समक्ष नियामक से संबंधित कुल 533 नई अपीलें दायर की गईं, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह संख्या 821 थी।

जीएसटी सुधारों को लागू करने में सहयोग का आग्रह

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि केंद्र ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों का मसौदा राज्यों को दे दिया है और दिवाली से पहले प्रस्ताव को लागू करने के लिए उनका सहयोग मांगा गया है।

उन्होंने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार से गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के साथ ही छोटे और बड़े व्यवसायों को भी लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने दो एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के बाद यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र जीएसटी कानून को सरल बनाने और कर दरों में संशोधन करने का इरादा रखता है। मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण में जीएसटी कानून में सुधार के प्रस्ताव की घोषणा की थी। उन्होंने कहा, हमारे लिए सुधार का अर्थ सुशासन को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार सुधार करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, आने वाले महीनों में हम कई बड़े सुधार करने जा रहे हैं, ताकि लोगों का जीवन और व्यवसाय करना आसान हो जाए। केंद्र जीएसटी में अगली पीढ़ी का सुधार ला रहा है। उन्होंने कहा, इस दिवाली लोगों को जीएसटी सुधार से दोहरा बोनस मिलेगा। केंद्र ने जीएसटी में सुधार के प्रस्ताव का मसौदा राज्यों को भेज दिया है।

वाहन पर जीएसटी दर में प्रस्तावित बदलाव से वर्गीकरण विवाद समाप्त होंगे

नयी दिल्ली। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) पर आगामी व्यापक सुधारों के तहत वाहनों पर कर का पुनर्गठन किया जाएगा, जिससे इंजन क्षमता और वाहन के आकार से संबंधित वर्गीकरण विवादों का समाधान किया हो सकेगा। अंततः इसका लाभ आम आदमी को मिलेगा। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी।

अभी वाहनों पर जीएसटी की दरें ऊंचे स्लैब में हैं। वाहनों पर 28 प्रतिशत कर लगता है। वाहन के प्रकार के आधार पर, इस दर के ऊपर एक से 22 प्रतिशत तक का क्षतिपूर्ति उपकर भी लिया जाता है। इंजन क्षमता और लंबाई के आधार पर कारों पर कुल कर भार, छोटी पेट्रोल कारों के लिए 29 प्रतिशत से एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी वेहिकल) के लिए 50 प्रतिशत तक है। इलेक्ट्रिक वाहन पर पांच प्रतिशत की दर से कर लगता है। सूत्रों ने बताया कि जीएसटी प्रणाली को पांच और 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय दर संरचना और कुछ चुनिंदा वस्तुओं के लिए 40 प्रतिशत स्लैब में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है। इसमें वाहनों को ऐसे स्लैब में रखा जाएगा जिससे इंजन क्षमता और लंबाई के अनुसार कारों के वर्गीकरण से जुड़े विवादों को समाप्त करने में मदद मिलेगी। जीएसटी की कम दर से मांग और बिक्री बढ़ेगी, क्योंकि कारें सस्ती हो जाएंगी। इससे खपत बढ़ेगी, जो केंद्र द्वारा प्रस्तावित जीएसटी सुधार का एक प्रमुख विचार है। केंद्र के प्रस्ताव, जिसमें 12 और 28 प्रतिशत की दर को हटाना शामिल है, पर 21 अगस्त को जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्रिसमूह (जीओएम) की बैठक में चर्चा की जाएगी। इसके बाद, केंद्र और राज्य के वित्त मंत्रियों वाली जीएसटी परिषद अगले महीने में बैठक करेगी और अंतिम जीएसटी दर संरचना को मंजूरी देगी। वर्तमान में, जीएसटी में पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत के चार स्लैब हैं। आवश्यक वस्तुओं पर या तो शून्य या पांच प्रतिशत की दर से कर लगता है और विलासिता तथा अहितकर वस्तुओं पर 28 प्रतिशत की दर से कर लगता है।

विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख से बीते सप्ताह तेल-तिलहन कीमतों में सुधार

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख के बीच बीते सप्ताह घरेलू बाजार में सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल कीमतों में सुधार दर्ज हुआ। ऊंचे भाव वाले सोयाबीन डीओसी की स्थानीय कमजोर मांग से सोयाबीन तिलहन कीमतों में गिरावट देखी गई, जबकि सुस्त कारोबार के कारण मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर बने रहे।

बाजार सूत्रों ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी बाजारों में मजबूती का रुख बना रहा और इसकी वजह से सीपीओ एवं पामोलीन तथा सोयाबीन तेल जैसे आयातित खाद्य तेल कीमतों में तेजी आई। आयातित तेलों में आई तेजी का सरसों पर भी अनुकूल असर हुआ और इसके तेल-तिलहन के दाम भी सुधार दर्शाते बंद हुए। ध्यान देने योग्य बात यह है कि सोयाबीन का कारोबार और उसके दाम की घट- बढ़ सोयाबीन से लगभग 82 प्रतिशत निकलने वाले सोयाबीन डी-आयल्ड केक (डीओसी) के बाजार पर निर्भर करती है। डीओसी के दाम मजबूत होने से सोयाबीन तिलहन के दाम भी मजबूत होंगे। पर ऊंचे दाम की वजह से इसकी स्थानीय मांग कमजोर बनी हुई है। इसके लिए जरूरी है कि डीओसी का स्थानीय बाजार बनाया जाये। उन्होंने कहा कि विदेशों में बाजार जहां तेजी से बढ़ रहे हैं, वहीं देश में सोयाबीन न्यूनतम समर्थन मूल्य से 5-6 प्रतिशत नीचे), मूंगफली एवं सूरजमुखी 20-22 प्रतिशत नीचे हाजिर दाम पर बिक रहे हैं। इन देशी तेल-तिलहनों का बाजार बनाना आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है। इसी प्रकार, मिलावटी बिनौला खल भी तेल-तिलहन कारोबार के लिए बड़ी परेशानी बन गया है।

पेज एक का शेष

पीएम मोदी ने

मोदी ने बताया कि शहरी विस्तार मार्ग की खासियत यह है कि इसने शहर में कचरे की बढ़ती समस्या के समाधान में अद्वितीय योगदान दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा, इसके निर्माण के लिए लाखों टन कचरे का वैज्ञानिक और टिकाऊ तरीके से इस्तेमाल किया गया है। इस अभिनव दृष्टिकोण ने न केवल कचरे के विशाल ढेरों को कम किया है, बल्कि कचरे को बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक मूल्यवान संसाधन में भी बदल दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मोदी ने कहा कि यह प्रतिबद्धता पार्टी की नीतियों और निर्णयों में परिलक्षित होती है।हरियाणा की पिछली सरकारों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एक समय था, जब बिना किसी प्रभाव या सिफारिश के एक भी नियुक्ति मुश्किल थी।उन्होंने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार के तहत, लाखों युवाओं को पूरी तरह से पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से सरकारी नौकरियां मिली हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास परियोजनाओं के प्रति पिछली सरकार की उदासीनता केवल दिल्ली-एनसीआर तक ही सीमित नहीं थी, बल्कि पूरे देश में व्याप्त थी। मोदी ने कहा कि पहले बुनियादी ढांचे के लिए आवंटित बजट बहुत कम हुआ करता था और स्वीकृत परियोजनाओं को पूरा होने में भी वर्षों लग जाते थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब परियोजनाएं तेजी से पूरी करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, यही वजह है कि द्वारका एक्सप्रेसवे जैसी पहल अब साकार हो रही है।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

संपन्न कराया। इससे वहां मौजूद सभी लोग भावुक हो गए। उन्होंने बच्चों के माथे पर तिलक लगाया, मोती की माला पहनाई और उन्हें खिलौने भेंट किए। सीएम का यह सहज भाव देखकर श्रद्धालु अभिभूत हो गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच हजार वर्षों के पौराणिक इतिहास के हम साक्षी बन रहे हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर देश और दुनिया से भक्त यहां भक्तिमय भाव के साथ एकत्रित हुए हैं। मथुरा की पावन माटी और इसके रज-रज में श्रीकृष्ण बसे हैं। ऐसी भक्ति दुनिया में कहीं और मिलना दुर्लभ है। इस पवित्र भूमि को कोटि-कोटि नमन। सभी को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से उन्हें मथुरा में रंगोत्सव और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी जैसे आयोजनों में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने भारत को आध्यात्मिकता और आधुनिक विकास के संगम के रूप में स्थापित करने की बात कही, जिसकी प्रेरणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलती है। सीएम योगी ने कहा कि पूरी दुनिया भारत की आध्यात्मिक विरासत पर शोध के लिए उत्सुक है। जब भी विश्व को संकट से उबरना होगा, भारत की आध्यात्मिक विरासत ही स्थायी शांति और सौहार्द का मार्ग प्रशस्त करेगी। मुख्यमंत्री ने बृजक्षेत्र के समग्र विकास के लिए 30 हजार करोड़ रुपये की नई कार्ययोजना की घोषणा की।

शपथपत्र दे

दलों के बीच भेदभाव नहीं कर सकता तथा सत्तारूढ़ और विपक्षी दल, दोनों ही चुनाव प्राधिकार के लिए समान हैं। उन्होंने कहा, अगर चुनाव याचिकाएं 45 दिन के भीतर दायर नहीं की जातीं, लेकिन वोट चोरी के आरोप लगाए जाते हैं, तो यह भारतीय संविधान का अपमान है। कुमार ने कहा कि न तो आयोग और न ही मतदाता दोहरे मतदान और वोट चोरी के निराधार आरोपों से डरते हैं। उन्होंने कहा कि आयोग कुछ लोगों द्वारा खेली जा रही राजनीति की परवाह किए बिना सभी वर्गों के मतदाताओं के प्रति दृढ़ रहेगा। उन्होंने सवाल किया, चुनाव प्रक्रिया में एक करोड़ से ज्यादा कर्मचारी लगे हुए हैं। क्या इतनी पारदर्शी प्रक्रिया में वोट चोरी हो सकती है? यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब विपक्ष ने बिहार में मतदाता सूची संशोधन और कांग्रेस द्वारा लगाए गए वोट चोरी के आरोपों के बाद अपना हमला तेज कर दिया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि बिहार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जरिए चुनाव चोरी करने की साजिश की जा रही है, लेकिन विपक्ष ऐसा नहीं होने देगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने बिहार के सासाराम से वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत से पहले आयोजित सभा में यह दावा भी किया कि अब सबको पता चल गया है कि पूरे देश में वोट की चोरी की जा रही है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि कई दलों की शिकायतों और देश के भीतर मतदाताओं के प्रवास के मद्देनजर नवीनतम एसआईआर आवश्यक हो गया था। उन्होंने कहा, जाने-अनजाने में, प्रवास और अन्य समस्याओं के कारण कुछ लोगों के पास कई मतदाता पहचान पत्र हो गए... यह एक मिथक है कि एसआईआर जल्दबाजी में किया गया है। हर चुनाव से पहले मतदाता सूचियों में सुधार करना निर्वाचन आयोग का कानूनी कर्तव्य है।

राधाकृष्णन

बोर्ड की बैठक में जिसका नेतृत्व पीएम मोदी ने किया। इस दौरान सभी पहलुओं पर चर्चा हुई और कई नामों पर मंथन किया गया, सुझाव भी मांगे गए और इसके बाद फिर तय हुआ कि हमारे उपराष्ट्रपति के प्रत्याशी के रूप में हमारे महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को एनडीए का प्रत्याशी बनाएंगे।

विकसित भारत के

कार्डियो व न्यूरोलॉजी तथा हल्द्वानी में कैंसर उपचार की विशेष सुविधाएं उपलब्ध हैं। सुदूरवर्ती क्षेत्रों में आपदा जैसी स्थिति में हेलीकॉप्टर सेवाएं जीवनरक्षक साबित हो रही हैं ,धराली आपदा इसका हालिया उदाहरण है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि नियुक्तियों में उत्तराखंड नए रिकॉर्ड बना रहा है। 220 चिकित्सकों में से दिव्यांग कोटे के 4 को छोड़कर बाकी सभी को दूरस्थ क्षेत्रों में भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 220 स्थानों पर रक्तदान शिविर और प्रत्येक गांव में स्वास्थ्य शिविर आयोजित होंगे, जिनसे 25 लाख से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सकों और स्टाफ की उपलब्धता से लोगों को बेहतर उपचार मिलेगा। उन्होंने चिकित्सकों से आग्रह किया कि वे जनता के विश्वास को और मजबूत करें क्योंकि आज भी ईश्वर के बाद सबसे अधिक सम्मान डॉक्टरों को ही मिलता है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजान दास, राजकुमार पोरी, सरिता कपूर, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट, सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर. राजेश कुमार, महानिदेशक स्वास्थ्य सुनीता टम्टा सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में चिकित्सक मौजूद रहे।

हर्षोल्लास से

ही धूमधाम और गर्व के साथ मनाया गया।

बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे संवैधानिक मूल्यों को नमन करते हुए विश्वविद्यालय परिवार ने राष्ट्र के प्रति अपनी आस्था और कर्तव्यनिष्ठा व्यक्त की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य कार्यकारी निदेशक आर.के. अग्रवाल ने ध्वजारोहण कर किया। इसके उपरांत पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ राष्ट्रीय गान प्रस्तुत किया गया, जिसने वातावरण को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। तत्पश्चात उन्होंने अपने संबोधन में स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। इसके बाद कुलपति प्रो. (डॉ.) एस.के. श्रीवास्तव ने सभी छात्रों, एनएसएस के स्वयंसेवकों एवं एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन हमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को स्मरण कराता है और प्रेरित करता है कि हम एक जिम्मेदार नागरिक बनकर राष्ट्र की प्रगति में सहयोग करें। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) सतीश चन्द्र शर्मा, प्रो वाइस-चांसलर भी मौजूद रहे, जिन्होंने अपने उत्साहवर्धक शब्दों से उपस्थित जनसमूह में एकता और जोश का संचार किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी डीन, निदेशक, विभिन्न विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवक बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने मिलकर राष्ट्र के प्रति समर्पण की शपथ ली और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद किया। इसी तरह डॉ. अखिलेश दास गुप्ता विद्यालय में भी बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति की उमंग के साथ 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। समारोह का शुभारंभ प्रातः 9:00 बजे प्रधानाचार्या श्रीमती अंजना स्वामी के राष्ट्रीय ध्वज फहराने एवं राष्ट्रगान के सामूहिक गायन से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर राष्ट्रध्वज और देशभक्ति की भावनाओं से सराबोर था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मनमोहक देशभक्ति गीत, आकर्षक समूह नृत्य, भावपूर्ण कविता वाचन एवं प्रेरणादायक नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के वीर नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। विशेष आकर्षण रहा विद्यालय के सांस्कृतिक दल द्वारा प्रस्तुत नाटक, जिसमें स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष, साहस और बलिदान को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। प्रधानाचार्या ने स्वतंत्रता दिवस के ऐतिहासिक महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति के लिए शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का पालन अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति के नारों एवं मिष्ठान वितरण के साथ हुआ।

शाह ने उपराज्यपाल व मुख्यमंत्री से बात की

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कठुआ में बादल फटने की घटना पर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से बात की और केंद्र की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। रविवार तड़के कठुआ जिले में बादल फटने और भूस्खलन की दो अलग-अलग घटनाओं में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। शाह ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, कठुआ में बादल फटने की घटना के संबंध में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से बात की। स्थानीय प्रशासन राहत एवं बचाव कार्य में जुटा है और एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) की टीमें भी घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। मोदी सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। हम जम्मू-कश्मीर के अपने बहनों और भाइयों के साथ मजबूती से खड़े हैं। जिले में रात भर हुई भारी बारिश के बीच राजबाग के जोध घाटी गांव और और जंगलोट में यह आपदा आई। कठुआ में बादल फटने की घटना जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के चिशोती गांव में 14 अगस्त को बादल फटने से आई अचानक बाढ़ के तीन दिन बाद हुई है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनुज दुबे
लेखपाल- महोली सीतापुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज कश्यप
लेखपाल- महोली सीतापुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय वर्मा
प्रधान प्रतिनिधि
तुलसीपुर ग्रन्ट
महोली सीतापुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जीतेन्द्र वर्मा
प्रतिनिधि क्षेत्र पंचायत
सदस्य ग्राम सभा
डाडाबाद महोली

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मो. मोबीन खॉं
जेई एम.आई.
ब्लाक महोली सीतापुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मनीष बाजपेई
प्रधान- ब्रम्हावली महोली सीतापुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
महेन्द्र सिंह
नायब तहसीलदार
महोली सीतापुर

स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
मंगला फार्मास्युटिकल्स

पुराना अस्पताल रोड बड़ा चौराहा उन्नाव
अंग्रेजी दवाओं के थोक व फुटकर विक्रेता
प्रो. धनवन्तरि देव गुप्ता

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संदीप गिरी
अध्यक्ष-लेखपाल संघ महोली सीतापुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अरूण भार्गव
लेखपाल- महोली सीतापुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

देवेन्द्र कुमार मिश्रा
उपजिलाधिकारी
महोली सीतापुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रभात शुक्ला
खण्ड विकास अधिकारी
महोली सीतापुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मनमोहन सिंह
जेई आर.ई.एस ब्लाक
महोली सीतापुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मिथलेश यादव
प्रमुख
पिसावॉं सीतापुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. दीपांशु शुक्ला
अधीक्षक
सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र
महोली सीतापुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राम गोपाल
प्रधान प्रतिनिधि
हाजीपुर महोली

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वर्णलता मेमोरियल
चिकित्सालय एवं प्रसूति
केन्द्र जी.टी.रोड उरदौली सीतापुर
डा. विसाखा विश्वास
डा. संजय विश्वास

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजीव सिंह
प्रतिनिधि प्रमुख
ऐलिया सीतापुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. स्वपनिल विश्वास

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आनंद स्वरूप शुक्ला
सचिव
सहकारी गन्ना समिति लि.
महोली सीतापुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
इसराइल
ग्राम प्रधान-रिछिम
वि.खण्ड हरगांव-सीतापुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज यादव
ग्राम प्रधान-राजेपुर
वि.खण्ड हरगांव-सीतापुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दीपू सेठ
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम सभा-भटपुरवा (पकरिया)
वि.खण्ड हरगांव-सीतापुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद वर्मा
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम सभा-भीखपुर
वि.खण्ड हरगांव-सीतापुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बाबू सिंह
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम सभा-मदनापुर
वि.खण्ड हरगांव-सीतापुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. संजय कुमार गोंड
अधीक्षक
सी.एच.सी.
हरगांव-सीतापुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विवेक मणि त्रिपाठी
खण्ड विकास अधिकारी
श्रीमती रामदेवी-प्रमुख
विकास खण्ड हरगांव-सीतापुर

समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुरेश राही
राज्यमंत्री-कारागार
उ.प्र. शासन-लखनऊ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

15 अगसत स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीमती विनीता गुप्ता
भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी समिति
महिला मोर्चा, इटावा

अरूण कुमार उर्फ अन्नू गुप्ता
भाजपा जिलाध्यक्ष
इटावा

कार्यालय नगर पंचायत परशदेपुर-रायबरेली

अशोक कुमार
विधायक-सलोन

कार्यालय नगर पंचायत परशदेपुर, (रायबरेली)
राष्ट्रीय पर्व स्वतन्त्रता दिवस 2025 के शुभ अवसर पर सभी नगर वासियों को हार्दिक अभिनंदन एवं शुभकामनाएँ

बुद्धीलाल पासी
जिलाध्यक्ष

जनहित में अनुरोध-

1. नगर विकास हेतु अपने बकाया करों का अतिशीघ्र भुगतान करें ।
2. नगर को स्वच्छ एवं सुंदर रखने हेतु कृपया अपने घरों का कूड़ा इधर-उधर न फेंके, अपितु नियत स्थल पर रखे कूड़ेदान का प्रयोग करें ।
3. मा. न्यायालय के आदेशानुसार पॉलीथीन का प्रयोग वर्जित है। कृपया पॉलीथीन का प्रयोग न करें और न ही नालियों मेंपॉलीथीन/कूड़ा आदि फेके।
4. नगर को हरा-भरा रखने हेतु रिक्त स्थलों पर वृक्षारोपण कराएं।
5. सड़क पटरी, नाली पुलियों पर अतिक्रमण न करें इससे जहाँ आवागमन में व्यवधान होता है वही दुर्घटनाओं की सम्भावनाएं बढ़ जाती है ।
6. पेयजल का अनावश्यक अपव्यय न करें नगर पंचायत की सम्पत्ति आपकी है अतः कृपया स्ट्रीट लाइट नलों की टोटियों एवं हैण्डपम्पों को क्षति न होने दें।
7. सड़े-गले कटे फलों का सेवन न करें।
8. कृपया जन्म-मृत्यु का पंजीयन निर्धारित अवधि में कराकर अनावश्यक परेशानियों से बचे।
9. अपने सुझाव एवं शिकायत से हमें अवश्य अवगत कराएँ।
10. नगर पंचायत परशदेपुर में किसी भी शिकायत आदि की समस्या के लिए 1533 पर संपर्क स्थापित कर सकते है

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत परशदेपुर

(विनोद कुमार कौशल)
अध्यक्ष
नगर पंचायत परशदेपुर

सम्मानित सदस्यगण

1. श्रीमती तारा देवी, 2. श्री संदीप मोदनवाल 3. श्रीमती ज्ञानमती
4. श्री जगदीश प्रसाद 5. श्री मो. निहाल खान 6. श्री मो. मुर्तजा अंसारी
7. श्री सैयद हैदर नकी, 8. श्रीमती आसमा बानो 9. श्रीमती कंचन जायसवाल
10. श्री प्रभाकर मिश्रा

पत्रांक 287/ न०पं०प०/ आर0ओ0 / 2025-26 /दिनांक 14/8/2025

नगर पालिका परिषद जलालाबाद, शाहजहाँपुर

15 अगस्त, 2025 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद, जलालाबाद हार्दिक शुभकामनाओं सहित नागरिकों से निम्न अपील करती है :-

1. पालिका के करों का भुगतान समय से करें।
2. जल बहुमूल्य है, इसका दुरुपयोग न करें।
3. पालिका की भूमि पर अतिक्रमण न करें।
4. भवन / दुकान का निर्माण पालिका से मानचित्र स्वीकृत उपरान्त ही करायें।
5. पॉलीथीन का प्रयोग न करें।
6. पालतू पशुओं को आवारा न घूमने दें।
7. कूड़ादान का उपयोग करें।
8. प्रकाश बिन्दु आपकी सुविधा के लिए स्थापित हैं। इन्हें क्षतिग्रस्त न करें।
9. पथ प्रकाश हेतु पालिका के जनरेटर द्वारा संचालित केबिल में कटिया आदि न डालें।

श्रीमती सावित्री दिवाकर, श्री अक्षत मोहन, श्री रजनीश कुमार सिंह, श्री सन्तोष शर्मा, श्रीमती मोनिका गुप्ता, श्री हरिवक्श, श्रीमती पूजा (प्रतापनगर), श्रीमती पूजा (आजादनगर), श्री मो० रईस अन्सारी, श्री रविकान्त मिश्रा, श्री गिरजेश कुमार कटियार, श्री संदीप, श्रीमती शब्बी बानों, श्रीमती रेखा गुप्ता, श्रीमती रुवी बेगम, श्री मनोज, श्री मो. फैसल, श्री विनोद कुमार, श्री नीरज कुमार, श्रीमती बेबी, श्री आबिद, श्रीमती शमां, श्रीमती इरम बी, श्री मंजूम, श्री अजय गुप्ता सदस्य गण नगर पालिका परिषद जलालाबाद, शाहजहांपुर।

(शकील अहमद खाँ)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
जलालाबाद, शाहजहाँपुर

पत्रांक : 1055/न.पा.परि.ज. / 2025-26, दिनांक : 14 अगस्त, 2025

कार्यालय नगर पालिका परिषद खैराबाद- सीतापुर

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नगर पालिका परिषद, खैराबाद नगरवासियों का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए निवेदन करती है कि -

स्वच्छ सर्वेक्षण 2.0

01. यह नगर आपका है। इसे स्वच्छ व सुन्दर बनाये रखने में अपना सार्थक योगदान दें।
02. जन्म-मृत्यु की सूचना विलम्बतम 21 दिन के अन्दर दर्ज कराकर प्रमाण पत्र प्राप्त करें।
03. पालीथिन का प्रयोग निषिद्ध है। इसके स्थान पर जूट व कपड़े के थैले का प्रयोग करें।
04. नाला-नालियों व सड़क की पटरियों तथा सरकारी/नजूल भूमि पर अतिक्रमण न करें।
05. पथ प्रकाश बिन्दुओं व जलकल की टोटियों को क्षतिग्रस्त होने से बचायें।
06. नाली, सड़क जलापूर्ति, जलजमाव व साफ-सफाई संबंधी शिकायत टोल फ्री नं0 1533, सीवर सेप्टिक टैंक की सफाई हेतु टोल फ्री नं0 14420 पर या पालिका स्थित शिकायत प्रकोष्ठ में करें।
07. अपने भवन के गृहकर-जलकर, दुकान किराया व लाइसेन्स शुल्क आदि का भुगतान समय से करें। गृहकर-जलकर का भुगतान आनलाईन नगर पालिका परिषद खैराबाद की वेबसाइट https://www.khairabadnpp.in या https://ulbapp.in पर भी कर सकते हैं।
08. सक्षम प्राधिकारी से मानचित्र की स्वीकृति के उपरान्त ही भवन का निर्माण करायें।
09. निरोगी काया हेतु अपने जीवन में योग, प्राणायाम व ध्यान को नियमित रूप से शामिल करें।
10. अपने भवन व प्लाट के खाली स्थानों पर पौधारोपण करें और इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करें।
11. नगर पालिका परिषद खैराबाद द्वारा लगाये गये वृक्षों को संरक्षित करने में सहयोग करें।

प्रेम शंकर गुप्ता
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
खैराबाद
सीतापुर

समस्त सभासदगण
नगर पालिका परिषद
खैराबाद
सीतापुर

बेबी अभिषेक गुप्ता
अध्यक्ष
नगर पालिका
खैराबाद
सीतापुर

पत्रांकः- 704 /न.पा.परि. खैराबाद दिनांकः- 12.8.2025

कार्यालय नगर पालिका परिषद सीतापुर

79वें स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर नगर पालिका परिषद, सीतापुर अपने नगर निवासियों से अपील करती है कि:-

स्वच्छ सर्वेक्षण 2.0

01. नागरिकों से अपील है, कि घर-घर कचरा संग्रहण की प्रक्रिया में समस्त जनता अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें एवं घर में सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग किया जाए, सूखा कचरा नीले में व गीला कचरा हरे कचरे पात्र में ही डालें इसी प्रकार नगर पालिका की गाड़ियों में प्रतिदिन सूखा और गीला कचरा अलग-अलग रिसाइकल करें।
02. आप अपने घर में एक कूड़ेदान में गीला कूड़ा हरा डिब्बे व सूखा कूड़ा नीला डिब्बे में अवश्य रखें।
03. नगर में निर्मित सामुदायिक शौचालय सार्वजनिक शौचालय/यूनिरल निर्मित पिंक शौचालयों का सदैव प्रयोग करें, खुले में शौच तथा पेशाब न करें स्वच्छता में सहयोग करें।
04. सिंगल यूज प्लास्टिक/प्लास्टिक युक्त सामग्री का प्रयोग न करें और न ही दूसरों को करने दे, पॉलीथिन पर्यावरण के लिये हानिकारक है, पालीथिन का प्रयोग/विक्रय करते हुये पाये जाने पर मु0-50,000.00 तक जुमार्ना का प्राविधान है।
05. अपने जानवरों को खुला न छोड़े, तथा सड़कों व सार्वजनिक स्थान पर न बांधे।
06. चाय की बिक्री में कांच के ग्लास व कुल्हड़ का प्रयोग करें, प्लास्टिक के ग्लास का प्रयोग न करें।
07. मार्गों एवं गलियों में किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें।
08. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिनों के अन्दर कराकर निःशुल्क प्रमाण पत्र प्राप्त करें।
09. बकाया करों के सरचार्ज में छूट का लाभ उठाये जाने हेतु करों की अदायगी करें।
10. जल का दुरूपयोग रोके जाने हेतु नलों की टंकी खुली व छोड़े।
11. डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के अन्तर्गत कर्मचारी आपके घरों तक पहुंच रहे हैं, कृपया अपना कूड़ा अलग-अलग कर उन्हें दें, सड़क या नाली में न फेंके।

उपलब्धियां: -

01. वन्दन योजना के अन्तर्गत लालबाग शहीद पार्क का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। 02. वन उपवन योजना अन्तर्गत बिजवार खुर्द में पार्क का निर्माण कराया जा रहा है। 03. सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अन्तर्गत विभिन्न वार्डों में आर0सी0सी0 कवर्ड नाला निर्माण का कार्य। 04. पंडित दीन दयाल योजना अन्तर्गत विभिन्न वार्डों में आवागमन हेतु सड़क/नाली निर्माण कार्य। 05. झील-पोखर योजना अन्तर्गत लक्ष्मनपुर तालाब, कुडवा तालाब का सौंदर्यीकरण का कार्य। 06. अमृत 2.0 के अन्तर्गत बिजवार खुर्द में अमृत सरोवर का सौंदर्यीकरण का कार्य। 07. शहर के लालबाग चैराहा एवं अहिल्या बाई चैका का सौंदर्यीकरण का कार्य। 08. बेटी पढ़ाओ-बेची बचाओ के अन्तर्गत गांधी पार्क के पास एवं बहुगुणा चैराहे के पास सेल्फी प्वाइंट का कार्य। 09. स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सार्वजनिक शौचालय एवं सामुदायिक शौचालय, पिंक टायलेट, एम0आर0एफ0 सेन्टर का निर्माण का कार्य। 10. मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 के निदेर्शानुसार सरायन नदी का पुनरोद्धार एवं साफ-सफाई का कार्य एवं एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण महाअभियान का कार्य। 11. मछली मण्डी में अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य। 12. जल ही जीवन योजना के अन्तर्गत हर घर जल कनेक्शन का कार्य। 13. रोड पटरी पर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। 14. प्रकाश व्यवस्था हेतु पूरे नगर के समस्त पोलों पर तिरंगा रोप लगायी गयी है तथा पूरे नगर में लाइटें लगायी गयी हैं, तथा पूरे नगर में सभी खम्भों पर लाइटों की मरम्मत भी करा दी गयी है। 15. पालिका द्वारा पेयजल व्यवस्था हेतु वाटर कूलर, हैण्डपम्प रिबोरिंग आदि का कार्य कराया गया तथा नये मिनी नलकूप/बड़े नलकूप अधिष्ठापन का कार्य कराया गया।

(वैभव त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी श्रेणी-1
नगर पालिका परिषद सीतापुर

(नेहा अवस्थी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद सीतापुर

समस्त सभासदगण एवं समस्त कर्मचारीगण नगर पालिका परिषद सीतापुर

पत्रांकः- 736/सा.प्र./अ.अ./न.पा.प.सी./2025-26, दिनांकः- 12 अगस्त, 2025